सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
29.09.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 79

12 श्रीश्री महावीर मंदिर दुर्गा पूजा समिति धुर्वा में बन रहा भव्य पंडाल

# चाईबासा में धमाका कोबरा जवान शहीद

## इंस्पेक्टर समेत तीन जख्मी, एयरलिप्ट कर रांची लाये गये

- टोंट थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने किया तीन आइइडी ब्लास्ट
- अगस्त में भी इसी थाना क्षेत्र में दो जवान शहीद हो गये थे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/चाईबासा।** चाईबासा में नक्सलियों ने एक बार फिर सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाया है। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को कोल्हान वन क्षेत्र के टोंटो थानांतर्गत तुम्बाहाका के पास तीन आइइडी ब्लास्ट हुआ। धमाके की चपेट में आने से कोबरा 209 बटालियन के इंस्पेक्टर भूपेंद्र कुमार और राजेश कुमार समेत चार जवान जख्मी हो गये। प्राथमिक इलाज के बाद घायलों को बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रांची भेजा गया। रांची में इलाज के दौरान अधिक खून बहने से कोबरा के जवान राजेश कुमार शहीद हो गये। पश्चिमी सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर ने इसकी पुष्टि की। राजेश कुमार छत्तीसगढ़ के गैरेली के रहने वाले थे। (शेष पेज 11 पर)



### मिसिर बेसरा दस्ते की मिली थी सूचना

पुलिस के मुताबिक गुप्त सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, रमेश उर्फ अनल, अजय महतो, अनमोल मोछु, चमन कांडे, सागेन अंगरिया और अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान में विध्वंसक गतिविधि के लिए मूव कर रहा है। इसी सूचना पर संयुक्त ऑपरेशन टीम बनाकर अभियान चलाया जा रहा था। नक्सलियों के खिलाफ अभियान में चाईबासा पुलिस झारखंड जगुआर और कोबरा 209 बटालियन के जवान शामिल थे। टीम में सीआरपीएफ के अलावा बम निरोधक दस्ता भी शामिल था।

### सीएम ने जताया शोक

सीएम हेमंत सोरेन ने सर्च अभियान के दौरान घायल कोबरा बटालियन के जवान राजेश कुमार के शहीद होने पर दु:ख जताया है। उन्होंने कहा है कि परमात्मा दिवंगत शहीद जवान की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें।

### एक की हालत गंभीर

घायल जवानों में से एक की हालत गंभीर है। रांची के मेडिका अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। आइजी ऑपरेशन अमोल वी होमकर अस्पताल जा कर चिकित्सकों से घायल जवानों का हाल जाना। डॉक्टर गौतम और डॉक्टर रोहित के निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। जवान के हाथ में गोली लगी है, जिससे स्थिति गंभीर है। उन्हें आईसीयू में रखा गया है। उन्होंने बताया कि अगले दो दिन तक घायल जवान को निगरानी में रखा जायेगा।

# विषाक्त भोजन से 128 बच्चे बीमार

## पाकुड़ में एक स्कूल के हॉस्टल के खाने में मिली मरी छिपकली

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाकुड़।** पाकुडिया प्रखंड के एक स्कूल में विषाक्त भोजन खाने से 128 बच्चे बीमार हो गये। बीमार बच्चों को पाकुडिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट में भर्ती कराया गया है। यह घटना पाकुडिया के सिदो-कान्हू मुर्मू मेमोरियल इंग्लिश स्कूल में हुई। स्कूल के हॉस्टल में बच्चों को बुधवार रात खाना दिया गया था। तभी एक बच्चे को परोसी गयी सब्जी में मरी हुई छिपकली दिखी। इसे देखकर खाना खा रहे दूसरे बच्चे उल्टी करने लगे। इसके बाद धीरे-धीरे बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में स्कूल मैनेजमेंट ने 42 बच्चों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया में जबकि 86 बच्चों को बंगाल के रामपुरहाट के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### बच्चों की स्थिति खतरे से बाहर

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी एसके झा ने गुरुवार को बताया कि इलाजरत सभी बच्चों की स्थिति बेहतर है। खतरे की कोई बात नहीं है। अधिकांश बच्चों को उल्टी की शिकायत थी। उन्हें जरूरी दवाएं दी गयी हैं। कई बच्चों ने खाना नहीं खाया था और वे भी दूसरे बच्चों को उल्टी करता देख उल्टी करने लगे थे। इतने बच्चे एक साथ बीमार पड़ने की मिली सूचना पर सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ एस के झा, मुख्यालय डीएसपी वैधनाथ प्रसाद, पाकुड़िया थाने की पुलिस, प्रखंड के बीडीओ, सीओ सहित कई अन्य अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और बच्चों का हालचाल जानने के बाद विद्यालय प्रबंधन से पूछताछ की। मेडिकल टीम तैनात की गयी थी। स्कूल मैनेजमेंट को भोजन पकाने में सावधानी बरतने तथा उसे परोसने से पहले जांच करने के लिए कहा गया है। सभी बच्चे जल्द ही ठीक हो जायेंगे। पूरी मीडिकल टीम तैनात की गयी है। पदाधिकारियों ने विद्यालय प्रबंधन से भोजन पकाने एवं उसे ढक कर रखने तथा भोजन देने से पहले उसकी जांच करने का निर्देश दिया।

## न्यूज डायरी

### झामुमो नेता फलिंद्र मुंडा को मारी गोली, बाल-बाल बचे

**रांची।** कांके प्रखंड झामुमो कमेटी के उपाध्यक्ष व उरुगुट्टू पंचायत के पूर्व मुखिया फलिंद्र मुंडा को गुरुवार की सुबह अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी। हालांकि इस वारदात में वह बाल-बाल बच गये। ठाकुरगांव थाना प्रभारी ने घटनास्थल पहुंचकर पीड़ित फलिंद्र मुंडा से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने घटनास्थल से एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से भी पूछताछ की। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। इधर, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर ने कहा कि प्रशासन जल्द घटना में शामिल अपराधियों का खुलासा करे,अन्यथा पार्टी उग्र आंदोलन को विवश होगी।

### सीएम ने ईद ए मिलाद उन नबी की दी मुबारकबाद

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने प्रदेशवासियों को ईद-मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी है। पैगम्बर साहब के जन्मदिवस ईद-मिलादुन्नबी के पवित्र मौके पर उन्होंने देश-दुनिया में अमन-चैन और लोगों की खुशहाली की कामना की है। उन्होंने कहा कि पैगम्बर मोहम्मद साहब का सद्भाव, इंसानियत और भाईचारे का पैगाम पूरे समाज को हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। आप सभी स्वस्थ रहें, सुखी रहें, खुशहाल रहें, यही दुआ करता हूं।

### स्कूल बस में हाईवा ने मारी टक्कर, कई घायल

**बोकारो।** हिरक मुख्य मार्ग के भंडारीदह व चंद्रपुरा के बीच गुरुवार स्कूल बस और हाईवा के बीच टक्कर में कई बच्चे जख्मी हो गये। स्कूल बस में बीआरएल डीएवी बोकारो के बच्चे बैठे थे, जो छुट्टी के बाद घर लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार हाइवा सीसीएल के खासमहल प्रोजेक्ट से हाईवा दुग्दा रेलवे साइडिंग में कोयला अनलोड कर वापस लौट रही थी। इसी क्रम में दूसरे ट्रक से पास लेने के दौरान सामने से आ रही स्कूल बस को हाईवा ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने बच्चों को बस से सुरक्षित बाहर निकाला। हाईवा चालक घटनास्थल से फरार हो गया।

### सड़क हादसे में गोस्सनर कालेज के छात्र की मौत

**नामकुम।** प्लांडू गैमन इंडिया के समीप अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी सवार रवि हेमरोम की मौके पर मौत हो गयी। रवि गोस्सनर कॉलेज का छात्र था एवं रामपुर रिंगरोड स्थित फ्लिपकार्ट के वेयर हाउस में कार्यरत था। रामपुर जाने के क्रम में प्लांडू में सामने से आ रहे वाहन ने टक्कर मार दीष दाल-भात योजना संचालित करने वाली रवि की मां सुखमणि हेमरोम ने बताया कि तीन बजे रवि दाल भात केंद्र आया एवं पेट्रोल लेने के लिए पैसे लेकर गया था। तीन भाइयों में रवि छोटा था। बड़ा भाई भरत हेमरोम मर्चेंट नेवी, मंझला भाई शरद सेना में कार्यरत है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 54,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 70,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




### कमलेश मामले में स्पीकर ने दोनों पक्षों को भेजा नोटिस

**रांची।** स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने गुरूवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के एकमात्र विधायक कमलेश सिंह के अलावा दूसरे पक्ष को भी नोटिस जारी किया है। इसी के साथ विधायक कमलेश सिंह के खिलाफ दल-बदल का मामला शुरू हो गया है। स्पीकर रबींद्रनाथ महतो के न्यायाधिकरण में 12 अक्तूबर को इस मामले में पहली सुनवाई होगी। स्पीकर के न्यायाधिकरण की ओर से याचिकाकर्ता और प्रतिवादी को इसकी सूचना भेज दी गयी है। एनसीपी विधायक को न्यायाधिकरण की ओर से कहा गया है कि वह पहली सुनवाई में उपस्थित होकर मौखिक या लिखित रूप में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जवाब दें। स्पीकर संविधान की 10वीं अनुसूची के आधार पर दलबदल के मामले की सुनवाई करेंगे। गौरतलब है कि एनसीपी में टूट-फूट के बाद शरद पवार गुट के विधायक जितेंद्र ने विधायक कमलेश सिंह के खिलाफ दलबदल का मामला चलाने का आवेदन स्पीकर को दिया था।

# कई जिलों में भारी बारिश के आसार

## 30 और 01 को ले मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची समेत सूबे के कई जिलों में गुरुवार को झमाझम बारिश हुई। रांची में दिन के एक बजे के बाद से ही बादल गरजने लगे। तेज हवाएं चलीं और इसके बाद बारिश शुरू हो गयी। दिन में ही ऐसा लग रहा था मानो शाम हो गयी हो। वहीं, मौसम विभाग ने स्पेशल बुलेटिन जारी करके झारखंड के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने जो चेतावनी जारी की है, उसमें कहा है कि 30 सितंबर और एक अक्टूबर को भारी बारिश होगी। 30 सितंबर को राज्य के दक्षिणी तथा उससे सटे मध्य भागों में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है। वहीं, एक अक्टूबर को उत्तर-पूर्वी, उससे सटे हुए उत्तरी तथा दक्षिण-पश्चिम झारखंड में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने का अनुमान है। 30 सितंबर को कम से कम 10 जिलों में भारी बारिश होगी, जबकि एक अक्टूबर को 15 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट आईएमडी की संस्था मौसम केंद्र रांची ने जारी की है। (शेष पेज 11 पर)

### राज्य के किन जिलों में होगी भारी बारिश

झारखंड के जिन 10 जिलों में 30 सितंबर को भारी बारिश का अलर्ट मौसम विभाग की ओर से जारी किया गया है, उसमें रांची भी शामिल है। रांची के अलावा खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, रामगढ़, बोकारो, सिंहभूम, और सरायकेला-खरसावां जिले शामिल हैं। एक अक्टूबर को जिन जिलों में भारी बारिश हो सकती है, उसमें राजधानी का नाम नहीं है। लेकिन, उन 10 जिलों में कई जिले हैं, जहां 30 सितंबर को भारी वर्षा होने की बात मौसम केंद्र रांची की ओर से कही गई है।

### हमले में बाल-बाल बचे एनोस एक्का, जांच में जुटी पुलिस




**सिमडेगा।** गुरुवार को हॉकी मैच में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व मंत्री एनोस एक्का पर हमले का प्रयास किया गया। उनके अंगरक्षकों ने उन्हें वहां से सुरक्षित निकाल लिया। एनोस एक्का ने वहां से निकल कर एसपी को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। घटना में दोषी लोगों को गिरफ्तार करने की मांग की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को एनोस एक्का संबोधित कर रहे थे, उसी दौरान कुछ लोग समूह बनाकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और आयोजन समिति के साथ मारपीट करते हुए मंच की तरफ एनोस एक्का की ओर गाली-गलौज करते हुए बढ़ रहे थे।

पाकरटांड़ थाना के कोबांग बेड़ा टोली में हॉकी मैच के मुख्य अतिथि के रूप में एनोस एक्का आमंत्रित थे। लोगों ने आयोजन समिति के लोगों से मारपीट की और क्षति भी पहुंचायी। एनोस एक्का ने कहा कि उन पर हमले का प्रयास किया गया।

# शहरी कचरे से बनेंगी सड़कें : गडकरी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नगरों और महानगरों के कूड़े-कचरे को सड़क निर्माण में इस्तेमाल करने की जरूत पर बल देते हुए गुरुवार को कहा कि देश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है और इसमें शहरी कचरे का इस्तेमाल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कचरा शहरी क्षेत्रों की बड़ी समस्या है और इसका प्रौद्योगिकी और दूरदर्शी तरीके से समाधान खोजने की जरूरत है। उनका कहना था कि यह कचरा बड़ा संकट जरूर है लेकिन इसी कचरे से आय सृजित करना भी संभव है। गुरुवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने का काम तेजी से चल रहा है। इस क्रम में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा मनाने के लिए 13000 स्थानों पर कार्यक्रम चलाये जायेंगे। राष्ट्रीय राजमार्गों, सड़क के किनारे सुविधाओं वाली जगह, ढाबों तथा टोल प्लाजा पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाने की योजना है। (शेष पेज 11 पर)

### कचरा गंभीर चुनौती

श्री गडकरी ने कहा कि वर्ष 2070 तक देश को कार्बन तटस्थ बनाने का सपना है और उनके इस दृष्टिकोण को हासिल करने के लिए सड़क निर्माण क्षेत्र में हरित गतिविधियों की पहल की जायेगी। दैनिक आधार पर उत्पन्न होने वाले ठोस कचरे का निपटान देशभर के शहरी क्षेत्रों की प्रमुख पर्यावरणीय चुनौती है। इसमें लगभग 10000 हेक्टेयर भूमि डंप साइट के लिए इस्तेमाल की जा रही है। उनका मंत्रालय राजमार्ग निर्माण में शहरी ठोस कचरे का उपयोग करने की दिशा में इस सनस्य का समाधान निकालने

### कुली के बाद अब बढ़ई वाला अंदाज में दिखे राहुल गांधी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी एक बार फिर चर्चा में है। इस बार राहुल गांधी का बढ़ई वाला अंदाज नजर आया है। कुछ दिनों पहले राहुल गांधी कुली बनकर लोगों का सामान ढोते नजर आए थे। अब वो दिल्ली में स्थित फर्नीचर की दुकान में नजर आये हैं। यहां उन्होंने हथौड़े पर हाथ भी आजमाया है। राहुल गांधी दिल्ली के कीर्तिनगर स्थित एशिया के सबसे बड़े फर्नीचर मार्केट में गये थे। उन्होंने एक्स पर लिखा, दिल्ली के कीर्तिनगर स्थित एशिया के सबसे बड़े फर्नीचर मार्केट में जाकर आज बढ़ई भाइयों से मुलाकात की।

# 52,000 करोड़ की छह बुनियादी परियोजनाओं को मंजूरी की सिफारिश

### पीएम गति शक्ति



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम गति शक्ति पहल के तहत 52,000 करोड़ रुपये की सड़क और रेलवे की छह बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं को मंजूरी देने की सिफारिश की गयी है। एक आधिकारिक बयान में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गयी। बयान के अनुसार, इससे पीएम गति शक्ति को शुरू करने के बाद से नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) द्वारा मूल्यांकन की गई परियोजनाओं की कुल संख्या 112 हो गयी है, जिनकी कुल लागत करीब 11.53 लाख करोड़ रुपये है। इन छह परियोजनाओं का मूल्यांकन 27 सितंबर को 56वीं एनपीजी की बैठक में किया गया। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा, पीएम गति शक्ति के तहत समूह की बैठक में छह परियोजना प्रस्तावों का मूल्यांकन किया गया, जिसमें सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की चार परियोजनाएं और रेल मंत्रालय की दो परियोजनाएं शामिल हैं, जिनकी कुल परियोजना लागत करीब 52,000 करोड़ रुपये है। अंतर-मंत्रालयी एनपीजी हर पखवाड़े बैठक करता है। इस दौरान वह क्रियान्वयन संबंधी प्रयासों तथा परियोजना स्थल के आसपास व्यापक विकास सुनिश्चित करने के लिए बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का मूल्यांकन करता है।

## एशियन गेम्स में रजत जीत कर भी जश्न नहीं मनाया रोशिबिना ने

# मणिपुर हिंसा से चिंतित, हालात सुधारने का आग्रह

एजेंसी

**हांगझोउ।** एशियाई खेलों की वुशु स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली नाओरेम रोशिबिना देवी के लिए जलते हुए मणिपुर के बारे में नहीं सोचना मुश्किल था जो पिछले कुछ समय से स्थानीय जातियों मैतेई और कुकी के बीच जातीय हिंसा से जल रहा है। रोशिबिना के लिए मुश्किल था कि वह डर अपने मन पर हावी नहीं होने दें और एशियाई खेलों में पदक जीतने के अपने काम पर ध्यान लगायें। उन्होंने कम लोकप्रिय खेल वुशु में पदक जीतने का लक्ष्य हासिल कर लिया लेकिन अपनी माता-पिता की सुरक्षा को लेकर हमेशा चिंतित रहीं। बाइस साल की



रोशिबिना ने गुरुवार के रजत पदक जीतने के बाद कहा, किसी भी समय कुछ भी हो सकता है। चीन में मणिपुर की इस खिलाड़ी ने अपनी उपलब्धि का जश्न भी नहीं मनाया। इंडोनेशिया में 2018 एशियाई खेलों में उन्होंने कांस्य पदक जीता था। (शेष पेज 11 पर)

### मेरा गांव हिंसा से सर्वाधिक प्रभावित

उन्होंने कहा, मैं भारत के लिए खेलती हूं और मैं मणिपुर में हालात सामान्य करने में मदद का आग्रह करती हूं। रोशिबिना का गांव बिष्णुपुर के जिला मुख्यालय से लगभग चार किमी दूर है जो चूरचंदपुर से लगभग 35 किमी दूर है। बिष्णुपुर और चूरचंदपुर मणिपुर में हिस्सा से सबसे अधिक प्रभावित जिलों में शामिल हैं। चूड़ाचांदपुर कुकी बहुल क्षेत्र है। दोनों समुदायों के बीच संघर्ष में कई लोग मारे गये हैं और कई घायल हुए हैं। प्रत्येक परिवार को अपने गांवों की सुरक्षा के लिए एक सक्षम पुरुष और महिला को भेजना होता है और रोशिबिना के माता-पिता भी इसके अपवाद नहीं हैं।

### मां-बाप ने सिर्फ खेल पर ध्यान देने को कहा

रोशिबिना के छोटे भाई नाओरेम प्रियोजीत सिंह ने मणिपुर से कहा, मेरी मां मीरा पैबिस (महिला मशाल वाहक) के हिस्से के रूप में आत्म सुरक्षा गतिविधियों में भाग लेती हैं और मेरे पिता भी हमारे गांव में गश्त और सड़कों और गलियों की देखभाल में भाग लेते हैं। उन्होंने कहा, हम उसे मणिपुर में तनावपूर्ण स्थिति के बारे में ज्यादा नहीं बताते क्योंकि इससे उसके खेल पर असर पड़ेगा। उसने पिछले हफ्ते फोन किया था लेकिन मेरे माता-पिता ने उसे केवल अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा था।

# निशानेबाजी में भारत ने चौथा गोल्ड जीता

## एशियाई खेल : 6 स्वर्ण समेत 25 पदक जीते

एजेंसी

**हांगझोउ।** सरबजोत सिंह, अर्जुन सिंह चीमा और शिव नरवाल की पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने गुरुवार को यहां एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता। निशानेबाजी में भारत का यह चौथा स्वर्ण पदक है। वहीं वुशु खिलाड़ी नाओरेम रोशिबिना देवी ने रजत और घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने कांसा जीतकर भारत को व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में पहला पदक दिलाया।



एशियन गेम्स 2023 में भारत ने अब तक छह स्वर्ण, आठ रजत और 11 कांस्य सहित कुल 25 पदक जीते हैं। गुरुवार को पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने बेहद करीबी मुकाबले में चीन की टीम को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया।

### भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने सत्ताधारी दलों पर बोला हमला

# झारखंड में विस्थापन-पलायन कांग्रेस की देन : शिवशंकर उरांव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिस कांग्रेस के साथ राज्य की सत्ता पर काबिज हैं, उसी कांग्रेस ने आदिवासियों को दर-दर भटकने को मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद बड़े पैमाने पर आदिवासियों की जमीन छीनकर सरकारी दफ्तर, फैक्ट्री आदि का निर्माण हुआ। लेकिन आदिवासियों के पुनर्वास की चिंता नहीं की गई। उन्होंने कहा कि उसी का दुष्परिणाम है कि आदिवासियों की आबादी घटती चली गई। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त राज्य में धर्मांतरण के कारण भी आदिवासी समाज अपनी पहचान और परंपरा से कटता चला गया। उन्होंने कहा कि राज्य के हजारों जनजाति परिवार दूसरे प्रदेश में रोजी रोटी केलिये पलायन कर गये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जिस कांग्रेस से मिलकर सरकार चला रहे हैं, उसी से आदिवासियों की आबादी घटने पर सवाल पूछना चाहिये। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने आदिवासियों को जमीन छीनकर कभी उजाड़ने की कोशिश नही की।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में गरीब आदिवासियों की जमीन हड़पी जा रही है। बिचौलिये, दलाल रोज जमीन बेंच रहे हैं। लेकिन, राज्य सरकार केवल देख रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नजरों में केवल उनका परिवार ही राज्य में अकेला आदिवासी है। इसलिये वे केवल अपने परिवार की ही चिंता करते हैं।

# मिलाद-उन-नबी पर राज्यपाल ने दी मुस्लिम भाइयों-बहनों को मुबारकबाद



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को मिलाद-उन-नबी के पावन अवसर पर सभी मुस्लिम भाइयों और बहनों को मुबारकबाद दिया है। उन्होंने कहा कि आज पैगम्बर मुहम्मद (स.) के जन्मदिन पर हम सब सद्भाव और भाईचारे के साथ आगे बढ़कर मानवता के कल्याण के लिए कार्य करने का संकल्प लें।

# राज्य के छात्रों को नहीं मिल रहा गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ

## उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग ने तय किया है 30 करोड़ का बजट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** राज्य की हेमंत सोरेन सरकार की महात्वाकांक्षी योजना गुरुजी क्रेडिट कार्ड के क्रियान्वयन को लेकर 30 करोड़ का बजट रखा है। परंतु इस योजना का लाभ अब तक राज्य के एक भी विद्यार्थियों को नहीं मिला है। यूं कहें कि सीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट पर भी राज्य के अधिकारियों की टेढ़ी नजर है। यही कारण है कि देश के विभिन्न कॉलेजों में दाखिला खत्म होने के बाद भी राज्य के मेधावी और जरूरतमंद छात्रों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। बताते चलें कि इस योजना को धरातल पर उताने की योजना उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की थी। परंतु विभाग की निदेशक गरिमा सिंह पिछले डेढ़ महीने से मातृत्व अवकाश में हैं। नतीजा राज्य के मेधावी और जरूरतमंद बच्चे सीएम ड्रीम प्रोजेक्ट का लाभ लेने से वंचित रह गये।

**इंजीनियरिंग, मेडिकल, लॉ तथा अन्य कालेजों में नामांकन समाप्त**

देश भर के तमाम इंजीनियरिंग (सरकारी और निजी), मेडिकल, लॉ, मैनेजमेंट तथा अन्य में 2023-24 सत्र का दाखिला लगभग समाप्त हो गया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने दाखिले की अंतिम मियाद 30 सितंबर तक दे रखी है। अधिकतर कालेजों में नये सत्र की पढ़ाई भी शुरू हो चुकी है। झारखंड में भी कमोबेश यही स्थिति है। पर झारखंड के वैसे जरूरतमंद बच्चों को गुरूजी क्रेडिट कार्य के लागू नहीं होने की वजह से फायदा नहीं मिला। राज्य के 14 इंजीनियरिंग कालेज, सात मेडिकल कालेज, दो निजी मेडिकल कालेजों में भी दाखिला का अंतिम चरण चल रहा है। बैंकों से भी 90 फीसदी छात्र-छात्राओं को समय पर कर्ज नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि कर्ज लेने के नियम और अधिकतम सीमा भी काफी बोझिल है। सरकार ने गुरूजी क्रेडिट कार्ड में खुद को गारंट बनाने की घोषणा की थी। परंतु झारखंड में दाखिला लेनेवाले स्टूडेंट से लेकर दूसरे राज्यों के बेहतर कालेजों में दाखिला लेनेवाले छात्र इस स्कीम से अब तक वंचित हैं।

### क्या है मामला

राज्य विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा था कि झारखंड के सभी मेधावी छात्रों को सरकार उच्च शिक्षा के लिए पैसे की कमी नहीं होने नहीं दी जायेगी। परंतु लगातार दो वर्षों से गुरूजी क्रेडिट की महज घोषणा ही हो रही है। राज्य मंत्रिमंडल ने इस योजना को दो महीने पहले कैबिनेट से मंजूरी भी दे दी है। 2023-24 के लिए बजट में 30 करोड़ का प्रावधान भी किया गया है। लेकिन इसकी पात्रता, योग्यता और अन्य मापदंड अब तक तय नहीं किये गये हैं। सरकार की तरफ से एचडीएफसी बैंक लिमिटेड नामक बैंक का नाम भी तय कर लिया गया है। पर विभाग में निदेशक के नहीं रहने से बैंक के साथ समझौता नहीं हो पा रहा है। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के उप निदेशक अनमोल कुमार को भी इसकी जवाबदेही सौंपी गयी है। वाबजूद इसके छात्रों को कोई लाभ नहीं मिला।

### क्या है इस योजना में

गुरू जी क्रेडिट कार्ड राज्य के पूर्व सीएम और दिशोम गुरू शिबू सोरेन के नाम पर शुरू की गयी है। इसमें इंजीनियरिंग, मेडिकल, लॉ, मैनेजमेंट तथा अन्य उच्चतर शिक्षा के लिए 15 लाख रुपये अधिकतम कर्ज देने का प्रस्ताव है। इस योजना के तहत सभी वर्ग के लाभुकों को एक क्रेडिट कार्ड दिया जायेगा। यह कर्ज चार प्रतिशत के ब्याज दर पर दी जायेगी। कोर्स की मियाद समाप्त होने के एक वर्ष बाद ब्याज की राशि छात्र-छात्राओं से वसूली जायेगी।

# भ्रष्टाचार व अपराध मुक्त शासन के लिये गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकना जरूरी : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** चंदनकियारी विधानसभा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त शासन के लिये गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकना जरूरी है। मरांडी गुरूवार को चंदन क्यारी के सिनेमा हॉल मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गांव गरीब किसानों के प्रति समर्पित है। प्रधानमंत्री मोदी गरीब घर से आते हैं। इसलिये वे गरीबों की चिंता करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री बनते ही अपने कार्यकाल का पहला कार्य बहनों के लिये शौचालय का निर्माण करवाया। उन्होंने कहा कि मोदी गरीबों के लिए अनाज भेज रहे हैं। लेकिन, हेमंत सोरेन अनाजों की कालाबाजारी करवा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी ने महिलाओं के लिये लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण बिल लाकर बड़ा तोहफा दिया है। इस बिल के तहत 33 प्रतिशत महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा। इससे पहले रक्षा बंधन में बहनों को गैस पर सब्सिडी का बड़ा तोहफा दिया था। इस योजना के तहत 75 लाख नये बहनों को भी जोड़ा जाना है। जबकि कांग्रेस काल में पैरवी वालों को गैस कनेक्शन मिलता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विश्वकर्मा पूजा के दौरान कारीगरों के लिए विश्वकर्मा योजना लॉच किया। इसके तहत 13 हजार करोड़ के बजट का भी प्रावधान किया गया है। ट्रेनिंग के दौरान स्टाइफन भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में सड़कों का जाल बिछा है जबकि इंडीं गठबंधन पैसे और परिवार के लिये राजनीति करती है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने रोजगार नहीं तो भत्ता का वादा किया था। प्रत्येक वर्ष नियुक्ति का वादा किया। लेकिन 2023 बीतने वाला है, अब तक नियुक्ति वर्ष नहीं आया। हेमंत सोरेन को नियुक्ति करने की मंशा नहीं है। भाजपा की सरकार बनने पर खाली पड़े पद भरे जायेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। कोयला, बालू, पत्थर जमीन की लूट मची है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में कानून व्यवस्था इतनी लचर है कि पिछले पांच महीने में 23 व्यापारियों की हत्या हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आने पर मामले में सीबीआई जांच कराया जायेगा।

सरकारी पदाधिकारियों को मोबाइल रिचार्ज की तरह पद पर बने रहने के लिये हेमंत सरकार को रिचार्ज करना होता है। उन्होंने कहा कि ईडी के नोटिस से हेमंत भाग रहे हैं। हेमंत लुटेरे हैं इसलिए जेल जाने से डर रहे है। उन्होंने कहा कि चोरी किया है तो सजा मिलेगा ही।

# छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस को सत्ता से करेगी बाहर : संजय सेठ

### चुनावी जिम्मेदारी लेकर रायपुर रवाना हुये सांसद संजय सेठ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा सांसद संजय सेठ छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर रायपुर रवाना हो गये। श्री सेठ को भाजपा केंद्रीय समिति के द्वारा छत्तीसगढ़ में तीन विधानसभा क्षेत्र के चुनाव की जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें सूरजपुर जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र प्रतापपुर, भटगांव और प्रेमनगर की जिम्मेदारी दी गयी है। इन तीनों ही विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के द्वारा उम्मीदवार की भी घोषणा कर दी गई है। प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से शकुंतला सिंह पोतरे को उम्मीदवार बनाया गया है। जबकि भटगांव विधानसभा क्षेत्र से लक्ष्मी राजबाड़े को उम्मीदवार बनाया गया है। प्रेम नगर विधानसभा क्षेत्र से फूलन सिंह मरावी विधानसभा के चुनाव के प्रत्याशी हैं।

सांसद संजय सेठ ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए भाजपा केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया है। भाजपा कार्यकताओं के मेहनत से छत्तीसगढ़ में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी।

### बीआईटी मेसरा के कुलपति सीएम से मिले



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरूवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में बिरला प्रौद्योगिकी संस्थानद्ध मेसरा के कुलपति इंद्रनील मन्ना ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने आगामी 01 अक्टूबर 2023 को आयोजित बीआईटी मेसरा के 33वें दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने के लिये सादर आमंत्रित किया।

### सीएम से जेएसएससी के चेयरमैन ने की मुलाकात



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरूवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष नीरज सिन्हा ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### पीआरके नायडू मिले सीएम हेमंत से



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरूवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में झारखंड राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार के अध्यक्ष पीआरके नायडू ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने भक्ति का अमृत पुस्तक सप्रेम भेंट की।

# स्थापित रीति रिवाज को मानने वालों को ही जारी हो एसटी जाति प्रमाण पत्र : रघुवर दास



**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने सीएम हेमंत सोरेन को एसटी सर्टिफिकेट जारी किये जाने के मसले पर पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि सीएम खुद अनुसूचित जनजाति समाज से आते हैं। जनजातीय समाज ने बड़े भरोसे के साथ आपको मुख्यमंत्री के पद पर बैठाया था। लेकिन, अब वो छला महसूस कर रहे हैं। जनजातीय समाज आप से अपेक्षा करता है कि उसके साथ न्याय हो, लेकिन अफसोस है कि मुख्यमंत्री बनने के साथ सबसे अधिक विश्वासघात आपने जनजातीय समाज के साथ ही किया है। ये बात किसी से छिपी नहीं है कि जनजातीय समाज को आज झारखंड में किस खराब दौर से गुजर रहा है।

उन्होंने दावा किया कि झारखंड में जनजातीय समाज की परंपरा और पहचान, आपकी सरकार की वजह से संकट में है। पर्दे के पीछे से आपकी सरकार चलानेवाले चाहते हैं कि यहां का अनुसूचित जनजाति समाज मांदर की जगह गिटार पकड़ ले। ऐसे में सीएम से अनुरोध है कि सरना कोड के नाम पर आप जनजातीय समाज विशेष कर सरना समाज को गुमराह ना करें। अनुसूचित जनजाति समाज की सालों पुरानी मांग है कि स्थापित रीति रिवाज, पारंपरिक वेशभूषा और परंपराओं को माननेवालो को ही एसटी जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाये। 1997 में केरल राज्य बनाम चन्द्रमोहनन मामले में केरल हाईकोर्ट ने स्पष्ट फैसला सुनाया था कि अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र निर्गत करने का क्या-क्या आधार होना चाहिये। लेकिन राज्य सरकार इस अहम मुद्दे पर मौन है।

### धनबाद बाजार समिति के प्रभारी सेक्रेटरी के खिलाफ राज्य के व्यापारियों ने हल्ला बोला

# प्रभारी सेक्रेटरी के काले कारनामों की बाबूलाल मरांडी से शिकायत, कहा भ्रष्ट अधिकारी से बचायें

मार्केटिंग पर भी व्यापारियों ने लगाया प्रभारी सचिव को बचाने का आरोप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** धनबाद बाजार समिति के प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी राकेश कुमार सिंह के खिलाफ मार्केटिंग बोर्ड के स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं होने से राज्य के व्यापारी गोलबंद होने लगे हैं। यही कारण है कि राज्य के व्यापारियों ने पूर्व सीएम और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मिलकर भ्रष्ट्र प्रभारी सेक्रेटरी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। व्यापारियों ने पूर्व सीएम से कहा है कि धनबाद के प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी से राज्य के सभी ब्यापारी परेशान और त्रस्त हैं। वह न सिर्फ धनबाद बल्कि राज्य की अन्य कमेटियों के व्यापारियों पर भी दुकान खरीदने और बेचने का दबाव बनाते हैं। जबरन दुकान का को सरेंडर करा कर दूसरे व्यापारी के हाथों बेचते हैं। प्रभारी सचिव राकेश सिंह द्वारा बाजार समिति भंग होने के बाद भी दुकान, गोदाम और आईबी को पैसे लेकर बेचा जा रहा है। इससे करोड़ों रुपए की अवैध कमाई की है।

### पीआईएल की तैयारी

मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों और प्रभारी सेक्रेटरी की मिलीभगत से परेशान व्यापारियों ने हाईकोर्ट में इस मामले को लेकर पीआईएल दाखिल करने का निर्णय लिया है। व्यापारियों का कहना है कि बोर्ड के अधिकारी प्रभारी सचिव से लाभान्वित हो रहे हैं। यही कारण है कि वह प्रभारी सचवि के खिलाफ कार्रवाई करने के मूड में नहीं दिख रहे हैं। अब, होईकोर्ट से ही भ्रष्ट्र अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की उम्मीद है।

**मोटी रकम लेकर दुकान-गोदाम बेचने का आरोप** : जिला खाद्यान्न व्यवसाय संघ धनबाद के विनोद गुप्ता और विकास कन्हवे ने कहा कि धनबाद बाजार समिति के प्रभारी सेक्रेटरी ने नियम कानून को ताक पर रखकर बाजार समिति के दुकानों और गोदाम का आवंटन किया है। इसके लिए खुलेआम मोटी रकम व्यापारियों से ली गई है। व्यापारियों ने पूर्व सीएम से कहा कि गढ़वा बाजार समिति में भी राकेश सिंह को दुकान आवंटन के नाम पर एक सब्जी विक्रेता से 1,00,000 रुपये घूस लेते पकड़ा गया था। उसके बाद भी उन्हें धनबाद जैसे बड़े बाजार समिति का प्रभारी बना दिया गया। धनबाद बाजार समिति में ट्रकों से भी अबैध वसूली की जा रही है। ऐसे में अगर धनबाद बाजार समिति से भ्रष्ट और घूसखोर अधिकारी को नहीं हटाया गया तो हम व्यापारियों का जीना मुश्किल हो जाएगा। बोर्ड के अधिकारी भी धनबाद बाजार समिति के पनन सचिव के इशारे पर काम करते हैं। यही कारण है कि भष्ट्र और घूसखोर अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। वहीं, पूर्व सीएम ने व्यापारियों ने इस मामले में कार्रवाई का भरोसा दिया है। कहा है कि भ्रष्ट्र और घूसरखोर अधिकारियों के लिए झारखंड में कोई जगह नहीं है।

# दो दिवसीय सीनियर-जुनियर एवं सब जुनियर प्रतियोगिता आयोजित



**रांची।** झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के तत्वाधान में धुर्वा स्थित बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय के प्रांगण में दो दिवसीय सीनियर, जुनियर एवं सब जुनियर बालक-बालिका प्रतियोगिता संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का उदघाटन बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय के सचिव सजल बनर्जी एवं विशिष्ट अतिथि उदयन बसु ने संयुक्त रूप से हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। आंगन्तुको का स्वागत एवं मंच का संचालन संघ के महासचिव अजय झा ने किया। प्रतियोगिता का संचालन वरिष्ठ राष्ट्रीय खिलाड़ी विवेक कुमार ने किया।

प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि आशुतोष द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि विधालय सचिव सजल बनर्जी, मिथिलेश कुमार ने संयुक्त रूप से सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सभी पुरस्कार स्वगीर्य राम प्रवेश द्विवेदी के यादगार में आशुतोष द्विवेदी ने प्रायोजित किया। धन्यवाद ज्ञापन एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ भास्कर चंद ने किया।

इस अवसर पर विवेक कुमार, सुभाष गांगुली, संजय कुमार, कौशल कुमार, सौम्या सेजल वर्मा, प्रीति रानी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर कंचन दत्ता, राजेन्द्र कुमार, नीतेश साहु, मंगरू उरांव, सोमारी उरांव एवं अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## आज से मोरहाबादी में शुरू होगा आजसू का तीन दिवसीय महाधिवेशन, तैयारियां पूरी

# राज्य की दिशा तय करेगा नवनिर्माण का संकल्प समागम : सुदेश महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी के सातवें केंद्रीय महाधिवेशन का आयोजन रांची के मोरहाबादी मैदान में होगा। यह महाधिवेशन 29, 30 सितंबर और 01 अक्टूबर को होगा। महाधिवेशन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजन स्थल का नाम धरती आबा बिरसा मुंडा परिसर रखा गया है। जबकि सभी कार्यक्रम झारखंड आंदोलन के प्रणेता, लड़ो और पढ़ो का नारा देने वाले विनोद बिहारी महतो सभागार में होगा। उद्घाटन समारोह शुक्रवार की सुबह 10 बजे होगा और पहले दिन रात 11 बजे तक महाधिवेशन चलेगा।

पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गुरुवार का सभी तैयारियों की समीक्षा करते हुए महाधिवेशन की सफलता के लिए कार्यकताओं और पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी निभाने का निर्देश दिया।

केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश ने कहा कि आजसू का महाधिवेशन झारखंड नवनिर्माण का संकल्प समागम होगा। इसका उद्देश्य राज्य के निर्माण में योगदान देने वाले आंदोलनकारियों का सम्मान करना और अलग-अलग क्षेत्रों से आने वाले विशेषज्ञों के विचारों को एकत्रित कर उनकी रायशुमारी के आधार पर एक बेहतर झारखंड के लिए ब्लू प्रिंट भी तैयार करना है।

### 30 सितंबर को भी मैराथन मंथन

30 सितंबर को भी झारखण्ड की चुनौतियों एवं ज्वलंत मुद्दों पर परिचर्चा की जाएगी। इस परिचर्चा में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, शिक्षाविद एवं विशेषज्ञ शामिल होंगे। पार्टी की यह समझ है कि उनके विचारों को संग्रहित कर विभिन्न पटल पर रखा जा सके, जिससे झारखंड के नवनिर्माण की रूप रेखा तय हो। कार्यक्रम में विभिन्न आईआईटी, आईआईएम, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के प्रोफेसर के अलावा व्यवसायी वर्ग के लोग भी जुड़ेंगे। जाहिर है यह महाधिवेशन झारखंड के नवनिर्माण की दिशा में आने वाली चुनौतियों पर विमर्श और समाधान के लिए महवत्पूर्ण साबित होगा।

**महाधिवेशन का उद्घाटन सत्र**

महाधिवेशन के पहले दिन उद्घाटन सत्र में केंद्रीय अध्यक्ष का संबोधन होगा। साथ ही पार्टी के संविधान संशोधन का भी प्रस्ताव पेश किया जाएगा इसके साथ ही झारखंड आंदोलन, राज्य की चुनौतियां, सामाजिक न्याय, राजनीतिक भागीदारी जैसे अहम विषयों पर अलग-अलग क्षेत्र के विशेषज्ञ परिचर्चा में अपनी बात रखेंगे। महाधिवेशन के आखिरी दिन, 1 सितंबर को राजनीतिक प्रस्ताव पेश करने के साथ पार्टी के बाहर भाग्य कार्यक्रम तय किए जाएंगे साथी संगठन एक चुनाव और राजनीतिक संकल्प की घोषणा होगी।

### आज और कल इन विषयों पर होगी परिचर्चा ...

- झारखंड आंदोलन का औचित्य
- झारखंडी युवाओ की चुनौतिया, स्थानीयता एवं नियोजन नीति
- सामाजिक न्याय और राजनीतिक भागीदारी
- झारखंड की भाषा, संस्कृति
- भूमि, कृषि एवं सिंचाई, खनन और उद्योग, पर्यावरण और पर्यटन
- झारखंड में शिक्षा और स्वास्थ्य की स्थिति
- स्वशासन एवं महिला सशक्तिकरण

# शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह के विचारों को जन जन तक पहुंचायें: भाकपा



**रांच।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय में शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह के 116 वे जन्मदिन के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संकल्प सभा में मुख्य रूप से भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह उपस्थित थे। इस मौके पर भाकपा राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह एक व्यक्ति नहीं विचारधारा है। आज देश में लोकतंत्र एवं संविधान खतरे में है। केंद्र की मोदी सरकार संविधान को बदलने के लिए बेताब है। देश में महंगाई वेकारी बेरोजगारी चरम पर है। इसके बावजूद देश में सांप्रदायिक उन्माद को फैलाकर सत्ता पर काबिज देश के प्रधानमंत्री पुनः सत्ता में आना चाहते है। इसलिए देश की युवा संकल्प लें कि भगत सिंह के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं। अजय कुमार सिंह ने कहा कि देश के युवाओं को केंद्र की मोदी सरकार ने धोखा दिया है। सरकारों ने अभी तक शहीद ए आजम भगत सिंह को शहीद का दर्जा भी नही दिया गया है, जबकि पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान ने शहीद ए आजम को शहीद का दर्जा दे दिया है। शहीद ए आजम के विचार आज भी प्रासंगिक है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अनिरुद्ध कुमार, रोहन कुमार, अमित सिन्हा, हिमांशु, मनोज ठाकुर, श्यामल चक्रवर्ती, राहुल वर्मा, देवू सहित कई लोग मौजूद थे।

# ईद मिलाद उन नबी के मौके पर राजधानी में मनी जश्न, निकाला गया जुलूस


तस्वीरें समीर की






**रांची।** इस्लाम धर्मावलंबी पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन को रांची में धूमधाम से मनाया गया। राजधानी के अलग-अलग इलाकों से इस्लाम धर्मावलंबी जुलूस निकाले गये। जुलूस में लोगों का खासा उत्साह देखा गया। एदारा ए शरिया के नाजिम मौलाना कुतुबद्दीन रिजवी ने कहा कि जुलूस का संदेश अमन, शांति और आपस में भाईचारा फैलाना है।

**जुलूस को लेकर युवाओं और बुजुर्गों में उत्साह :** पुंदाग के इलाही नगर इलाके से ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष्य में इलाही नगर और पुंदाग इलाके के न्यू मिल्लत कमेटी, फातमा जामा मस्जिद, मस्जिद ए सैदेना से पैगबंर मोहम्मद के जन्मदिन पर निकाले गए जुलूस में बड़ी संख्या में युवा और बुजुर्ग शामिल रहे। पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन पर रांची के अलग अलग इलाकों से निकलने वाला जुलूस डोरंडा स्थित रिसालदार बाबा के मजार गया।

इसके लिए लोअर बाजार क्षेत्र, हिंदपीढ़ी क्षेत्र, हरमू क्षेत्र, कडरू, पुंदाग और डोरंडा हिनू इलाके से ईद उन मिलादुन्नबी के जुलूस का रूट तैयार किया गया था। इस्लाम धर्मावलंबी अल्लाह और उनके भेजे रसूल आखिरी पैगंबर हजरत मोहम्मद में अपनी मुकम्मल ईमान रखते हैं। मुसलमान कहलाने के लिए यह जरूरी है कि अल्लाह का आखिरी पैगंबर हजरत मुहम्मद को नबी माने और उस पर अपनी आस्था व्यक्त करें।

### सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था

पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन पर निकलने वाले जुलूस के मोहम्मदी के दौरान विधि व्यवस्था को बनाये रखने के लिए एक हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। वहीं रैपिड एक्शन फोर्स, आईआरबी के जवानों को भी ड्यूटी पर लगाया गया। जुलूस के साथ चल रहे लोगों के स्वागत के लिए रिसालदार बाबा दरगाह की ओर जाने वाले मार्ग पर जगह-जगह स्वयंसेवकों ने शिविर लगाया। जहां शर्बत, पानी की व्यवस्था की गयी थी।






## खानकाह मजहरिया मुनअमिया में मिलाद शरीफ का एहतेमाम

**रांची।** ईद मिलाद उन नबी के मौके पर डोरंडा फिरदौस नगर स्तिथ खानकाह मजहरिया मुनअमिया मे मिलाद शरीफ का एहतेमाम सज्जादा नशी हजरत सैय्यद शाह मौलाना अल्कमा शिबली कादरी साहब ने किया। मिलाद शरीफ की शुरूवात हुजूरे पाक पर कसरत से दरूदे पाक पढ़ कर की गई। उसके बाद मिलाद ए मुस्तफा का एहतेमाम किया गया। मौके पर सज्जादा नशी हजरत मौलाना सैय्यद शाह अल्कमा शिबली कादरी ने मिलाद शरीफ मे आए लोगो को हुजूरे पाक की दुनिया मे आमद और उनके बताए बातो को जैसे इंसान और इंसानीयत की कामयाबी के रास्ते लोगो को समझाया साथ ही लोगो के दिल मे सभी के साथ प्रेम और भाईचारगी कैसे बड़े इस पर रौशनी डाली। वही छोटे, बड़े अमीर ,गरीब अपना, पराया के भेद भाव को दूर कर सभी को गले लगाने और मोहब्बत बाटने की बाते बताई। अंत मे सलातो सलाम पढ़ राज्य मुल्क की कामयाबी आपसी भाईचारगी के दुवा के साथ मिलाद शरीफ का समापन हुआ। मौके पर मौलाना सैय्यद शाह अबू राफे तीबरानी, सैय्यद जैन कादरी,मो कमरू, मो सब्बीर, मो सेराज, मो साहब आदि ने शिरकत किया।




## ईद मिलादुन्नबी पर झारखंड प्रदेश कुरैश कॉन्फ्रेंस ने लगाया स्वागत शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पैगंबर मोहम्मद के जन्म दिवस के उपलक्ष में गुरुवार 28 सितंबर को झारखंड प्रदेश कुरैश कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष हाजी बेलाल कुरैशी द्वारा ईद मिलादुन्नबी का जुलूस का भव्य स्वागत किया गया। जुलूस में चल रहे लोगों को खजूर, पानी, चना, शर्बत, फल दिया गया। साथ ही जुलूस का नेतृत्व करने वालो को फूल माला, हरा पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। यह शिविर कांटा टोली यूनियन बैंक के पास लगाया गया। मौके पर हाजी बेलाल कुरैशी, एजाज अहमद कुरैशी, इरफान कुरैशी, नसीम कुरैशी, नासिर कुरैशी, कमरुद्दीन कुरैशी के अलावा झारखंड प्रदेश कुरैश कॉन्फ्रेंस के पूरी टीम शामिल थे।

**इसके अलावा इन क्षेत्रों से निकला जुलूस :** जिसमें मुख्यतः मस्जिदे औलिया , थड़पखना मस्जिद, हिंदपीढ़ी,इस्लामी मरकज , अकबरिया मस्जिद , गोसुलवरा मस्जिद , कांटाटोली कुरैशी मुहल्ला जामा मस्जिद, मस्जिदे नूरिया, गुदड़ी कुरैशी मुहल्ला मस्जिद, कांटा टोली मस्जिद असरा, गढ़ा टोली , मोरहाबादी, हरमू ,कांके, भीठा ,पहाड़ी टोला , पुनदाग ,इलाही नगर, डोरंडा आदि के मस्जिदें से जुड़े इमाम, मोआज्जीन, मौलाना शामिल हुए।

**इन बस्तियों से भी निकला जुलूस :** कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला जमीयतुल कुरैश पंचायत, मौलाना आजाद कालोनी, गढ़ा टोली, रमजान कालोनी, थडपखना, पत्थलकुदुआ, गुदरी, कांके,भिळा, बरियातू, हिंदपीढ़ी, पहाड़ी टोला, इस्लाम नगर, इलाहिबक्स कॉलोनी, कर्बला चौक, डोरंडा, पुनदाग , हटिया सहित रांची जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों से जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया।

इस मौके पर कुरैशी मुहल्ला जामा मस्जिद के इमाम ओ खतीब मंजूर हसन बरकाती, झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरेशी, मीडिया प्रभारी गुलाम जावेद, जमीयतुल कुरैश पंचायत के अध्यक्ष गुलाम गौस कुरैशी पप्पू , महासचिव परवेज कुरैशी , पूर्व अध्यक्ष फिरोज कुरैशी, ओवैस कुरैशी मुन्ना , मोआज्जीन शाहिद रजा ,फरहाद कुरैशी , सोनू कुरैशी,नौशाद कुरैशी, अफताब कुरैशी, बारीक, हाजी मिन्हाज, मुनाज, सद्दाम कुरैशी, राजू तजमुल, समीउल्ला ,युनूस कुरैशी, खालीद कुरैशी,जलाल, अरशद कुरैशी, सरफराज, बब्लू, ताजुद्दीन कुरैशी, अशब कुरैशी, दानिश, अफजल, हाजी सम्सू, जाफर, मुस्ताक सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी ने उपायुक्त एवं एसएसपी का आभार प्रकट किया

**रांची।** ईद मीलादुन्नबी के अवसर पर रांची के ग्रामीण सहित शहरी क्षेत्र के विभिन्न मुहल्लों से तमाम उलेमाओं सहित एदारा ए शरीया की सरपरस्ती व सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी के तत्वावधान में जुलूसे मोहम्मदी काफी हर्षोल्लास के साथ सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ जिसका नेतृत्व तमाम उलेमाओं ने की एवं पूरे जुलूस का संचालन एदारा ए शरीया के नाजिमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी के अध्यक्ष मौलाना डॉ ताजुद्दीन रिजवी, महासचिव अकीलुर्रहमान एवं प्रवक्ता मो. इसलाम ने संयुक्त रूप से किया। तमाम उलेमाओं ने जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन के विशेष रूप से उपायुक्त राहुल कुमार सिंहा, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिंहा के साथ साथ सिटी एसपी, एडीएम विधि व्यवस्था सहित तमाम थाना प्रभारियों के आपार सहयोग पर उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद महुआ माझी भी शामिल हुई एवं अपने सम्बोधन में पैगम्बर मोहम्मद( स) के बताए राह पर चलने की बात कही।

## सिटी एसपी की गाड़ी से सटी बाइक बॉडीगार्ड ने कर दी युवक की धुनाई



**रांची।** सिटी एसपी के नेतृत्व में पुलिस दल मेन रोड में विधि व्यवस्था का जायजा ले रहा था। इसी क्रम में एक बाइक सवार उनकी गाड़ी में पीछे से टकरा गया। जब तक युवक कुछ समझा पाता, सिटी एसपी के बाडीगार्ड नें उतर कर युवक की धुनाई कर दी। इसे ले कर लोगों में आक्रोश है। वे दोषी को दंडित करने की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने कहा कि दोषी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई होगी।



## पूर्व प्रधान आयकर आयुक्त के खिलाफ 10 को आरोप गठन

**रांची।** रिश्वत लेते पकड़े गये पूर्व प्रधान आयकर आयुक्त तापस कुमार दत्ता समेत चार के खिलाफ जल्द ही आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आरोप तय किया जायेगा। इसके लिये अदालत ने 10 अक्तूबर की तारीख निर्धारित की है। तापस दत्ता पर आय से 9 करोड़ 78 लाख 61 हजार 200 रुपये अवैध रूप से अर्जित करने का आरोप है। इसमें उनकी पत्नी एवं दो व्यवसायियों ने सहयोग किया था। सीबीआई की विशेष अदालत ने तापस दत्ता, उनकी पत्नी रूपर्णा दत्ता, व्यवसायी विश्वनाथ अग्रवाल एवं संतोष कुमार साह की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी खारिज कर दी है। अदालत ने विश्वनाथ अग्रवाल की अर्जी 23 कोए संतोष कुमार साह की अर्जी 24 एवं तापस दत्ता एवं रूपर्णा दत्ता की अर्जी 27 सितंबर को खारिज कर दी है। अदालत ने आरोपियों की डिस्चार्ज अर्जी खारिज करते हुये निर्देश दिया है कि आरोप गठन के लिये निर्धारित तारीख को व्यक्तिगत रूप से अदालत में मौजूद रहना है। अदालत ने आरोपियों को पुलिस पेपर की आपूर्ति कर चुकी है। सीबीआई ने 2017 में तापस दत्ता को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था।

## अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करने के लिए हम गंभीर : किशोर मंत्री

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इन्डस्ट्रीज के नये सत्र के पदाधिकारियों के गठन के बाद वर्तमान टीम द्वारा कार्य आरंभ कर दिया गया है। पिछले वर्ष के अधूरे पडे कार्यों को गति देने के लिए गुरुवार को चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने पदाधिकारियों व कार्यसमिति के सदस्यों साथ बैठक कर कार्यों में तीव्रता लाने के लिए सदस्यों को प्रेरित किया है। भवन नियमितीकरण योजना के मुद्दे पर गंभीरता दिखाते हुए उन्होंने बैठक के दौरान ही फोन पर वित मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव से भी वार्ता की और नियमितीकरण योजना को जल्द प्रभावी करने का आग्रह किया। बैठक के दौरान खासमहल भूमि को फ्रीहोल्ड करने, अटल वेंडर मार्केट की तर्ज पर राज्यभर में महिला मार्केट के निर्माण के साथ ही झारखण्ड चैंबर को राज्यस्तर पर मजबूती देने के प्रयास में सदस्यता अभियान को तेजी से गति देने की योजना पर भी वार्ता की गई। बैठक में चैंबर अध्यक्ष के अलावा उपाध्यक्ष राहुल साबू, आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गप्तानी, सह सचिव अमित शर्मा, शैलेष अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य विकास विजयवर्गीय, संजय अखौरी, सदस्य विवेक अग्रवाल, मनोज मिश्रा, विजयशंकर उपस्थित थे।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं ने किया जुलूस ए मोहम्मदी का स्वागत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर निकाले गए जुलूस ए मोहम्मदी का भव्य स्वागत किया। पूरे शहर से जुलूस निकलकर डोरंडा पहुंचती है, जहां हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आलोक दूबे के नेतृत्व में छप्पन सेट चौंक डोरंडा के निकट स्वागत शिविर लगाकर जुलूस ए मोहम्मदी में शामिल मुस्लिम भाइयों का अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। चना गुड़,गुलाब



जल व फूलों की बारिश कर अभिनंदन किया एवं गले लगाकर एक दूसरे को बधाई दी एवं गंगा जमुनी तहजीब की संस्कृति को अक्षुण्ण बनाये रखने का संदेश दिया। जुलूस ए मोहम्मदी का नेतृत्व कर रहे डॉ मौलाना ताजुद्दीन, मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, महासचिव अकील उर रहमान, आफताब आलम, गुड्डू खान,मो.निजाम का विशेष रुप से पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता ने ईद-मिलाद-उन-नबी की बधाई देते हुए कहा पैगम्बर मोहम्मद साहब का सद्भाव, इंसानियत और भाईचारे का पैगाम पूरे समाज को हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। उन्होंने कहा पैगम्बर साहेब ने दुनिया को दया,करुणा,सादगी और मानवता का संदेश दिया। श्री दूबे ने कहा हम एक दूसरे के आस्था का सम्मान करते हुए आपसी प्रेम,भाईचारगी, सद्भावना और शांति से हर त्योहार मनायेंगे। स्वागत करने वालों में वकील खान, दिलशाद अली,मो.जुगनू,मो.आसिफ खान,मैं अफरोज खान,हसनैन खान, आफताब आलम, मो.नदीम, जुनैद खान, अरसलान खान,आमिर खान, अलीजैद खान, मो.अजहर, मो.अकबर मुख्य रुप से उपस्थित थे। कांग्रेस नेता श्री दूबे रिसालदार बाबा मजार शरीफ पर भी शिरकत किया एवं दरगाह ट्रस्ट समिति के सदस्यों से मुलाकात की।इस मौके पर दरगाह ट्रस्ट के सचिव जावेद अख्तर ने पगड़ी एवं माला पहनाकर आलोक दूबे का स्वागत किया।

# पूंजीपतियों के लिए हो रहा बंदे भारत ट्रेन का परिचालन : इंडिया गठबंधन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को जहां केंद्र एक बेहतर उपलब्धि बता रही है। वहीं विपक्षी पार्टियां इसे पूंजीपतियों के लिए एक तोहफा बता रही हैं। विपक्षी पार्टियां वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के किराए को लेकर केंद्र पर सवाल उठा रही हैं और किराए को कम करने की मांग कर रही हैं। विपक्षी पार्टियों ने सवाल खड़ा किया है कि सुविधा में जरूर बढ़ोतरी की गई है, लेकिन इस सुविधा का लाभ सिर्फ वही लोग उठा सकते हैं जो पूंजीपति या पैसे वाले हैं।

### पैसेवाले लोगों की है सरकार : वाम दल

वहीं वाम दल के वरिष्ठ नेता भुनेश्वर केवट बताते हैं कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबके विकास की बात करती है लेकिन यह धरातल पर दिख नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि आम ट्रेनों की तुलना में वंदे भारत ट्रेन का किराया आठ गुना ज्यादा है, जो कही से भी न्यायोचित नहीं है। उन्होंने सरकार और रेल मंत्रालय से मांग की है कि वंदे भारत ट्रेन के भाड़े में जल्द से जल्द कमी की जाए ताकि आम लोग भी इस ट्रेन पर बैठकर सफर का आनंद ले सकें।

विपक्षी पार्टियों ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरूआत होने के बाद केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस ट्रेन का परिचालन सिर्फ पैसे वाले लोगों के लिए ही किया गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा की राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि झारखंड से दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन हो रहा है, एक रांची से पटना के लिए और दूसरा रांची से हावड़ा के लिए। लेकिन ट्रेन का अत्यधिक भाड़ा होने की वजह से आम लोग वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के सफर का आनंद नहीं उठा पा रहे हैं।

### केंद्र को नहीं है आम लोगों की चिंता

कांग्रेसवहीं कांग्रेस नेता डॉक्टर एम तौसीफ बताते हैं कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब से बनी है तब से ट्रेन के टिकट में लगातार बढ़ोतरी की जा रही है। लोगों को सुविधा देने के नाम पर लूटा जा रहा है। महंगाई चरम पर है, लेकिन केंद्र सरकार को आम लोगों की चिंता नहीं है।

### जरूरत पड़ी तो किया जाएगा विचार : भाजपा

विपक्षी पार्टियों के द्वारा उठाए जा रहे सवाल पर भारतीय जनता पार्टी के नेता संजीव विजयवर्गीय बताते हैं कि भाड़े का जो निर्धारण किया गया है, वह काफी सोच समझकर किया गया है। सरकार यदि जरूरत पड़ेगी तो आने वाले दिनों में भाड़े को लेकर भी विचार किया जाएगा।

## बिजली बोर्ड में कार्यरत हजारो मानव दिवस कर्मियों की अवधि विस्तार खत्म

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने रांची विजली वितरण के महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव से मुलाकात कर श्रमिक संघ से संबंधित मांगो को लेकर चर्चा की। उन्होंने रांची एरिया बोर्ड में कार्यरत हजारो मानव दिवस कर्मियों के अवधी विस्तार समाप्त होने की बात बताई और कहा की आज ये कर्मी अपनीं जान जोखिम में डालकर काम कर रहे है, अगर कोई घटना दुर्घटना होती है तो इसकी ज़िम्मेवारी कौन लेगा, यह विभाग को गंभीरता पूर्वक सोचना होगा। इसीलिए यथाशीघ्र विद्युत आपूर्ति क्षेत्र रांची को संवेदक का कार्य अवधि विस्तार दिया जाय। मुलकात के क्रम में महाप्रबंधक पीके श्रीवास्तव ने अवधि विस्तार मामले पर कहा की निविदा की प्रक्रिया शुरू



कर दी गई है वहीं दूसरी ओर अजय राय ने महाप्रबंधक को याद दिलाया कि गत वर्ष 2022 को काम के दौरान मजदूर मनोज साहू कि मौत हो गयी थी। आश्वासन के बावजूद उसके परिजनों उसकी जगह काम पर नहीं रखा गया। इसपर महाप्रबंधक ने एक्जीक्यूटिव एवं एसडीओ को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि कल तक परिवार के आश्रित गिरधारी साहू को उसके कार्य पर रखते हुए एरिया बोर्ड को सूचित करेंगे एवं परिवार को हर संभव सहयोग की भी बात कही। इस अवसर पर मृतक मनोज साहू एवं परिवार के लोग भी मौजूद थे।

## रिसलदार शाह बाबा कमेटी ने मजार में जुलूस ए मोहम्मदी का किया स्वागत

**रांची।** ईद मिलाद उन नबी के मौके पर गुरुवार को राजधानी रांची एवम ग्रामीण क्षेत्र से निकले जुलूस ए मोहम्मदी का समापन डोरंडा रिसलदार शाह बाबा के मजार पर पहुंच कर किया गया।डोरंडा रिसलदार शाह बाबा मजार कमिटी के सभी सदस्यों ने मजार शरीफ मे पहुंचे सभी जुलूस का पुरजोर स्वागत किया। कमिटी के जानिब से मजार मे जुलूस ए मोहम्मदी मे शामिल लोगो के लिए शिविर लगा कर लंगर,शरबत और पानी का इंतेजाम किया गया साथ ही मेहमानो को कमिटी के जानिब से पगड़ी पहनाकर इस्तकबाल किया गया। जुलूस ए मोहम्मदी के सफल आयोजन को लेकर रिसलदार बाबा दरगाह कमिटी के सदस्यों ने बाबा के मजार पर चादर पोशी किया। मौके पर राज्य एवं मुल्क की कामयाबी और आपसी सौहार्द के लिए भी दुआ की गई साथ ही आगामी 5 -9 अक्टूबर को होने वाले रिसलदार शाह बाबा का 5 रोजा उर्स के सफल आयोजन के लिए बैठक और दुवा की गई। मौके पर मजार कमिटी के अध्यक्ष अयूब गद्दी, सचिव जावेद अनवर,उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन,बेलाल अहमद,संयुक्त सचिव जुल्फेकार अली भुप्तो,मो सादिक,कोषाध्यक्ष जैनुल आबेदीन(राजा), वार्ड 44 के पूर्व पार्षद मो फिरोज आलम (मुन्ना), वार्ड 45 के पूर्व पार्षद नसीम गद्दी(पप्पू),कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिंहा दीपू,अनीस गद्दी, बबलू पंडित, संपा गद्दी, आसिफ नईम,सरफराज कुरैशी,साहीन, समीर हेजाजी, मो तस्लीम, मो अरशद,मोदस्सर, साहिद अय्युबी, ताजुल,अमान, एजाज गद्दी, नसीर गद्दी,आफताब, जुनैद गद्दी,पन्ना, इरफान गद्दी, कलीम गद्दी आदि ने जुलूस ए मोहम्मदी के सफल आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जनता मोदी सरकार से त्रस्त चाहती है बदलाव : सुबोधकांत

## पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा- हमें भी जनाकांक्षा के अनुरूप करना होगा काम

### रांची लोकसभा क्षेत्र स्तरीय बैठक में पंचायत कमिटियों की अद्यतन स्थिति की हुई समीक्षा



रांची लोकसभा क्षेत्र स्तरीय बैठक में शामिल सुबोधकांत सहाय।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए कांग्रेस भवन, रांची में गुरुवार को रांची लोकसभा क्षेत्र स्तरीय एक महत्वपूर्ण बैठक रांची लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी सुबोधकांत सहाय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन सशक्तिकरण अभियान की पूर्णता सहित इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ बेहतर समन्वय की रणनीति बनाई गई।

बैठक में रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले प्रखंडों में प्रखंड, मंडल एवं पंचायत कमिटियों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जो भी कमिटियों का निर्माण अब तक नहीं हो पाया है, उनका गठन यथाशीघ्र किया जाएगा। लोकसभा क्षेत्र प्रभारी सुबोधकांत सहाय ने बैठक में कहा कि जनता मोदी सरकार से त्रस्त है एवं बदलाव चाहती है। हमें भी जनाकांक्षा के अनुरूप काम करना होगा।

बैठक में लोकसभा समन्वयक अनादि ब्रश एवं सह-समन्वयक केशव महतो कमलेश के साथ खिजरी विधायक राजेश कच्छप,प्रदेश महासचिव अजयनाथ शाह देव, सुरेश बैठा, रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, सरायकेला खरसावां के कार्यकारी अध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय एवं राणा सिंह शामिल हुए।

## एटीएस ने मादक द्रव्यों के साथ तीन तस्करों को किया गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड आतंकवादी निरोधी दस्ता ने गुप्त सूचना के अधार पर एटीएस टीम ने थाना सनहा दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए गत बुधवार को खूंटी-मुरहू रोड स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास तीन संदिग्ध व्यक्तियों क्रमशः राम सिंह मुंडा, विरेन्द्र दांगी एवं राजकुमार साव को अफीम की खरीद बिक्रि करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से एटीएस की टीम ने लगभग पांच किलोग्राम अफीम तथा 32,500 रुपये नकद, तीन मोबाइल एवं दो मोटरसाईकिल को बरामद किया है। एटीएस टीम ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों का पूर्व का भी आपराधिक इतिहास रहा है। अभियुक्त विरेन्द्र दांगी पूर्व में भी मादक द्रव्यों की तस्करी को लेकर न्यायालय द्वारा सजायापता रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों का अन्तर्राज्यीय गिरोह से संबंध होने की पुष्टि हुई है। इनके पास से कई अन्तर्राज्यीय वित्तीय लेन-देन का भी मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में एटीएस थाना कांड संख्या 12/23 दिनांक 27-09-2023 के तहत मामला दर्ज कर अग्रतर अनुसंधान किया जा रहा है।

# डॉ सहाय के नेतृत्व में रिम्स के चिकित्सकों ने 7 घंटे ऑपरेशन कर सिर से निकाली गोली



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रिम्स ने कई बार अपने उन्नत चिकित्सा और चिकित्सकों के अनुभव को भी दर्शाया है। दरअसल, रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग में पंडरा निवासी 23 वर्षीय युवक मनीष कुमार के सिर में दो गोली लगी थी और रिम्स में उसका ऑपरेशन किया गया। न्यूरोसर्जरी विभाग के एचओडी डॉ सीबी सहाय के नेतृत्व में करीब 7 घंटे चले इस ऑपरेशन के बाद सिर में लगी गोली को बाहर निकाला गया।

**वेंटिलेटर पर किया जा रहा है इलाज :** डॉ सीबी सहाय ने कहा कि युवक एक पुलिसकर्मी का बेटा है और किसी व्यक्ति ने उसके सिर में दो गोली मार दी थी। वह रात भर हादसे वाली जगह पर ही पड़ा रहा। सुबह जाकर उसे अस्पताल में भर्ती किया गया। गोली सिर के पिछले हिस्से से घुसी और ब्रेन को क्षतिग्रस्त करते हुए सिर के सामने की हड्डी में जाकर टकराई। वहीं दूसरी गोली सिर के पीछे से बाएं कान और ब्रेन को क्षतिग्रस्त करते हुए उसकी बाईं आंख में जाकर फंस गई। आंख भी पूरी तरह से डैमेज हो गई है। दोनों गोली को बाहर तो निकाल दिया गया है, लेकिन युवक अभी भी वेंटिलेटर पर है।

**ऑपरेशन करने वाली टीम में ये रहे शामिल**

**डॉ सीबी सहाय** के नेतृत्व में न्यूरोसर्जरी के डॉ सौरभ बेसरा, डॉ दीपक, डॉ विकास, डॉ रवि, डॉ मयंक, नेत्र विभाग के डॉ दीपक लकड़ा, डॉ शहनाज, डॉ कुलदीप, डॉ धीरज, एनेस्थीसिया टीम के डॉ अर्चना, डॉ कार्तिक, डॉ प्रियदर्शनी, ओटी टेक्नीशियन और स्टाफ नर्स सुनील आनंद, प्रभात, मंटू, सरोज, मधु, दीपा,विनीता के सहयोग से सफल ऑपरेशन किया गया।

## बजरंग दल ने खूंटी, चतरा, पलामू और दुमका से शुरू की शौर्य जागरण यात्रा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल ने खूंटी में भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थल उलीहातु से,चतरा में शहीद जयमंगल पांडे फांसी तालाब के निकट मैदान से, पलामू में बंशीधर नगर मंदिर से और दुमका मैदान से शौर्य जागरण यात्रा रथ का शुभारंभ व भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम दरबार की पूजा अर्चना व महाआरती की गई।

इस मौके पर चतरा में विहिप प्रांत मंत्री वीरेंद्र साहू ने बताया कि 29 सितंबर को आरती के बाद शौर्य जागरण यात्रा के रूप में रथ आगे बढ़ेगी । यात्रा के दौरान अनेकों स्थान पर छोटे-छोटे 156 सभायें की जायेगी। मौके पर धर्मसभा कार्यक्रम के संयोजक चंद्रकांत रायपत ने कहा कि यह देशव्यापी शौर्य जागरण यात्रा के तहत झारखंड में भी यात्रा रथ निकाला जा रहा हैं। जो 8 अक्टूबर को रांची के श्री जगन्नाथ मैदान धुर्वा में धर्मसभा के रूप में संपन्न होगी।

यात्रा के सहसंयोजक मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा कि झारखंड में भी शौर्य जागरण यात्रा में धार्मिक आस्था केंद्रों के साथ-साथ प्रांत के उन क्रांतिवीरों को भी स्मरण किया जायेगा। जिन्होंने अपने समाज, देश, धर्म, संस्कृति की रक्षा के लिए अपनी प्राणों की आहुति दे दी। यात्रा प्रमुख रंगनाथ महतो ने बताया कि खूंटी के उलिहातु से निकलने वाला रथ खूंटी, चक्रधरपुर, चाईबासा, जगन्नाथपुर, घाटशिला, टेल्को, तमाड़, बुंडू, नामकुम होते हुये गंतव्य की ओर बढ़ेगा। इस यात्रा में विहिप प्रांत उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद, बिरेंद्र साहू,देवी सिंह, मिथिलेश्वर मिश्र, किशन झा, संजय चौबे, अमित पासवान, भुवनेश्वर साहू, इंदु राम, विजय पांडे, सतीश गुप्ता, सुधीर कुमार, अंकित पांडे, सुरेंद्र पासवान आदि शामिल हैं।

## सरला बिरला स्कूल की छात्रा का प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची की कक्षा-9 की छात्रा खुशी कुमारी ने ऑड्रे हाउस में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन निदेशालय, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने छात्रा को उसकी सफलता पर बधाई दी। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने इस शानदार उपलब्धि की सराहना की और दूसरे बच्चों को भी ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

# दो अक्टूबर को सहायक अध्यापक संघ अपनी मांगों को लेकर देगा मौन धरना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**बीआरपी, सीआरपी और एसएस संघ करेगा सत्याग्रह आंदोलन**

**रांची।** गांधी जतंयी के मौके पर मोरहाबादी स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष सोमवार, 2 अक्टूबर को प्रदेश के सहायक अध्यापक संघ अपनी मांगों को लेकर मौन धरना देंगे। वहीं, राज्य के बीआरपी, सीआरपी और एसएस संघ ने 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर मोरहाबादी में सत्याग्रह आंदोलन का निर्णय लिया है। इससे संबंधित विज्ञप्ति दोनों संगठनों ने जारी कर दिया है।

बीआरपी, सीआरपी और एसएस संघ के संघ के कृष्णा प्रसाद और रोहित कुमार ने विज्ञप्ति जारी कहा है कि उनके साथ होने वाले अन्याय के विरुद्ध मोराबादी मैदान के बापू वाटिका मे 11 बजे से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए सत्याग्रह सभा का आयोजन किया गया है। इस सभा के माध्यम से सरकार को कुम्भकर्णी नींद से जगाया जायेगा।

वहीं, झारखंड राज्य सहायक अध्यापक महासंघ की बैठक प्रदेश नेतृत्व के घोषणा के अनुसार राज्य के सभी जिलों में हुई। पलामू में जिला अध्यक्ष अर्जुन मेहता का नेतृत्व में, गढ़वा में जिला अध्यक्ष सूर्य देव तिवारी के नेतृत्व में, रांची में कार्तिक महतो के नेतृत्व में, दुमका में रविंद्र मिर्धा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में, खूंटी में जिला अध्यक्ष सुखदेव राम के नेतृत्व में बैठक हुई।

बिनोद तिवारी ने कहा कि इसी तरह अन्य जिलों में भी निर्णय लिया गया कि 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर रांची में जुटान होगा और गांधी प्रतिमा के समक्ष मौन धरना दिया जायेगा। मौन धरना में सभी सफेद पोशाक एवं मुंह पर सफेद पट्टी बांधकर रहेंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से अनुकंपा के शर्तों में सुधार, कल्याण कोर्स और ईपीएफ, सेवा मुक्त या मृत सहायक अध्यापकों को 5 लाख देने, सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 65 वर्ष करने और 5 हजार बचे सहायक अध्यापकों का आकलन परीक्षा जल्द लेने की मांग की जायेगी। इसके अलावा छतरपुर, नौडीहा बाजार गिरिडीह के सहायक अध्यापकों का मानदेय नियमित करने, पूर्वी सिंहभूम सहित अन्य जिलों का बायोमेट्रिक हाजिरी के बिना भी उपस्थिति पंजी के आधार पर मानदेय भुगतान करने और बायोमेट्रिक सिस्टम में छेड़छाड़ का आरोप लगाकर मानदेय रोकने की मांगें शामिल है।

## खबर एक नजर में

### कृषि वैज्ञानिक डॉ एमएस स्वामीनाथन के निधन पर राज्यपाल ने जताया शोक

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को कहा कि महान कृषि वैज्ञानिक डॉ एमएस स्वामीनाथन जी का निधन अत्यंत दु:खद है। देश के कृषि व खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान हेतु वे सदैव स्मरण किये जायेंगे। राज्यपाल ने कहा कि उनके परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर उन्हें इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### राज्यपाल ने शहीद भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को महान क्रांतिकारी, मां भारती के अमर सपूत भगत सिंह की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए उन्होंने त्याग, संघर्ष, और बलिदान की जो गाथा लिखी है, वह युग-युगांतर तक देश की सेवा की प्रेरणा देती रहेगी।

### आरडीसीआइएस सेल ने मेसर्स राम चरण से किया समझौता



**रांची।** आरडीसीआइएस सेल इस्पात संयंत्र पर्यावरण संरक्षण के लिए एक समर्पित संस्थान है। आरडीसीआइएस सेल स्वच्छ और सतत पर्यावरण की दिशा में योगदान देने और अपने व्यापार दर्शन और मूल्यों के अभिन्न अंग के रूप में अपने पर्यावरण संबंधी पहल में लगातार सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। स्वच्छ और हरित पर्यावरण के भारत सरकार के अभियान को मजबूती प्रदान करने के लिए, आरडीसीआइएस ने जीवाश्म ईंधन के उपयोग के बिना स्टील के निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए ग्रीन स्टील का उत्पादन करने के लिए विभिन्न परियोजनाएं शुरू की हैं।

### लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने नेत्रहीन बच्चों को कराया भोजन

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने ब्रज किशोर नेत्रहीन बालिका विद्यालय में 25 नेत्रहीन बच्चों एवं आठ कार्यरत लोगों को भोजन कराया। गुरुवार को लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के बढ़गाई स्थित ब्रजकिशोर नेत्रहीन बालिका विद्यालय में स्व हरिहर प्रसाद की 8 वी पुण्यतिथि पर उनके पुत्र अशोक कुमार जी के सौजन्य से स्कूल के छात्र छात्राओं के बीच भोजन वितरण किया गया।

### अनंत चतुर्दशी धूमधाम से मनाया गया

**रांची।** अनंत चतुर्दशी का व्रत गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं व बुजुर्गों संग बच्चों ने भी व्रत रखा तथा भगवान अनंत की कथा सुनी। कच्चे सूत से बने 14 गांठ वाले अनंत की पूजा कर लोगों ने अपनी आस्था जताई। अनंत चतुर्दशी को विघ्नहर्ता श्रीगणेश का विसर्जन भी किया गया।

### जैन मंदिर से निकली शोभायात्रा

**रांची।** दशलक्षण पर्व के दसवें दिन अनन्त चतुर्दशी को श्रद्धाभाव से उत्तम ब्रशचर्य धर्म की आराधना की गई इसके साथ ही श्री जी का कलशाभिषेक करने के बाद रांची स्थित दोनों मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना हुई श्रद्धालुओं ने नित्य नियमानुसार पूजन आदि किए। साथ ही साथ 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य का मोक्ष कल्याणक निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। विभाश्री माताजी ने उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर आत्मिक प्रवचन व्याख्यान दिया।

### अध्यक्ष ताराचंद जैन ने दी पर्युषण पर्व की बधाई

**रांची।** जैन राजनीतिक चेतना मंच की ओर समस्त झारखंड वासियों को अनंत चतुर्दशी और प्रर्युषण पर्व की बधाई दी गई। मंच के अध्यक्ष ताराचंद जैन यह तप,त्याग, तपस्या, संयम और क्षमा का पर्व है। मंच के मंत्री संजय कुमार पाटनी ने कहा दशलक्षण पर्व हमे समस्त मानव जाति को संयम और क्षमा भाव के साथ जीने के लिए प्रेरित करता है।

### मान-सम्मान के लिए 12 अक्टूबर को रांची में होगा झारखंड आंदोलनकारियों का महाजुटान : पुष्कर महतो

**रांची।** राज्य भर के झारखंड आंदोलनकारी अपनी मांगों और मान-सम्मान के लिए 12 अक्टूबर को राजधानी रांची में जुटेंगे। यह जानकारी आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने गुरुवार को डोरंडा में झंडा चौक स्थित मोर्चा के कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने कहा कि इसमें सभी जिले से आये झारखंड आंदोलनकारी मान- सम्मान, पहचान, नियोजन, स्वाभिमान, अस्मिता एवं अस्तित्व की रक्षा व सम्मान राशि 50-50 हजार रुपए देने की मांग को लेकर महाजुटान करेंगे। पुष्कर महतो ने कहा कि राज्य के अगुवा दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा।

### झारखंड धार्मिक न्यास बोर्ड को भंग किया जाये : चंद्रकांत रायपत

**रांची।** विश्व हिन्दू परिषद ने झारखंड धार्मिक न्यास बोर्ड को भंग करने की मांग की है। बोर्ड द्वारा अनर्गल निर्णय लेने एवं कई प्रमुख मंदिरों की पुरानी कमेटी को भंग करने को गलत बताया गया। इस मसले को लेकर आगे की रणनीति तय करने को लेकर गुरुवार को विहिप एवं शहर के कई प्रमुख मंदिरों से संबद्ध श्रद्धालुओं की बैठक हिनू के एयरपोर्ट रोड में हुई। बैठक की अध्यक्षता विहिप के प्रांत उपाध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने की। बैठक में धार्मिक न्याय बोर्ड के द्वारा चार मंदिरों में नई कमेटी का गठन करने को लेकर चर्चा हुई। प्रांत उपाध्यक्ष ने कहा कि न्यास बोर्ड ने पिछले दिनों चार मंदिर का टीम को भंग करते हुए नई टीम का गठन किया है। जिसका विरोध सभी मंदिर की कमेटी के द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में पहाड़ी मंदिर की पुरानी कमेटी का दस दिन से विरोध प्रदर्शन चल रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया की धार्मिक न्यास बोर्ड को भंग करने की मांग की जायेगी।

### भवानीपुर दुर्गा पूजा समिति ने किया भूमि पूजन

**रांची।** भवानीपुर दुर्गा पूजा समिति भवानीपुर द्वारा गुरूवार को पूजा प्रांगण में दुर्गा पूजन उत्सव हेतु पूजा पंडाल का भूमि पूजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी सब पूर्व डिप्टी मेयर एवं समिति के मुख्य संरक्षक अजय नाथ शाहदेव ,संजय पांडे एवं नवीन मल्होत्रा मुख्य रूप से मौजूद थे।

### महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति का हुआ विस्तार

**रांची।** महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति की बैठक गुरूवार को समिति के आजीवन संयोजक सह अध्यक्ष डॉ अजीत सहाय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कमेटी का विस्तार करते हुए विशेष आमंत्रित सदस्य में जयसिंह यादव अध्यक्ष, कुणाल अजमानी, प्रेम वर्मा , प्रवीण लोहिया, सह संयोजक- सर्वश्री कामाख्या सिंह मनोनीत किया गया।

# राज्य की चिंता करने वालों को मिलजुल कर आगे बढ़ना होगा : सुदेश महतो

खबर मन्त्र संवाददाता

**खालिद खलील ने थामा आजसू पार्टी का दामन**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि झारखंड के हालात ठीक करने के लिए राज्य की चिंता करने वालों को मिलजुल कर आगे बढ़ना होगा। इसके लिए सोच बदलना भी जरूरी है।

हरमू स्थित केंद्रीय कार्यलय आयोजित मिलन समारोह में उन्होंने ये बातें कही। इस समारोह में जेवीएम के पूर्व केंद्रीय महासचिव रहे खालिद खलील ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदयस्ता ग्रहण की। पार्टी में खालिद खलील का स्वागत करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि राज्य हित मे काम करने वालों के लिए आजसू का प्लेटफॉर्म हमेशा खुला है। यह प्लेटफार्म अब्दुल खालिद को आम-अवाम की बात जन-जन तक पहुंचाने और सेवा करने का अवसर देगा। इस मौके पर आजसू प्रमुख ने सरकार के मुखिया पर जनता की भावनाओं से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। इसके साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री ने जिन शपथ के साथ सत्ता की बागडोर संभाली उसकी अनदेखी कर रहे। सीएम जांच से भाग रहे हैं। इससे उनकी पद की गरिमा कमजोर हो रही है। पार्टी की सदयस्ता लेते हुए खालिद खलील ने कहा कि आजसू ने सिर्फ विकास की राजनीति की है। किसी धर्म और जाति की नहीं। जेएमएम और कांग्रेस ने सिर्फ राज्य के मुसलमानों को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल कर उन्हें ठगने का काम किया है। मिलन समारोह में पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, आदिल अजीम, एस अली, मो. जुबेर आलम, शहजाद आलम आदि मौजूद रहे।

**इन्होंने ली सदयस्ता :** डॉ इन्तेजार अली, मो. मिनाज, जियायुल हक, इकरामा अमिश, मो. एहतेशाम, रिजवान अली, रोहित सिंह, इम्तियाज खान, शाबाज अमन, मो. उजेफा, अभिषेक कुमार, मनीष कुमार आदि।

## इंदरजीत बने इंडियन यूथ कांग्रेस आउटरीच सेल के प्रदेश अध्यक्ष

**रांची।** एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंह को इंडियन यूथ कांग्रेस ( आउटरीच सेल ) का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इंदरजीत सिंह के काम, ईमानदारी एव मेहनत को देखते हुए इंडियन युथ कांग्रेस आउटरीच सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केरल के विधायक अधिवक्ता चांडी ओमेन ने लेटर निकाल कर प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। विदित हो कि 13 साल से छात्र राजनीति कर रहे इंदरजीत सिंह 2009 में कांग्रेस पार्टी से जुड़े एवं लगातार 13 सालों तक छात्र संगठन एनएसयूआई एव कामगार कांग्रेस के लिए काम किया। इंदरजीत सिंह ने रांची यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग सिविल से बी.टेक एव एम.टेक किया है। उनके पिताजी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे है।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र को मिला राजभाषा का सर्वोच्च सम्मान कीर्ति पुरस्कार



खबर मन्त्र संवाददाता

**पुणे/रांची।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश के सार्वजनिक क्षेत्र का एक अग्रणी बैंक है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र को गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राजभाषा हिंदी के श्रेष्ठ कार्य के लिए राजभाषा का सर्वोच्च सम्मान कीर्ति पुरस्कार प्रदान किया गया। इस वर्ष बैंक को दो श्रेणियों यथा श्रेष्ठ गृह पत्रिका और श्रेष्ठ राजभाषा कार्यान्वयन के अंतर्गत यह पुरस्कार प्राप्त हुआ। 14 सितंबर, 2023 को पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित भव्य हिंदी दिवस समारोह के दौरान बैंक ऑफ महाराष्ट्र को उक्त पुरस्कार प्रदान किये गये। अजय कुमार मिश्रा, गृह राज्य मंत्री से बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीइओ एएस राजीव ने श्रेष्ठ गृह पत्रिका के लिए प्रथम और श्रेष्ठ राजभाषा कार्यान्वयन के लिए द्वितीय पुरस्कार ग्रहण किया। इस दौरान मंच पर हरिवंश नारायण सिंह, राज्यसभा के उप सभापति, सुश्री अंशुली आर्य, सचिव (राजभाषा) आदि भी उपस्थित थे।

# रांची में 12 अक्टूबर को होगा वैश्य मोर्चा का स्थापना दिवस समारोह

## पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद संजय सेठ, आदित्य साहु भी होंगे शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ राममनोहर लोहिया की 56वीं पुण्यतिथि पर 12 अक्टूबर को स्थानीय मोरहाबादी स्थित संगम गार्डन सभागार में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का 5वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में कई अतिथियों को आमंत्रित किया जा रहा है।

इसी आलोक में अब तक पूर्व सीएम रघुबर दास, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, रांची के सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहु, हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल (गुड़गांव), पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी (गिरिडीह), झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने अपने आने की सहमति दे दी है। वहीं, विधायक विरंची नारायण (बोकारो), मनीष जायसवाल (हजारीबाग), ढुल्लू महतो (बाघमारा), आलोक चौरसिया (डालटेनगंज), अमित मंडल (गोड्डा), सुदिप्य कुमार सोनू (गिरिडीह), अंबा प्रसाद (बड़कागांव), पूर्व महाधिवक्ता अजित कुमार (हाइकोर्ट, रांची) आदि को भी आमंत्रित किया गया है।

स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर गुरुवार को स्थानीय होटल में वैश्य मोर्चा की केंद्रीय समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार ने किया। सर्वप्रथम सभी केंद्रीय पदाधिकारियों, सदस्यों, जिला अध्यक्ष एवं प्रकोष्ठ संगठन के पदाधिकारियों ने शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और संकल्प



लिया कि वे समाज, राज्य और देश हित में काम करने के लिए तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि 5वां स्थापना दिवस समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए अपनी सांगठनिक क्षमता, त्याग-तपस्या और समर्पण की भावना का परिचय देते हुए कार्य करेंगे तो नि्रित रूप से हम सफल होंगे। इस अवसर पर प्रचार सामग्री का भी वितरण किया गया और गांव, प्रखंड स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्णय लिया गया।

**युवराज साहु बनाये गये छात्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष :** बैठक में सर्वसम्मति से युवराज साहु को छात्र मोर्चा का केंद्रीय अध्यक्ष बनाया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से तैयारी समिति केअध्यक्ष अश्विनी कुमार साहु, कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, हीरानाथ साहु, वरीय उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, मोहन साव, अश्विनी साहु, केंद्रीय उपाध्यक्ष परशुराम प्रसाद, उप प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद, केंद्रीय महासचिव दिनेश्वर मंडल, कपिल प्रसाद साहु, केंद्रीय सचिव गुड्डु साहा, संगठन सचिव लखन अग्रवाल, अनिल वैश्य, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, जिला अध्यक्ष रोहित कुमार साहु (रांची ), राजकुमार मंडल (बोकारो), केंद्रीय सदस्य कृष्णा प्रसाद साहु, नरेश साहु, महिला मोर्चा अध्यक्ष नम्रता सोनी, महासचिव पूनम जायसवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु, करण मंडल, राजेश साव, आदित्य प्रसाद आदि उपस्थित थे। वैश्य मोर्चा के पदाधिकारियों ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से धुर्वा स्थित आवास पर जा कर मुलाकात की और उन्हें 12 अक्टूबर को रांची में होने वाले 5वां स्थापना दिवस समारोह में आने का निमंत्रण दिया। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि वे स्थापना दिवस समारोह में अवश्य शामिल होंगे। इससे पूर्व वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को बुके देकर सम्मानित किया। प्रतिनिधि मंडल में कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, हीरानाथ साहु, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार साहु, मोहन साव, संजीव चौधरी, प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार, उपेन्द्र प्रसाद, दिनेश्वर मंडल, अनिल वैश्य, लखन अग्रवाल, कृष्णा साहु, नरेश साहु, राजकुमार मंडल, नम्रता सोनी, पूनम जायसवाल, करण मंडल, युवराज साहु आदि शामिल थे।

# जश्ने ईद मिलाद उन नबी पर निकला जुलूस, हिंदू-मुस्लिम एकता के गूंजे नारे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड में ईद मिलाद उन नबी पर पैगंबर हजरत मुहम्मद बड़े ही श्रद्धा के साथ याद किये गये। रोजा रखा गया और कुरआन खानी की गयी। समाज के असहाय बच्चों को भोजन कराया गया व कपड़े भी दिये गये। नात व गजल का दौर चला। कमरुल हक की अगुआई में फुटकलटोली से जुलूस निकाला गयाए जो काठीटांड़ चौक पहुंच सभा में तब्दील हो गया। इसमें डंडई फुटकलटोली, काठीटांड़, हुरहुरी, अल कमर कॉलोनी, पिर्रा, बड़काटोली, न्यू पिर्रा व चितरकोटा आदि गांव के हजारों इस्लाम धर्मावलंबी व विभिन्न समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। हिंदू-मुस्लिम एकता के नारे से माहौल गुंज उठा। इस बीच एक दूसरे को हजरत मोहम्मद के जन्मदिन की मुबारकवाद दी गयी। सामाजिक संगठनों ने जुलूस का पारंपरिक तरीके से स्वागत करते हुये अतिथियों को पगड़ी भेंट की। सुरक्षा के कड़े प्रबंध थे। इसकी कमान थानेदार सपन कुमार महथा ने संभाली।



रातू में निकले जुलूस में कमरुल हक व अन्य।

## कार्यक्रम में लिया हिस्सा

उप प्रमुख रियाजुल अंसारीए पूर्व जिप सदस्य अक्लिमा खातून, प्रखंड अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष अताउल्लाह, सचिव अनीसुर्रहमान व पूर्व उप प्रमुख महमुद आलम, इमरान, मुद्दसर, सिंदबाज, अंजुम खान, जितेश्वर मुंडा, हकमूल, जहीर, बेलाल, मो यासीन, मो असलम, मियांजान, मंजुर अली, मो आशिफ, अस्लम अंसारी, अयुब खान, मोबारक हुसैन, यासीन अंसारी, मोख्तार, मो गुलजार, इम्तियाज अली, नजरुल हक, मो निसार, हाजी हजरत, हाजी शरीफ, मो अशफाक, मो तारिक, मो मंजुर, मुतुर्जा, हाजी मोइनुद्दीन, मो आशिफ, मदरसा के बच्चे और बच्चियां आदि।

## मांडर में जुलूस ए मोहम्मदी

**मांडर।** ईद मिलादुन्नबी पर गुरुवार को मांडर में जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस गोरे गांव से शुरू होकर कनभीठा, नगड़ा, सुरसा, मुड़मा से एनएच 75 के बाद मांडर, कंजिया व बुढ़ाखुखरा होते हुए वापस लौटा। इस दौरान जुलूस में शामिल नबी के दीवानों ने रसूल की आमद मरहबा, हुजूर की आमद मरहबा के नारे लगाये। मांडर में थाना प्रभारी बिनय कुमार सहित अन्य लोगों ने जुलूसे मोहम्मदी का स्वागत किया। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी जुलूस में शामिल हुई थीं। जुलूस में पूर्व मुखिया अयूब खान तबारक खान रशीद खान साजिद खान समद खान सफीक खान जहीर खान उसलूम खान नेसार खान सिदिक खान जब्बार अंसारी मोख्तार अंसारी खुर्शीद खान खालिद शामिल हुए।



## उरुगुट्टू पंचायत के पूर्व मुखिया पर जानलेवा हमला, बाल-बाल बची जान

### कनपटी पर सटाकर मारी गोली, मिस फायर



खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगांव।** कांके प्रखंड झामुमो कमेटी के उपाध्यक्ष सह उरुगुट्टू पंचायत के पूर्व मुखिया फलिंद्र मुंडा पर गुरुवार की सुबह अज्ञात अपराधियों ने जानलेवा हमला किया। इस हमले में पूर्व मुखिया बाल बाल बच गये। जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 6 बजे फलिंद्र मुंडा उरुगुट्टू स्थित अपने घर के सामने अखबार पढ़ रहे थे। इसी बीच बाइक से पहुंचे दो अज्ञात अपराधियों ने झामुमो नेता के कनपट्टी में रिवाल्वर सटाकर मारने का प्रयास किया, लेकिन फायर नहीं होने से वे बच गए। इसके बाद एक अपराधी को उन्होंने पकड़ने का प्रयास किया लेकिन अपराधी किसी तरह छूटकर बाइक में बैठे दूसरे अपराधी के साथ फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल से एक जीवित कारतूस भी बरामद किया है।

### जल्द होगा मामले का उदभेदन : थाना प्रभारी

घटना की सूचना मिलते ही ठाकुरगांव थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार घटनास्थल पहुंचकर पीड़ित फलिंद्र मुंडा से घटना की जानकारी लिया। साथ ही उन्होंने आसपास मौजूद लोगों से भी पूछताछ किया। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस सभी बिंदुओ पर जांच कर रही है जल्द ही अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे। वहीं झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर ने कहा कि प्रशासन जल्द घटना में शामिल अपराधियों का खुलासा करे। अन्यथा पार्टी उग्र आंदोलन को विवश होगी।

## स्पीड न्यूज

### 20 दिनों से लापता मां-बेटे का अब तक नहीं मिला सुराग





**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत गोराडीह गांव निवासी ताराचंद बेदिया की पत्नी आरती देवी 30 तथा उसके पुत्र हर्ष कुमार बेदिया 3 वर्ष पिछले 10 सितंबर से लापता है। वह अपने घर से सिल्ली बाजार जाने के नाम से घर से निकली थी। परंतु देर शाम वह घर वापस नहीं लौटी। ताराचंद बेदिया ने बताया कि अपने सगे संबंधी एवं रिश्तेदारों के घरों में भी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चल पाया है।

### सिल्ली : विद्यार्थियों ने सीखी फिल्म मेकिंग की बारीकियां

**सिल्ली।** मारवाड़ी कालेज के डीपीएफएम डिजिटल फोटोग्राफी एंड फिल्म मेकिंग विभाग के छात्रों ने बुधवार को सिल्ली में फिल्म मेकिंग एवं डॉक्यूमेंट्री निर्माण की बारीकियां सीखी। विभाग के कोर्स डायरेक्टर डॉ सुशील अंकन के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने सिल्ली के रुडसेट संस्थान की डाक्यूमेंट्री निर्माण पर काम किया। संस्थान के गतिविधियों का फिल्मांकन किया। मौके पर रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार, धीरज कुमार, चंदन कुमार, विष्णु गिरि सहित अन्य विद्यार्थी मौजूद थे।

### सीएचसी तमाड़ में रक्तदान शिविर आज

**तमाड़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमाड़ परिसर में शुक्रवार को सुबह ग्यारह बजे से शाम चार बजे तक आयुष्मान भवरू कार्यक्रम अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों व ग्रामीणों से रक्तदान करने की अपील प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने की है।

### बेड़ो में वज्रपात से महिला घायल

**बेड़ो।** बांडी मुरतो गांव में गुरुवार की दोपहर करीब ढाई बजे वज्रपात की चपेट में आने से एक 48 वर्षीया महिला सोमरी उरांव गंभीर रूप से घायल हो गयी। बेड़ो सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स रेफर किया गया है। घायल महिला के भाई ने बताया कि मेरी बहन बकरी चराने बांडी नदी के समीप गई थी। इसी दौरान वज्रपात हुआ। जानकारी मिलने के बाद पूर्व मुखिया सुनील कच्छप ने सीएचसी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

### वज्रपात से मवेशी की मौत, मुआवजे की मांग

**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत हजाम निवासी नबोकुंजो महतो के एक मवेशी की मौत वज्रपात से हो गई।किसान नबोकुंजो महतो ने बताया गुरुवार दोपहर जानवर को चरा रहा था तभी वज्रपात होने से जानवर की मौत हो गई। मुखिया गंगा नारायण सिंह मुंडा ने स्थानीय प्रशासन से किसान को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

### बेड़ो : बोदा गांव में वज्रपात से बछिया मरी

**बेड़ो।** हरिहरपुर जामटोली पंचायत के बोदा गांव में गुरुवार को करीब पौने तीन बजे अपराह्न वज्रपात की चपेट में आने से बोदा निवासी कयूम खान की बछिया मर गई। कयूम खान ने प्रशासन मुआवजे की मांग की है।

### भाजपा खलारी मंडल की बैठक में चर्चा

**खलारी।** भाजपा खलारी मंडल के पदाधिकारियों शक्तिकेंद्र प्रभारियों एवम बूथ अध्यक्षों का बैठक सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा के सभागार कक्ष में किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष दिनेश प्रसाद गुप्ता व संचालन मंडल महामंत्री अनिल ने किया। बैठक में झारखंड भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा मौजूद थे। बैठक का उद्देश्य मंडल शक्ति केंद्र पदाधिकारियों तथा बूथ अध्यक्षों का सत्यापन कार्य करना मंडल में एक नए मंत्री पद का सृजन करते हुए सर्वसम्मति से कमलेश तुरी को पदभार दिया गया। मौक पर कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हाथी के उत्पात से परेशान ग्रामीणों ने की सड़क जाम

### गजराज का तांडव

खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** प्रखंड को होटलो पंचायत में लगातार हाथियों द्वारा फसल नुकसान किये जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार को दिन के 11 बजे बुंडू-राहे सड़क को चन्दनडीह चौक के समीप जाम किया। ग्रामीणों हाथियों को पंचायत से बाहर भगाने की मांग कर रहे थे साथ ही तत्काल उचित मुआवजा की मांग कर रहे थे। सड़क जाम की सूचना और ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान ओर वन विभाग के अधिकारी राजू महतो अविनाश लुगुन प्रफ्फुल तोप्पोनो अनिल सोय रोशन श्रीवास्तव जाम स्थल पहुंचे। एक घंटा जाम रहने के बाद 12 बजे जाम को हटाया गया तथा अधिकारी ओर ग्रामीणों की वार्ता हुई। एक घंटे वार्ता के बाद वन विभाग ने आश्वस्त किया कि बंगाल से हाथी भागाने की टीम बुलाया गया है। जल्द ही हाथी के झुंड को भगाया जायेगा और मुआवजा भुगतान भी कराया जायेगा।



### फसलों को नष्ट कर रहे हैं जंगली हाथी

ग्रामीणों ने बताया कि एक सप्ताह से पंचायत के फुलवार कापीडीह बेहराबेड़ा चिरुडीह महकमशीला कूदाडीह पोआदिरी आदि गांव में रोजाना रात को फसल को नष्ट कर रहे है। फसल नष्ट होने से किसान हताश हो चुके है। वन विभाग ठोस पहल नहीं कर पा रहा है।

## सिमलिया गुटूटोली में नागपुरी आर्केस्ट्रा में गीतों पर झूमे युवा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** सिमलिया गुटूटोली में बुधवार की रात करम ईंद जतरा के उपलक्ष्य में नागपुरी आर्केस्ट्रा आयोजित किया गया। इसका उदघाटन आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव, जिला अध्यक्ष मंगल उरांव, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, आजसू नेता भरत कांसी, प्रमुख संगीता तिर्की, मुखिया फुलमनी देवी, अधिवक्ता लक्ष्मण सिंह व पूर्व मुखिया मुकेश भगत ने फीता काटकर किया। उमेश म्यूजिकल ग्रुप के ख्याति प्राप्त पवन राय, प्रीतम, सुमन गुप्ता, अनिता व केशो देवी आदि कलाकारों ने समा बांधा। गीत-संगीत से युवा झूम उठे। वहीं मजबूल खान ने लोगों को खूब हंसाया। संचालन अजय उरांव ने किया।

### इन्होंने निभायी भूमिका

सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रकाश खलखो, मोहन उरांव, राजा उरांव, बबलू मुंडा, आसीन उरांव, सोमरा उरांव, रवि मुंडा, दीपू मुंडा, सुभाष उरांव, दीपक उरांव, रोहित उरांव, छोटू उरांव, सुनिल उरांव, प्रवीण मुंडा, कार्तिक खलखो, महादेव उरांव, सोनू खलखो, मनीष खलखो, अजित खलखो, सूरज तिग्गा, सुरेश उरांव, रोशन खलखो, अनिल उरांव व लक्ष्मण उरांव की विशेष भूमिका रही।

## एक नजर में

### महेशपुर में निकला जुलूस ए मोहम्मदी

**अनगड़ा।** हजरत मुहम्मद सल्लल्हुअलैहि व सल्लम के यौमे पैदाइश के मौके पर प्रखंड के महेशपुर गांव में गुरुवार को बड़े हीं जोसो खरोस के साथ ईद मिलादुन नबी का जुलुस निकाला गया । मौके पर मस्जिद ए फातिमतुज्जुहरा के इमाम मौलाना जफर रजा ने कहा कि मोहम्मद साहब को अल्लाह ने पूरे दुनिया के लोगों के लिए रहमत बना कर भेजा। उन्होंने दुनिया में इन्सानियत का पैगाम दिया। मौके पर सदर जाकीर खान तबरेज खान मुस्ताक खान रुस्तम खान साकीर खान मुदीन आलम सरफराज खान बबलू खान अकरम खान सलमान खान इरफान खान रफीक खान मोबीन खान शहजादा खान आफताब खान शेख चरकू जहान तूफान सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### खलारी : राजन सिंह राजा कांग्रेस के सरायकेला विस प्रभारी नियुक्त

**खलारी।** अखिल भारतीय काँग्रेस कमिटी की महत्वाकांक्षी योजना के लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के लिए प्रदेश काँग्रेस कमिटी ने कोयलांचल खलारी निवासी राजन सिंह राजा को सरायकेला विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया है। नेताओ ने कहा राजन सिंह राजा अपनी जिम्मेवारी पर खरा उतरेंगे। उनके प्रभारी बनाने पर अविनाश पांडे प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सीएलपी लीडर आलमगीर आलम पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय को खलारी कांग्रेस परिवार की ओर से धन्यवाद दिया गया।

### खलारी में लोहा चोरों का आतंक जारी

**खलारी।** खलारी बाजार टांड़ स्तिथ थर्ड रेलवे लाईन के लिए बन रहे ब्रिज पर स्थानीय चोरों का आतंक जारी है। स्थानीय चोरों ने पुल निर्माण कार्य मे लगे उपकरणों को उठा कर चलते बनते हैं। पुल निर्माण में लगे मजदूर ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि स्थानीय युवक रोजाना दो चार लोहे का सामान उठा कर ले जाते है। युवक को पकड़ने पर स्थनीय होने का धमकी भी दिया जाता है। इस संबंध में खलारी थाना को बराबर सूचना दिया जाता है, परन्तु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### आजसू पार्टी के महाधिवेशन को लेकर बैठक

**अनगड़ा।** प्रखंड के गेतलसूद मुंडा टोली में केंद्रीय महाधिवेशन की तैयारी को लेकर आजसू पार्टी की बैठक हुई। बैठक में आजसू पार्टी के पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा कि आजसू पार्टी का मोरहाबादी महाधिवेशन ऐतिहासिक होगा। मौके पर पार्टी के जलनाथ चौधरी अनील मुंडा सोनी देवी आरती देवी बाबूलाल महतो वासुदेव गोस्वामी रामचन्द्र मुंडा मुकेश करमाली दिलीप मुंडा दीपक मुंडा संदीप लोहरा बजरंग लोहरा गोपाल महतो बिटू लोहरा अगमलाल मुंडा सीमा देवी इत्यादि उपस्थित थे।

### बूथ सशक्तिकरण को लेकर की बैठक

**पिपरवार।** बूथ सशक्तिकरण अभियान के पिपरवार मंडल में कल्याणपुर सरना क्लब हॉल में बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने किया। बैठक में मुख्य रूप में मंडल प्रवासी प्रभारी सह सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेयए प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष विजय चौबे एवं बड़का गांव सांसद प्रतिनिधि पूनम उपस्थित हुए। बैठक में बूथ शक्तिकेंद्र एव मंडल की मैपिंग पूर्ण करते हुए मंडल पदाधिकारी शक्ति केन्द्र संयोजक सह संयोजक एवं बूथ अध्यक्षों की सूची का सत्यापन किया गया।

### खलारी में निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

**खलारी।** पैगम्मबर मोहम्मद साहब की यौम.ए.पैदाइश पर गुरुवार को ईद मिलादुन्नबी मनायी गयी। कोयलांचल में भी हजरत मोहम्मद पैगम्बर साहब के जन्मोत्सव की धूम रही। खलारी जामा मस्जिद से लेकर गली मुहल्ले तक मुस्लिम धर्मावलंबियों ने जुलूस.ए. मोहम्मदी निकाल कर खुशी का इजहार किया। जुलूस में शामिल बच्चे बूढ़े जवान उत्साहित नजर आये।

## वज्रपात में मृत महिला के परिजनों को सन्नी टोप्पो ने की आर्थिक मदद

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के ताला पंचायत अंतर्गत वज्रपात की चपेट में आकर मारी गई शीला देवी के परिजनों से युवा भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने गुरुवार को मुलाकात की। बता दें की बलकू महतो की पत्नी शीला देवी का कुछ दिन पूर्व वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई थी। भाजपा नेता ने परिजनों को आर्थिक सहायता व सांत्वना देते हुए कहा कि यह अपूरणीय क्षति है। इस नुकसान का कोई भरपाई नहीं कर सकती हैए उनकी कोशिश होगी की जितनी जल्द हो सके सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता राशि परिजनों को मिले साथ ही में भी दुख की इस घड़ी में 24 घंटे परिजनों के साथ है। साथ ही मौके पर मौजूद लोगों ने उन्होंने अपील भी की मौसम खराब होने से कभी भी पेड़ के नीचे ना रहे ना ही खुले स्थान पर रहे जब भी मौसम खराब हो घर के अंदर रहने का ही प्रयास करें। मौके पर बिजूपाड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष सदानन्द सिंह एमहामंत्री हेमन्त शाही ए सफीक आलम उपाध्यक्ष, अजय मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### प्रबंधन से वार्ता के बाद धरना स्थगित

**खलारी।** प्रभावित प्रतिरोध मंच के द्वारा सीसीएल प्रबंधन को दिए गए 26 सूत्री मांग पत्र पर गुरुवार की शाम महाप्रबंधक कार्यालय डकरा में वार्ता किया गया। वार्ता में प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक संजय कुमार के अलावा चुरी परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार एजेएमएस कंपनी के पदाधिकारी सिविल और विद्युत विभाग के अधिकारी मौजूद थे। वार्ता के बाद मंच के द्वारा 29 सितंबर की आहूत धरना को 3 महीने के लिए स्थगित कर दिया गया। वार्ता में संरक्षक सुनील सिंह अध्यक्ष नागेश्वर महतो अशोक महतो आदि मौजूद थे।

## सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**नामकुम।** रांची टाटारोड पर पलांडु समीप हुई सडक दुघर्टना में एक स्कूटी सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक की षिनाख्त नामकुम कोचाटोली के रहनेवाले रवि हेम्ब्रोम 25 वर्स के रूप में की गयी। बताया जा रहा है कि मृतक रवि अपनी स्कूटी संख्या जेएच01सीएम 2944 से जा रहा था उसी दौरान एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। मौके पर पहुंची नामकुम पुलिस ने मृतक के षव को जब्त कर पोस्टमार्टम हेतू रिम्स भिजवा दिया। मृतक की मां सुखमनी हेम्ब्रोम ने बताया कि रवि के पिता गोपाल हेम्ब्रोम सेना में कार्यरत थे। उनकी मौत पूर्व में हो चुकी थी। रवि तीन भाईयों में सबसे छोटा था। बड़ा भाई भरत हेम्ब्रोम नेवी में तथा मंझला भाई शरद हेम्ब्रोम सेना में कार्यरत है। वहीं मृतक रवि रिंग रोड स्थि फलिपकार्ट के हब में काम करता था। मृतक की भाभी निशा हेम्ब्रोम ने बताया कि पारिवारिक जमीन के विवाद की बात सुनकर दोपहर तीन बजे रवि स्कूटी से ही उड़ीसा के लिए घर से निकाला था। उसने हेलमेट नहीं पहना था और रास्ते में ही अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गयी।

### मंदिर के ऊपर से गुजरा है हाई वोल्टेज तार हादसे की आशंका

**नामकुम।** श्री श्री दुर्गा पूजा समिति सदाबहार चौक पूजा पंडाल का निर्माण कार्य गुरुवार को शुरू हो गया। वर्षों से दुर्गा मंदिर परिसर में पंडाल बना पूजा होती है। मंदिर के ऊपर से हाइटेंशन तार गुजरा है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसे हटाने की मांग की गई है।

## संस्कृति संरक्षण में पर्व-त्योहारों का महत्वपूर्ण स्थान

### करम महोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** कुरमी विकास मोर्चा द्वारा अंचल मैदान ओरमांझी में गुरुवार को करम महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू व विधायक राजेश कच्छप उपस्थित थे। महोत्सव में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव से मंडली के साथ पहुंचे समाज के युवा व युवतियों ने ढोल-मांडर की थाप पर जमकर झुमर नृत्य कर करम उत्सव मनायाएं। वहीं महोत्सव का मुख्य आकर्षण खारसावां से पहुंची नृत्य मंडली व नागपुरी कलकारा की मंच पर प्रस्तुती रहा। पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि करम झारखंड की संस्कृति व विरासत का महत्वपूर्ण त्योहार है। राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा अपनी भाषा, संस्कृति व परंपरा को बचाए रखने में राज्य के पर्व त्योहार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वहीं विधायक राजेश कच्छप ने कहा करम प्रकृति से जुड़ा पर्व है और हमे प्रकृति को संरक्षित करने का संदेश देती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपप्रमुख रिजवान अंसारी, जिप सदस्य सरिता देवी, कमिश्नर मुंडा, पंस सदस्य जानकी देवी, बीना देवी, रणधीर चौधरी, मानकी राजेंद्र शाही, शीतल आहदार, रामपोदो महतो, संजय महतो, दिगंबर महतो, हरिमोहन महतो, रामबृक्ष महतो, सरदीप महतो, आकाश महतो, ब्रजेश भंडारी सहित काफी संख्या में कुरमी समाज के लोग उपस्थित थे।



# युवा पीढ़ी पर विरासत में मिली संस्कृति को बचाने की चुनौती : डीसी

### होचर के इंद जतरा में उमड़ी भीड़, मांदर की थाप पर थिरके युवक-युवतियां

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** डीसी राहुल सिन्हा ने कहा कि आदिवासी समुदाय प्रकृति के उपासक हैं। करमा का त्योहार भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक है। युवा पीढ़ी पर विरासत में मिली संस्कृति को बचाने की चुनौती है। उन्होंने महिलाओं से संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिये आगे आने और सरना धर्मगुरु दिवंगत बिरेंद्र भगत की त्याग से प्रेरणा लेकर समाज व प्रदेश को दिशा देने का आह्वान किया। वह जतरारर्थियों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने स्व बिरेंद्र भगत को श्रद्धांजलि दी। जतरा का अवलोकन कर खोड़हेधारियों को पुरस्कृत करने के बाद ईंद की बधाई भी दी। उद्घाटन स्व भगत के पिता विशंबर भगत ने किया। प्रमुख संगीता तिर्की व आजसू नेता भरत कांसी आदि ने भी अपनी बातें रखी। इससे पूर्व महादेव व पंचू पाहन ने जतरा खूंटा की पूजा की। प्रार्थना सभा के बाद घंटों गीत-नृत्य का दौर चला। यहां लाखों की भीड़ उमड़ी। मांदर की थाप पर लोग थिरके उठे। अध्यक्षता जिप अध्यक्ष निर्मला भगत ने की, जबकि संचालन संजय उरांव ने किया।



रातू में हुए समारोह में मंचासीन डीसी राहुल सिन्हा व अन्य।

### ठेला-खोमचा वालों की चांदी

जतरा में झारखंड के अलावा उड़ीसा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, मध्यप्रदेश, असम व अंडमान निकोबार द्वीप समूह की सैकड़ों खोड़हा टीमों ने हिस्सा लेकर नृत्य प्रस्तुत किया। आदिवासी संस्कृति की अद्भुत झलक देखने को मिली। करम गीत से माहौल गुंज उठा। जतरा में सभी तरह की दुकानें सजी थी। लोगों ने केतारी व मिठाई समेत घरेलू चीजों की खरीदारी की। ठेला-खोमचा वालों की चांदी रही। विद्युतचालित झूले आकर्षण के केंद्र रहे।

### कार्यक्रम में इन्होंने लिया हिस्सा

सीओ प्रदीप कुमार, मसीह गुड़िया, जगराम, एतवारी, बिपिन, पूनम, झरिया, शिवा, सुनील, राम, आमो, कार्तिक, जीतराम, सोमेश्वर, मीना, अजित, सलगी, आजम, कीनू, पार्वती, सुष्मिता, सुचिता, बसंत, देवेंद्र, नसीम, प्रदीप, मुकेश, जगरनाथ, चारे, चिंटू, अनुप, ज्योति, रीता, अहिल्या, राजेंद्र, पुष्पा, बंधु, मधु, श्याम, चंद्रावती, रितेश, बिमल, फुलकुमारी, अक्लिमा, मुन्नी, अमित मुंडा, राजेश, सुलोचना, शिव शंकर, रंथू, हाजी मंसुर, रामचंद्र व सुभाष आदि।

### इटकी : सौका गांव में इंद जतरा

**इटकी।** प्रखंड के सौका गांव में आदिवासी क्लब के तत्वावधान में ईंद जतरा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दर्जनों गांव के नृत्य मंडलियों में शामिल महिला पुरुष पारम्परिक वेषभूषा में ढोलएनगाड़ा व मांदर की थाप पर देर रात तक नृत्य गान कर छटा विखेरते रहे। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी खोड़हा दल मुख्य अतिथि सन्नी टोप्पो के द्वारा पुरस्कृत किये गये। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुंबाटोली गांव के खोड़हा दल को प्रथम, कूर्गी को द्वितीय और कुल्ली को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा सरसा देवगांव लापुंग सहित अन्य खोड़हा दल भी पुरस्कृत किये गए।

# गुम होती बचत

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने घरेलू वित्तीय बचत के जो आंकड़े इस सप्ताह पेश किए हैं, उन्होंने अर्थशास्त्र के विद्वानों को चौंका दिया है और इनका मध्यम अवधि की वृद्धि पर गहरा असर हो सकता है। आंकड़ों से पता चलता है कि विशुद्ध घरेलू वित्तीय बचत 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के 5.1 फीसदी के बराबर ही रह गई, जो कई दशकों में इसका सबसे कम स्तर है। पिछले वर्ष यह 7.2 फीसदी थी। वित्तीय बचत में ऐसी गिरावट की कई वजह हो सकती हैं। चूंकि बचत में कुल मिलाकर गिरावट हुई है इसलिए संभव है कि महामारी के दौरान जिन परिवारों की आय को झटका लगा था उनकी आय पूरी तरह पटरी पर नहीं लौट पाई हो। इससिए हो सकता है कि अर्थव्यवस्था में सुधार कंपनियों के मुनाफे की वजह से दिखा हो, जिसमें पिछली कई तिमाहियों से अच्छी बढ़त रही है। यह भी संभव है कि निरंतर बढ़ती महंगाई के कारण परिवार बचत नहीं कर पाए हों। खुदरा मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर महामारी के बाद से ही ऊंचे स्तर पर रही है। मुद्रास्फीति की दर एक बार फिर केंद्रीय बैंक के तय दायरे से ऊपर है। परिवारों की वित्तीय देनदारियां भी 2022-23 में जीडीपी की 5.8 फीसदी हो गईं, जो 2021-22 में 3.8 फीसदी ही थीं। संभव है कि लोगों ने उपभोग के लिए उधारी ली हो क्योंकि उनकी आय पर्याप्त नहीं थी। यह भी संभव है कि लोगों ने घर आदि अचल संपत्ति खरीदने के लिए भी राशि व्यय की हो और उधार ली हो। ऋण उठान के आंकड़े भी यही संकेत देते हैं कि लोगों की उधार लेने की रफ्तार बढ़ी है। घरेलू कर्ज 2021-22 के 36.9 फीसदी से बढ़कर 2022-23 में जीडीपी के 37.6 फीसदी के बराबर हो गया। आखिर बचत नहीं होना एक संकेत है कि लोगों के पास अतिरिक्त धन नहीं है। आर्थिक विकास दर प्रभावित होगा।

# कनाडा को दो टूक

संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन में कनाडा का नाम न लेकर निज्जर प्रकरण से उपजे विवाद में भारत ने परोक्ष रूप से अपनी बात कही। लेकिन न्यूयार्क में भारत में अमेरिकी राजदूत रहे केनेथ जस्टर के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में एस.जयशंकर ने वैश्विक जगत को कनाडा के आरोपों के बाबत बताया कि ऐसा काम करना हमारी सरकार की नीति नहीं है। साथ ही साफ कह दिया कि कनाडा अलगाववादियों के लिये उर्वरा भूमि बना हुआ है। कनाडा से स्पष्ट कहा कि अगर आपके पास अपने आरोपों से जुड़ी कोई खास जानकारी है तो हमें उपलब्ध कराएं। इस अवसर का उपयोग करते हुए जयशंकर ने जस्टिन ट्रूडो के मंसूबों को बेनकाब करते हुए कहा कि कनाडा में पृथकतावादी तत्वों से जुड़े संगठित अपराधों के तमाम मामले प्रकाश में आए हैं। जिन पर कई बार कार्रवाई के बाबत कनाडा सरकार को कहा गया है। इस बात के पुख्ता प्रमाण उपलब्ध कराये गये थे कि कनाडा की धरती से तमाम संगठित अपराध संचालित किये जा रहे हैं। जाहिर तौर पर जयशंकर ने दुनिया को यह अहसास कराने का प्रयास किया कि कनाडा सरकार की नाक के नीचे सुनियोजित ढंग से अलगाववादी कार्रवाइयां चल रही हैं। ऐसे तत्वों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला तक किया है। इतना ही नहीं भारतीय राजनयिकों को धमकियां दी गईं। सही मायनों में भारत-कनाडा के रिश्तों में आई कड़वाहट की हकीकत बताने में एस.जयशंकर सफल रहे। वहीं, यूएन सम्मेलन में भी विदेश मंत्री ने कहा कि वे दिन चले गये हैं जब दुनिया के कुछ बड़े राष्ट्र अपनी सुविधा के लिये एजेंडा तय करते थे और फिर शेष दुनिया को उस पर चलने के लिये बाध्य करते थे। दरअसल, ट्रूडो के आरोपों के बाद कनाडा भी अलग-थलग पड़ता नजर आ रहा है।

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ताकत की बिसात




**नई दिल्ली** में जी20 शिखर सम्मेलन के अंतिम दिन 10 सितंबर को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन सरकारी यात्रा पर हनोई रवाना हो गए। दोनों देशों ने 2013 में की गई अपनी व्यापक साझेदारी को विस्तार देते हुए इसे व्यापक सामरिक साझेदारी तक बढ़ाया। यात्रा के दौरान और बाद में जो प्रेस ब्रीफिंग हुई, उससे स्पष्ट है कि अमेरिका वियतनाम को सैन्य सामान उपलब्ध कराने का इच्छुक है। इसे वियतनाम की रूस से आपूर्ति पर मौजूदा निर्भरता कम करने में मदद के रूप में उचित बताया गया।

भारत की तरह ही वियतनाम भी चीन के साथ संवेदनशील जमीनी सीमा साझा करता है और दक्षिण चीन सागर में चीन के समुद्री सीमा के दावे को विरोध करता है। यह ताजा घटनाक्रम अमेरिका के उन मजबूत प्रयासों का हिस्सा है जिसके तहत वह हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के ताकतवर और अक्सर आक्रामक व्यवहार का जवाब देने के लिए अपने गठबंधनों और साझेदारियों को सहारा देता है। हालांकि संयुक्त बयान को लेकर वियतनाम सतर्क रहा और उसने ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं किया जिससे चीन भड़क जाए।उदाहरण के लिए बयान में न तो ताइवान का जिक्र था और न ही 2016 के संयुक्त राष्ट्र के पंचाट के फैसले का जो फिलिपींस के पक्ष में आया था और जिसमें दक्षिण चीन सागर में चीन के दावे को खारिज कर दिया गया था। यह इस अवार्ड पर भारत की स्थिति में हाल में आए परिवर्तन से विपरीत है जो पहले महज नोट करने तक सीमित थी, उसका भारत फिलिपींस संयुक्त बयान में इस साल जून में स्पष्ट रूप से समर्थन किया गया।

बयान का प्रासंगिक पैरा है, उन्होंने (मंत्रियों ने) विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और अंतरराष्ट्रीय कानून की पालना की जरूरत पर जोर दिया, खास तौर पर इस सिलसिले में समुद्र पर कानून के बारे में संयुक्त राष्ट्र संधि और दक्षिण चीन सागर में 2016 के पंचाट के फैसले को लेकर। वियतनाम सतर्क रहा है लेकिन अमेरिका के साथ बढ़ते संबंध स्पष्ट रूप से चीन के खिलाफ हैं और इसी रूप में माने जाएंगे।

फिलिपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के नए शासन के दौरान अमेरिका के साथ 1951 से चले आ रहे उसके सैन्य गठजोड़ में महत्त्वपूर्ण सुधार हुआ है। अमेरिका ने कई वर्षों की बाधाओं के बाद न केवल फिलिपींस के महत्त्वपूर्ण सैनिक अड्डों तक फिर से पहुंच हासिल कर ली है बल्कि उसे हाल में उसके चार अतिरिक्त सैनिक अड्डों तक पहुंच दी गई है।



**- श्याम सरण**

> अमेरिका की पहल पर कैंप डेविड में जून में अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया के नेताओं की बैठक हुई और उन्होंने कैंप डेविड सिद्धांतों को अंगीकार किया जिनमें हर साल त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन, नेताओं के बीच हॉटलाइन, खुफिया सूचनाओं की साझेदारी और सालाना सैन्य अभ्यास शामिल है। यह महत्त्वपूर्ण बात है कि तीनों देश ताइवान की खाड़ी में हालात को क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा पर असर डालने वाला मानते हैं।

मई 2023 में 1951 की संधि को लेकर नए दिशा निर्देश जारी किए गए थे जिनमें फिलिपींस की सुरक्षा, जिसमें विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) भी शामिल हैं, के सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए अमेरिकी प्रतिबद्धताओं को ज्यादा विशिष्ट तौर पर बताया गया है। अब ईईजेड में अमेरिका-फिलिपींस की संयुक्त गश्त का भी प्रावधान है। इससे अमेरिका और चीन के सैन्य और तटरक्षक पोतों के बीच सीधा टकराव बढ़ सकता है। अमेरिका की हिंद-प्रशांत रणनीति के लिहाज से सबसे महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम सफलतापूर्वक त्रिपक्षीय सुरक्षा ढांचा बनाना है जिसमें अमेरिका के अलावा दो महत्त्वपूर्ण सैन्य साथी जापान और दक्षिण कोरिया शामिल हैं। अमेरिका लंबे समय से दोनों सहयोगी देशों को साथ लाकर वास्तविक रूप से त्रिपक्षीय और समन्वित गठजोड़ बनाने के लिए काम करता आ रहा है लेकिन इसमें दोनों देशों के भीतर गहराई तक बैठी शत्रुता बाधा बनी जो 1910 से 1945 के दौरान कोरिया पर जापान के उपनिवेशवादी राज के तल्ख इतिहास से जुड़ी हुई है।

वैमनस्य की यह भावना आगे भी बनी रहेगी लेकिन चीन और अब परमाणु हथियार संपन्न उत्तर कोरिया से बढ़ते सुरक्षा खतरे ने उनकी आपसी शत्रुता को खामोश कर दिया है। हाल में संपन्न उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की रूस यात्रा और दोनों देशों के बीच बढ़ते सैन्य गठजोड़ की संभावना से टोक्यो और सोल के डर में इजाफा ही होगा।

अमेरिका की पहल पर कैंप डेविड में जून में अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया के नेताओं की बैठक हुई और उन्होंने कैंप डेविड सिद्धांतों को अंगीकार किया जिनमें हर साल त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन, नेताओं के बीच हॉटलाइन, खुफिया सूचनाओं की साझेदारी और सालाना सैन्य अभ्यास शामिल है। यह महत्त्वपूर्ण बात है कि तीनों देश ताइवान की खाड़ी में हालात को क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा पर असर डालने वाला मानते हैं।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येल ने ताइवान के मसले को ठीक उसी तरह वैश्विक मसला बताया है जैसे उत्तर कोरिया है। ताइवान पर दक्षिण कोरिया की अभी तक चली आ रही सतर्क स्थिति में यह बहुत महत्त्वपूर्ण बदलाव है। अमेरिका हिंद-प्रशांत में बहुस्तरीय सुरक्षा ढांचा बना रहा है। इसके सबसे निचले स्तर पर वियतनाम और दक्षिण एशिया के सिंगापुर और थाईलैंड जैसे कुछ देशों से साझेदारी है। इसके अगले स्तर पर क्वाड है जिसमें भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं।

क्वाड में भारत की स्थिति विशिष्ट है क्योंकि वह साथी नहीं बल्कि दूसरे अन्य सभी देशों से उसकी सामरिक साझेदारी है। यह अभी तक पूरी तरह बहु स्तरीय नहीं बनी है, सिवाय इसके कि सालाना मलाबार नौसेना अभ्यास के। इसके अगले स्तर पर अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के बीच त्रिपक्षीय सैन्य गठजोड़ को रखा जा सकता है। और शीर्ष स्तर पर ऑकस को रख सकते हैं जो अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के बीच महत्त्वपूर्ण सैन्य साझेदारी है। इसकी महत्त्वपूर्ण बात ऑस्ट्रेलिया को परमाणु पनडुब्बी ताकत के रूप में सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्धता है। इसके लिए हिंद प्रशांत में अमेरिका और ब्रिटेन की नौसैनिक ताकत साथ साथ काम कर रही है।

अमेरिका के नेतृत्व में इस क्षेत्र में सुरक्षा ढांचे में एशियाई देशों को कमजोर कड़ी के रूप में देखा जा सकता है। लाओस और कंबोडिया जैसे कुछ देश हैं जो पूरी तरह चीन के साथ नहीं है। दूसरों को चीन की नाराजगी का डर है क्योंकि वह उनका सबसे महत्त्वपूर्ण आर्थिक साझेदार है। हालांकि भविष्य की संभावनाओं के कुछ संकेत भी हैं। एशियाई देश पहली बार अपना नौसैनिक अभ्यास इसी महीने नातुना द्वीप समूह में कर रहे हैं जो

## खास बात

### हरित क्रांति के जनक नहीं रहे

प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक और देश की हरित क्रांति में अहम योगदान देने वाले स्वामीनाथन का निधन हो गया। वह 98 वर्ष के थे। उनके परिवार में तीन बेटियां हैं। एम एस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन के सूत्रों ने बताया कि उनका कुछ वक्त से उम्र संबंधी बीमारियों के लिए इलाज चल रहा था।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- कृषि क्षेत्र में स्वामीनाथन के अभूतपूर्व योगदान ने लाखों लोगों के जीवन को बदला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन के निधन पर दुख जताया और साथ ही कहा कि कृषि क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान ने लाखों लोगों के जीवन को बदला और राष्ट्र के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की।

प्रधानमंत्री ने स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारत को प्रगति करते देखने का उनका जुनून अनुकरणीय था तथा उनका जीवन और कार्य आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। देश की हरित क्रांति में अहम योगदान देने वाले स्वामीनाथन का बृहस्पतिवार को चेन्नई में निधन हो गया। वह 98 वर्ष के थे।

मोदी ने पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, डॉ एम एस स्वामीनाथन के निधन से गहरा दुख हुआ। हमारे देश के इतिहास में एक बहुत ही नाजुक अवधि में, कृषि में उनके अभूतपूर्व योगदान ने लाखों लोगों के जीवन को बदल दिया और हमारे राष्ट्र के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि में अपने क्रांतिकारी योगदान से इतर, स्वामीनाथन इनोवेशन के पावरहाउस और कई लोगों के लिए वह एक कुशल संरक्षक भी थे। उन्होंने कहा कि अनुसंधान और लोगों के लिए प्रतिपालक की अपनी भूमिका को लेकर उनकी अटूट प्रतिबद्धता ने अनगिनत वैज्ञानिकों और अन्वेषकों पर एक अमिट छाप छोड़ी ।

उन्होंने कहा, मैं डॉ स्वामीनाथन के साथ अपनी बातचीत को हमेशा संजोकर रखूंगा। भारत को प्रगति करते देखने का उनका जुनून अनुकरणीय था। उनका जीवन और कार्य आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना।

# स्वामी श्री राम

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

राजा दशरथ के चारों पुत्रों से महर्षि वशिष्ठ ने कहा कि आप चारों भाइयों का काम इस तरह से होगा कि श्री राम सबके स्वामी रहेंगे और लक्ष्मण जी इनके शरीर के सेवक रहेंगे। भरत श्री राम की आज्ञा में रहेंगे और भरत जी दास रहेंगे। शत्रुध्न जी भरत के पीछे साया की तरह रहेंगे। इस तरह से आप चारों भाइयों का जीवन बीतेगा। गुरु के आज्ञा पर चारों भाई अटल रहे।

यही कारण था कि चित्रकूट में वसिष्ठ जी ने कह दिया कि भरत जी वही करो जो श्री राम जी चाहते हैं। श्री राम ने कहा भाई भरत गुरु महाराज की आज्ञा है तो बोलो हम क्या करें। भरत बोले गुरु जी की आज्ञा मेरे प्रति है कि तुम दास हो और श्री राम मालिक। किसी भी परिस्थिति में दास आज्ञा नहीं करता मालिका आज्ञा करता है। आप मालिक है आप आज्ञा किजीए और मैं दास हूं आज्ञा का पालन करूंगा। राम ने कहा कि मेरी इच्छा है आप 14 वर्ष तक राजपाट संभालें। चौदह वर्ष बाद मैं अयोध्या आने पर राजपाट संभालूंगा। भरत जी बोले बिल्कुल ठीक। आपकी चरण पादुका मुझे मिल जाए मैं इसे गद्दी पर रखकर राज चला लूंगा। इसलिये कि अयोध्या के लोग जान जायेंगे कि राज श्री राम का है अन्यथा वे भरत का राज ही जानने लगेंगे। इस प्रकार इन चारों भाइयों के बीच परस्पर कार्यो का नियत गुरु महाराज वसिष्ठ जी ने किया। जहां भरत जी गये वहां शत्रुध्न जी गये। कहां राम हैं कहां लक्ष्मण उन्हें इस बात से मतलब नहीं था।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

**झारखंड** में अगले वर्ष भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के साथ ही 6 महीने अंदर राज्य के सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाएगी मैं झरिया की धरती से राज्य के लाखों युवाओं को आश्वस्त करता हूं कि पिछले चार सालों से नौकरी के लिए दर-दर भटक रहे युवाओं को उनका हक दिया जाएगा ।

**–बाबूलाल मंराडी, विधायक**

## आपके ट्वीट

दिल्ली के कीर्तिनगर स्थित एशिया के सबसे बड़े फर्नीचर मार्केट जाकर बढ़ई भाइयों से मुलाकात की। - मजबूती और खुबसूरती तराशने में माहिर! काफी बातें हुई, थोड़ा उनके हुनर को जाना और थोड़ा सीखने की कोशिश की।

**– राहुल गांधी, सांसद**





देश का आदिवासी समुदाय पिछले कई वर्षों से अपने धार्मिक अस्तित्व की रक्षा के लिए जनगणना कोड में प्रकृति पूजक आदिवासी/सरना धर्मावलंबियों को शामिल करने की मांग को लेकर संघर्षरत है।

**– हेमंत सोरेन**

# शिक्षा एवं समाजसेवा में समर्पित पंच परगना के सपूत निरंजन महतो

**कमलेश महतो**

**(पंचपरगना के सपूत स्व निरंजन महतो की 84वीं जयन्ती के अवसर पर)**

निरंजन महतो सादगी तथा सरलता के प्रतिमूर्ति थे। वे शिक्षा पर विशेष ध्यान देते थे। समाज की कुरीतियों को त्यागकर रचनात्मक एवं विकास कार्यों में सक्रिय योगदान देने हेतु गांव के युवकों को सदैव प्रेरित करते थे। भाषा एवं संस्कृति के उन्नयन में कभी अभिरूचि रखते थे एवं बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी निरंजन महतो का जन्म 29 सितम्बर 1939 को राँची जिलान्तर्गत तमाड़ प्रखण्ड के पेड़ाईडीह गांव में एक साधारण कृषक परिवार में हुआ था।

प्रकृति की सुरम्य गोद में बसा गांव में मुण्डा-मानकी-महतो तथा अन्य जातियॉ निवास करते हैं। उनकी माता का नाम पान्नो देवी एवं पिता का नाम राधामोहन महतो था। दोनों ही धार्मिक प्रकृति के थे। भजन-कीर्तन, पूजा-पाठ में मग्न रहते थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव के प्राथमिक विद्यालय में हुई थी। तत्पश्चात गांव से करीब 7 कि.मी. दूर तमाड़ जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त की। विद्यालय जाने के रास्ते में घाघरी नदी मिलती थी। बरसात के दिनों में नदी की तेजधार से बहुत दूर तक बह कर गये थे। एक बार भैंस चराने वालों ने दूसरे बार गांव के चौकीदार ने छलांग लगाकर उनकी जान बचायी थी। काफी कठिनाईयों को झेलते हुए आदिवासी छात्रावास में रहकर 1961 में रॉंची कॉलेज रॉंची से स्नातक, 1963 में रॉंची विश्वविद्यालय रॉंची से स्नातकोत्तर तथा 1965 में बी.एड. की परीक्षा पास की। वे

## व्यक्तित्व

हिन्दी एवं अंग्रेजी के प्रखर ज्ञाता थे। तत्कालीन मजदूर नेता राम श्रृंगार सिंह के कहने पर वे सारजमडीह उच्च विद्यालय में पढ़ाने काम किये और दो तीन वर्ष बाद डुगरी टांगरडीह उच्च विद्यालय चैनपुर, गुमला में 190 रूपया मासिक वेतन पर स्थायी नौकरी शुरू की। एक वर्ष के बाद नवाडीह तमाड़ के प्रतिष्ठित अधिवक्ता गोविन्द चन्द्र महतो उर्फ फतु बाबु के आग्रह पर नावाडीह में एक माध्यमिक विद्यालय खोलकर प्रथम प्रधानाध्यापक के रूप में योगदान दिया।

स्कूल भवन निर्माण हेतु कभी नदी से बालू गांव-गांव जाकर बांस बल्ली धरना आदि का जुगाड़ करने का दायित्व भी प्रधानाध्यापक का ही था। लगातार 10 वर्ष तक अवैतनिक रहकर आर्थिक तंगी के बावजूद अथक परिश्रम कर ग्रामीणों के सहयोग से 5 एकड़ सरकारी जमीन बिहार सरकार पटना के राजस्व विभाग द्वारा विद्यालय के नाम से हासिल किये। 29.12.1973 को उच्च विद्यालय का स्थापना अनुमति मिली। ढाई वर्ष के बाद विद्यालय के पठन-पाठन, छात्रों की संख्या, उत्कृष्ट परीक्षाफल, अनुशासन को देखते हुए कला एवं विज्ञान में पढ़ाई हेतु प्रस्वीकृति मिली। इस तरह दुर्गम पिछड़े हुए क्षेत्र में स्व0 निरंजन महतो ने उच्च विद्यालय की स्थापना एवं प्रस्वीकृति दिलाकर अशिक्षा एवं अज्ञानता रूपी अधिकार को मिटाकर ज्ञान रूपी ज्योति से प्रकाशित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। जब तक यह उच्च विद्यालय रहेगा क्षेत्र के लोगों में स्व0 निरंजन महतो का नाम उनकी निष्काम मेहनत, त्याग, स्पष्टवादिता, अनुशासनप्रियता को बरबस लोगों को स्मरण रहेगा।

सेवाकाल के तीन वर्ष पूर्व स्व0 निरंजन महतो सरायकेला-खरसावां जिला के उच्च विद्यालय सिरूम में स्थानांतरित हुए और अल्पावधि में वहां भी एक सफल प्रधानाध्यापक के रूप में अमिट छाप छोड़ी। बाद में अपने गृह प्रखण्ड तमाड़ प्रखण्ड के उच्च वि0 रूगड़ी में कार्य कर सेवानिवृत हुए। ये समय के पक्के थे। विद्यालय में सबसे पहले पहुंचते थे और सबसे बाद में घर जाते थे। विद्यालय परिवार को सदैव स्वच्छ तथा हरा-भरा रखते थे। उनके द्वारा विद्यालय प्रांगण में रोपे गये पौधे आज भी विद्यमान है।

## कॉर्टून वर्ल्ड

**तीव्र विकास की कीमत ...**



साभार कॉर्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडीटर

### रोकें भ्रमजाल

**चुनाव** का बिगुल बजते ही लुभावने वादों के साथ जन प्रतिनिधि जनता के दरबार में सेवक की भांति पेश होते दिखाई देते हैं। गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी दूर करना, मुफ्त बिजली-पानी, मकान, मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं, किसानों का कर्ज माफ व उनकी आय दोगुनी करना ये ऐसे कुछ वादे हैं जिन्हें अपने चुनाव घोषणा-पत्र में शामिल कर रही हैं।

**– रविकांत सिंह, रांची**

### हाइड्रोजन फ्यूल बस

**हाल** ही में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने दिल्ली के कर्तव्य पथ पर देश की पहली हाइड्रोजन फ़्यूल बस को हरी झंडी दिखाई। इससे दिल्ली जैसे प्रदूषित शहर में वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने में काफी मदद मिलेगी और वातावरण को बेहतर बनाया जा सकता है। इस ईंधन के उपयोग से पेट्रोल एवं डीजल की तुलना में लागत घटेगी और कार्बन उत्सर्जन घटेगा।

**–डिम्पी चौधरी, जमशेदपुर**

# पूर्वजों को याद कर उन्हें नमन करने का पर्व है श्राद्ध

**डॉ. श्रीगोपाल नारसन**

**प्रतिवर्ष** भाद्रपद पूर्णिमा से पितृपक्ष प्रारंभ हो जाता है, जो आश्विन अमावस्या तक अर्थात 16 दिनों तक चलता है। इस साल पितृ पक्ष की शुरूआत 29 सितंबर से हो रही है और श्राद्ध पक्ष का समापन 14 अक्टूबर को होगा। श्राद्ध पक्ष की अवधि में पूर्वजों के निमित्त पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध कर्म किए जाते हैं। ऐसा करने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है, जिससे पूर्वज प्रसन्न होते हैं।

कहा जाता है कि पितरों के प्रसन्न होने से वंशजों का भी कल्याण होता है। जो लोग पूरे श्राद्धपक्ष में अपने पूर्वजों का तर्पण, पिंडदान न कर पाए हों वह सर्वपितृ अमावस्या के दिन पितरों के निमित्त श्राद्ध कर सकते हैं। इस दिन बिहार के गयाजी में पिंडदान करने का सबसे ज्यादा महत्व है। इस साल आश्विन माह की सर्वपितृ अमावस्या के दिन साल का दूसरा और आखिरी सूर्यग्रहण भी लग रहा है। सर्वपितृ अमावस्या पर सूर्य ग्रहण रात 08.34 मिनट से अगले दिन प्रातः 02.25 मिनट तक रहेगा। यह वलयाकार सूर्य ग्रहण होगा, जो भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए इसका सूतक काल भी नहीं रहेगा।

सर्वपितृ श्राद्ध का महत्व

सर्वपितृ अमावस्या को महालया अमावस्या और पितृ विसर्जनी अमावस्या भी कहते हैं। पितृ पक्ष में पूर्वज धरती पर अपने परिवार के बीच आते हैं और उन्हें आशीर्वाद देते हैं, ऐसी धार्मिक मान्यता है। सर्वपितृ अमावस्या पर पितरों को सम्मानपूर्वक श्राद्ध, पिंडदान और पूजा करते हुए विदाई दी जाती है। कहते हैं सर्वपृित अमावस्या तिथि पर किया गया श्राद्ध, परिवार के सभी पूर्वजों की आत्माओं को प्रसन्न करने के लिये पर्याप्त है। सर्वपितृ अमावस्या पर परिवार के उन मृतक सदस्यों का श्राद्ध किया जाता है जिनकी मृत्यु अमावस्या तिथि, पूर्णिमा तिथि तथा चतुर्दशी तिथि को हुई हो।

अगर किसी कारणवश मृत्यु तिथि पर श्राद्ध करने में सक्षम न हों, तो वो मात्र अमावस्या तिथि पर श्राद्ध कर सकता है। जिन पूर्वजों की पुण्यतिथि ज्ञात नहीं है, उनका श्राद्ध भी अमावस्या तिथि पर किया जा सकता है, इसीलिये अमावस्या श्राद्ध को सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के नाम से भी जाना जाता है।

श्राद्ध पक्ष के दिनों में- ।।ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय।। -मन्त्र का वाचन करना चाहिए। जिस दिन श्राद्ध हो उस दिन श्राद्ध की शुरूआत और समापन में- ।।देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्यन एव च। नमः स्वा्हायै स्व धायै नित्ययमेव भवन्युव त।। -मंत्र का वाचन करें।

पितृ दो प्रकार के होते हैं। एक दिव्य पितर और दूसरे पूर्वज पितर। दिव्य पितर ब्रह्मा के पुत्र मनु से उत्पन्न हुए ऋषि हैं। पितरों में सबसे प्रमुख अर्यमा हैं, जिनके बारे में गीता में श्रीकृष्ण ने कहा है कि पितरों में प्रधान अर्यमा वे स्वयं हैं।

दूसरे प्रकार के पितृ पूर्वज होते हैं। पितृपक्ष में अपने इन्हीं पितरों को लोग याद करते हैं और इनके नाम से पिंडदान, श्राद्ध और ब्राह्मण भोजन करवाते हैं। कठोपनिषद्, गरुड़ पुराण, मार्कण्डेय पुराण के अनुसार पितृ अपने परिजनों के पास पितृ पक्ष श्राद्ध के समय आते हैं और अन्न जल एवं आदर की अपेक्षा करते हैं। जिन परिवार के लोग पितृ पक्ष के दौरान पितरों के नाम से अन्न जल दान नहीं करते, श्राद्ध कर्म नहीं करते हैं, उनके पितर भूखे-प्यासे धरती से लौट जाते हैं। इससे परिवार के लोगों को पितृ दोष लगता है। इसे पितृ शाप भी कहते हैं। इससे संतान प्राप्ति में बाधा आती है। परिवार में रोग और कष्ट बढ़ जाता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### रजरप्पा मंदिर में गंगा आरती कल

**रामगढ़।** नमामि गंगे योजना के तहत 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक की अवधि को स्वच्छता ही सेवा अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर 30 सितंबर शाम 5:30 बजे से रजरप्पा मंदिर परिक्षेत्र अंतर्गत दामोदर एवं भैरवी नदी के संगम पर भव्य गंगा आरती होगा। उपायुक्त ने जिले वासियों से 30 सितंबर को नमामि गंगे योजना के तहत रजरप्पा मंदिर परिसर में आयोजित गंगा आरती में शामिल होने की अपील की है । उन्होंने सभी को जानकारी दी है कि जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा रामगढ़ शहर अंतर्गत थाना चौक के समीप गांधी घाट को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने का निर्णय लिया गया है जिसके उपरांत गांधी घाट पर भी नियमित रूप से आरती का आयोजन किया जा सकेगा । पर्यटकों व जिले वासियों के लिए वोटिंग, बच्चों के लिए विभिन्न खेलकूद की सुविधाएं आदि भी वहां उपलब्ध होंगी। इसे लेकर भी उपायुक्त ने सभी जिले वासियों को अपने महत्वपूर्ण सुझावों से जिला प्रशासन को अवगत कराने की अपील की है।

### शहीद भगत सिंह की जयंती मनी



**रामगढ़ ।** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में गुरवार को शहीद भगत सिंह जयंती मनाई गई । मौके पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने कहा कि भारत के अमर शहीदों में सरदार भगत सिंह का नाम सबसे प्रमुख रूप से लिया जाता है। उन्होंने कहा कि उनके विचारों को आत्मसात करने की जरुरत है। विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह आज भी युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं वह आजादी के लिए जेल गए और सजा होने पर हँसते हँसते फाँसी के फन्दे पर झूल गए, लेकिन आखिरी साँस तक इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाते रहे।

### बूथ सशक्तिकरण को लेकर बैठक



**कुजू।** भाजपा जिला कार्यालय में गुरुवार को बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरि व संचालन महामंत्री सुनील प्रसाद साहू ने किया। मौके पर रंजीत कुमार सिन्हा, रंजीत पांडेय, राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, जिला संजीव कुमार बावला, भोला सिंह, रामप्रसाद मलिक, छठी लाल, गौतम राम, मंजू देवी, रणधीर सिंह, हरि कुशवाहा, कमलेश बेदिया, रोहन लाल, विनोद प्रसाद, अनिल यादव, प्रमोद यादव, मुकेश ठाकुर, नरोत्तम सिंह, राजेश महतो आदि मौजूद थे।

### लबगा मुखिया के निधन पर शोक



**बासल (रामगढ़)।** लबगा पंचायत की मुखिया हेमा कुमारी के निधन पर लबगा पंचायत के किन्नी गांव में गुरूवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। स्व. हेमा कुमारी मृदुलभाषी एवं सरल स्वभाव का व्यक्तित्व रखने वाली महिला थी। उनकी चंचलता, बोलने की मधुर शैली व कार्य के प्रति समर्पित भाव तथा मिलनसार व्यवहार के कारण ग्रामीणों सहित पदाधिकारी भी उनके प्रभावित थे। शोक संवेदना प्रकट करने वालो में रोहन मुंडा, महेश चौधरी, अर्जुन यादव, दिनेश भुंइया, भवानी गोप, प्रदीप महतो, भुनेश्वर पाहन, दीपक लिंडा, कपील मुंडा, सुशील टोप्पो, उपेंद्र सिंह खरवार, महादेव मुंडा, नंदकिशोर ठाकुर, गणेश करमाली, प्रकाश मुंडा, तुलसी सिंह खरवार, मुकेश महतो, चरका महतो, राजू महतो, विमल, कलाचंद महतो, रमेश करमाली सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

### बूथ सशक्तिकरण को लेकर बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बूथ सशक्तिकरण को ले गुरूवार को भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में भाजपाईयों की बैठक हुई। बैठक अध्यक्षता भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा व संचालन मंडल महामंत्री महेंद्र सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मंडल प्रवासी चंद्रशेखर चौधरी, मंडल प्रभारी दिलीप सिंह, हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नारायण चंद्र भौमिक मौजूद थें। बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई। मौके पर ओबीसी मोर्चा के दक्षिणी प्रमंडल प्रभारी योगेश दांगी, जगतार सिंह, अमरेश सिंह, राजन पांडेय, अनिता राय, अशोक सोनी, ज्योति सिंह, गीता श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता, अजय पासवान, कन्हैया सिंह यादव, आकाश साहू, राजेश श्रीवास्तव, संतन सिंह, विकास मोहन मिश्रा सहित दर्जनों भाजपाई मौजूद थे।

### भगत सिंह के जन्मदिन पर कवि सम्मेलन



भुरकुंडा (रामगढ़)। शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह के 116वें जन्म दिवस के अवसर पर भुरकुंडा पंचायत भवन में गुरूवार को क्रांतिकारी कवि सम्मेलन हुआ।। सरोज झा झारखंडी व मीत जरमस्तपुरी के नेतृत्व में आयोजित कवि सम्मेलन में कवि डॉ सुरेंद्र कौर नीलम, कवि चंद्रिका ठाकुर देशदीप, मनीष कुमार नंदन, चंदन प्रजापति, आकाश गिरी, अमन प्रियदर्शी, हर्षित राजधीर सिंह, शैलेजा कुमारी ने अपनी कविताओं की प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान रांची, डाल्टनगंज, लोहरदगा, हजारीबाग व स्थानीय कवियों ने भगत सिंह के जन्मदिन पर क्रांतिकारी प्रस्तुति किया। मां भारती के लाल है रक्त विजय के भूखे है। हम वही भगत सिंह की बोई हुई बंदूके हैं की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मौके पर मुखिया अजय पासवान, परमजीत सिंह धामी, विनय कुमार सिंह, भुपेन्द्र सिंह सैनी उर्फ जीबू, संजय मिश्रा, अवधेश कुमार सिंह, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर जलसा में शामिल हुए उमाशंकर अकेला, कहा

# शांति का संदेश देता है इस्लाम

**खबर मंत्र संवाददाता**



बरही। प्रखंड के अलगड़ीहा के मोहम्मदिया मैदान में बारह रबीउल अव्वल मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर जलसा का आयोजन किया गया। जलसा में विधायक उमाशंकर अकेला, सांसद प्रतिनिधि सह जीप प्रतिनिधि गणेश यादव, अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कयूम, विधायक प्रतिनिधि सह मीडिया प्रभारी मो तौकीर रजा, सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू खान, मो जमीरद्दीन शामिल हुए। कार्यक्रम मुफ्ती मुजाहिद साहब की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संचालन हाफिज तैयब साहब ने किया। इस कार्यक्रम में अलगड़ीहा, जवाड, बेला, भंडारों, इस्लामाबाद, हथगड्डा, गरजामु, डुमरियाडीह, बेजलाडीह, गुडियो, पडरिया, मलकोको के लोग इकट्ठा हुए। लोगों को संबोधित करते हुए विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि इस्लाम शांति का संदेश देता है नफरतों का नहीं, इसलिए हमें सबसे प्रेम भरा व्यवहार करना चाहिए। मौके पर विजैया पंचायत के पूर्व मुखिया दसरथ यादव, मुनिलाल यादव, प्रभु यादव, संजय यादव, रमजान अंसारी, सहित हजारों मुस्लिम समाज के लोग शामिल थे।

### कटकमदाग में निकला मिलादुन्नबी का जुलूस



**कटकमदाग।** प्रखण्ड के सभी मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला जामा मस्जिद के इमाम साहब मोहम्मद शमसुद्दीन रिजवी ने बताया कि आज के दिन ही मोहम्मद सलल्लाहो अलैहे वसल्लम का जन्म साउदी अरब के मक्का में हुआ था। उनकी पैदाइश पूरी दुनियाई इंसानियत को अमन वा शांति का पैगाम देता है। ढेगुरा,दामोडीह, कूद,मसरतु, पसई से जुलूस निकला और शहर हजारीबाग के जुलूस में शामिल हुआ । सुलताना, सलगा,सादमपुर ,तिलैया, हाथामेढ़ी, कटकमदाग,का जुलूस एक साथ शामिल होकर निकला और सलगा से होते हुए हाथामेढ़ी तक जाकर फिर सुलताना में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। मौके पर खुर्शीद, कासीम, गुलाम रब्बानी, नाईम, मोशाहिद रजा,अखतर हुसैन सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए।

### मो क्यूम ने एकता और भाईचारे का दिया संदेश



**बरही।** अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष सह पूर्व जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने ईद मिलादुन्नबी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मोहम्मद साहब ने सच्चाई, ईमानदारी, भाईचारा व एकता का संदेश पूरे विश्व को दिया है हम हजरत मोहम्मद साहब के आदर्शों का पालन करें। उन्होंने कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब इंसानियत के तरफदार और परस्पर सद्भाव के पैरोकार थे। दुनिया को बेटी बचाओ का पहला संदेश पैगंबर साहब ने ही दिया। पहले लोग बेटियों के जन्म को पाप समझकर मार देते थे लेकिन पैगंबर साहब ने बताया कि बेटियां खुदा की रहमत है, जहमत नहीं इसका पैगाम दुनिया को दिया। मो क्यूम ने मुस्लिम भाइयों से अपील की कि वह अपने बच्चों को अच्छी तालीम देकर देश का आदर्श नागरिक बनाये और बड़े पदों पर जाकर गांव समाज का नाम रौशन करें।

# भाई की लंबी उम्र के लिए किया जाता है करमा पर्व : सुदेश महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### कुजू में आजसू ने किया झूमर प्रतियोगिता



**कुजू।** आजसू पार्टी द्वारा मुरपा तरवाटांड में विधानसभा स्तरीय बूढ़ा करमा झूमर प्रतियोगिता हुआ। समारोह में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो व गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी शामिल हुए। सुदेश महतो ने कहा कि यह करमा पर्व भाई की लंबी उम्र के लिए करम डाली स्थापित कर पूजा की जाती है। वहीं रीझ रंग की हमारी संस्कृति को जीवंत करता है।उन्होंने कहा कि करमा का पर्व प्रकृति और संस्कृति के प्रति आस्था और प्रेम का संदेश देता है। चंद्र प्रकाश चौधरी ने करमा पर्व की बधाई देते हुए कहा कि यह संस्कृति सिर्फ और सिर्फ गांव तक सीमित है। इसलिए गांव ही नहीं बल्कि प्रखंड स्तर से लेकर राज्य स्तर तक इसकी पहचान हो इसके लिए हमें बेहतर प्रयास करने होंगे। इधर आयोजित झूमर प्रतियोगिता में करीब पांच दर्जन से अधिक झूमर टीमों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो एवं संचालन जिला सचिव लालचंद महतो ने किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, मांडू प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो, परमेश्वर महतो, हेमलाल महतो, तेजनाथ महतो, जयकिशोर महतो, काशी महतो, सुनीता देवी आदि शामिल थे।



कुजू : झुमर प्रतियोगिता में नगाड़ा बजाते सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी।

### आजसू के महाधिवेशन में रांची जायेंगे राजसिंह चौहान



**बरही।** आजसू पार्टी का तीन दिवसीय राज्य स्तरीय महाधिवेशन रांची में विधानसभा प्रभारी राजसिंह चौहान सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ महाधिवेशन में शामिल होंगे। श्री चौहान ने कहा कि 29, 30 सितंबर एवं 01 अक्टूबर को होने वाले अधिवेशन में कार्यकर्ताओं को पार्टी के विषय में कई जानकारी दी जाएगी। आगामी चुनाव के तैयारियों पर भी चर्चा होगी। जिसमे बरही से सैकड़ों कार्यकर्ता रांची के मोराबादी मैदान इस सम्मेलन में भाग लेने जाएंगे। महाधिवेशन में राज्य के युवाओं, महिलाओं और बुजुर्ग लोगों की समस्याओं, विचारों और सुझावों पर मंथन किया जाएगा।उन्होंने कहा कि इस महाधिवेशन के माध्यम से पार्टी की संगठन से जुड़ी कई अहम बातों पर चर्चा किया जायेगा।साथ ही राज्य के बड़े राजनेताओं के माध्यम से अगले चुनाव की दिशा व दशा तय किया जायेगा।

### सफाई कर्मी और रात्रि प्रहरी नियुक्त

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में पंचायत भवन की साफ सफाई और रात्रि प्रहरी के लिए पंचायती राज के तहत एक सफाई कर्मी को रखा जाना है। इसी को लेकर झरपो पंचायत भवन में एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता झरपो मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ने किया। ग्राम सभा में सात व्यक्तियों ने अपना नाम दर्ज करवाया। अधिक व्यक्तियों की संख्या बढ़ते देख ग्रामीणों की आग्रह पर मुखिया शिबू प्रसाद सोनी उपप्रमुख रवि वर्णवाल, पंचायत सचिव अर्जुन प्रसाद, बीएफ्टी चिंतामणि प्रसाद ने चुनाव करवाया। जिसमे बसंत कुमार को 1 मत, छोटन कुमार को 16 मत, गणेश राम को 79 मत, निर्मल भुइयां को 60 मत, नुनु राम को 55 मत, राधे राम को 16 मत, और राजेंद्र प्रसाद को 59 मत मिले। गणेश राम 79 मत लेकर सफाई के कर्मी के लिए चयनित किये गये।

## स्कूल की जमीन पर चहारदिवारी निर्माण को ले भड़के ग्रामीण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चरही।** चुरचू प्रखंड और आंगो थाना क्षेत्र के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय आंगो की दान में दी गई भूमि पर अतिक्रमण किए जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। स्कूल की दान की गई रैयती जमीन जिसका खाता नंबर 03 और प्लॉट नंबर 1027 पर किसी सीसीएल ठेकदार द्वारा जबरन कर चहारदिवारी निर्माण किए जाने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा की गई है। इस संबंध में पंचायत के प्रतिनिधियों से लेकर ग्रामीण जनता द्वारा हस्ताक्षर युक्त लिखित आवेदन शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों से लेकर पुलिस प्रशासन को दिया है। आवेदन में लिखा है कि स्कूल का निर्माण वर्ष 1960 -61 में गैरमजुरुआ जमीन पर हुआ था। सामने की जमीन रैयती भूमि स्व.खेलो महतो पिता स्व.गांगो महतो ने ग्रामीणों की आग्रह पर स्वेच्छा से स्कूल के नाम पर इकरारनामा किए थे। वर्ष 2007-08 में विधायक मद से चारहदीवारी,पुलिस अधीक्षक मद से तार से घेराबंदी तथा नव भारत जागृति केंद्र संस्था के तहत प्लान इंडिया कर द्वारा बच्चों के खेलने के लिए झूला आदि लगाया गया है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से पौधा रोपण आदि किया गया है। अब उसी दान किए गए जमीन पर दानकर्ता स्व.खेलो महतो के वंशज उक्त भूमि पर जबरन अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है।

# भुरकुंडा में हजरत मोहम्मद का मना जन्मदिन

### ईद-ए-मिलाद-उल-नबी पर निकला भव्य जुलूस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इधर भुरकुंडा में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर जुलूस निकाला गया। जुलूस गुलसने रजा से शुरू हुई। जो बिरसा चौक से मैन रोड होते हुए भुरकुड़ा डीवीसी तक पहुंच कर वापस गुलसने रजा मस्जिद पहुंच कर समाप्त हो गई। जुलूस में शामिल सैकड़ो लोगों ने नवी-ए-पाक की सीरत का बयान और नारे लगाए। इस अवसर पर अकीदत मंद इस्लामी झंडा लेकर शामिल हुए। इस दौरान समाजसेवियों द्वारा स्टॉल लगाकर जुलूस में शामिल लोगों के स्वागत के लिए सरबत, जलेबी व पानी की व्यवस्था की गई थी। जुलूस में मौलाना अनवर, मुफ्ती मंसूर आलम, इम्तियाज अंसारी, फैयाज अंसारी, मुदस्सीर अलम, मो. शाकिर आलम, सलाउद्दीन मंसूरी, एहसान खान, एजाज कुरैशी, मकसूद तौहीद, महबूब आलम, अलाउद्दीन मंसूरी, नूर हाशिम, मोहम्मद शाहिद, मुदस्सिर सहित सैंकड़ो मुस्लिम धमार्लंबी शामिल हुए। पतरातू प्रखंड अंतर्गत रोचाप पंचायत के पाल में जश्ने ईद मिलादुनबी यानी पैगम्बर मुहम्मद साहब के जन्मदिन पर उनके शान में नात व तकरीर पढ़ा गया। देश की खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई। मौके पर सांसद प्रतिनिधि महेंद्र महतो सहित दर्जनों मुस्लिम धमार्वावलंबी मौजूद थे।

### विष्णुगढ़ में निकला जुलूस

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड में उल्लास के साथ 1498 वां यौम-ए-विलाद उन नबी मनाया गया। इस मुबारक के मौके पर चेडरा, व किर्तोडिह आदी में जुलुस ऐ मोहम्मदी का आयोजन किया गया। प्रखंड के चेडरा स्थित मदरसा अयाजुल वारसिया से इस्लामिया अंजुमन कमिटी के बैनर तले जुलूस ए मोहम्मदी का आयोजन हुआ। जुलूस पूरे अनुशासन के माहौल में कतारबद्ध और शांति के साथ हाथों में ईद मिलादुन्नबी के झंडों के साथ निकला गया। मदरसा अयाजुल वारसिया चेडरा से होते हुए अखाडा चौक, हॉस्पिटल मोड़, सातमिल मोड़ तक भ्रमण करते हुए वापस मदरसा अयाजुल वारसिया चेडरा में समापन हुआ। समाजसेवी सह झारखंडी एकता संघ के प्रवक्ता असगर खान के आवास पर भी वेज पुलाव एवं मिनरल वॉटर का वितरण किया गया। बिष्णुगढ़ नूरानी जामा मस्जिद के ईमाम इजराइल जी ने कहा कि पैगम्बर हजरत मोहम्मद (स.) के द्वारा प्रस्तुत किये गए उदहारण मानव समाज के लिए अनुकरणीय है।

## एक नजर में

### बेड़ोकला उप स्वास्थ्य केंद्र को मिला उत्कृष्ट स्थान



बरकट्ठा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा टीम गठित कर राष्ट्रीय गुणवाता अस्वशन मानक को लेकर झारखण्ड के विभिन्न उप स्वास्थ्य केन्द्रो का निरिक्षण किया जा रहा है। 30 अगस्त को बरकट्ठा प्रखंड के उप स्वास्थ्य केंद्र बेड़ोकला का निरिक्षण किया गया। इस दौरान झारखण्ड के विभिन्न उप स्वास्थ्य केन्द्रो मे से 95 प्रतिशत अंक के साथ सर्वाधिक अंक लाकर उत्तम स्थान प्राप्त किया है।

### सांसद ने लगाया निःशुल्क हेल्थ कैंप



**बड़कागांव।** सांसद जयंत सिन्हा हजारीबाग लोकसभा में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहे हैं। इसी क्रम में गुरूवार को बड़कागांव विधानसभा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क स्वास्थ्य लगाया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने शिविर का लाभ लिया। इस शिविर में आंख, शुगर, ब्लड प्रेशर, डेंगू, मलेरिया व टाइफाइड समेत अन्य महत्वपूर्ण जांचें की गयीं। जनरल फिजिशियन भी उपस्थित थे। जनता ने इस शिविर की काफी सराहना की और इसके लिए जयंत सिन्हा को धन्यवाद दिया। चार विधानसभाओं में आयोजित किए गए स्वास्थ्य शिविरों में अभी तक 700 से अधिक लोग लाभ ले चुके हैं। जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हम हजारीबाग लोकसभा को झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्रबिंदु बनाना चाहते हैं। इसी दिशा में हम पूरी निष्ठा के साथ कार्यरत हैं। यह स्वास्थ्य शिविर इसी लक्ष्य का प्रयास हैं। जनता को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें, इसके लिए हर साधन उपलब्ध करवा रहे हैं।

### अंबा प्रसाद ने किया नाली का शिलान्यास



**बड़कागांव।** काली मंदिर से लेकर दैनिक बाजार एवं थाना रोड स्थित दर्शन महतो के पुराने पेट्रोल पंप से लेकर हेल्थ होम तक 40 लाख राशि से नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर विधायक अंबा प्रसाद के आगमन पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के द्वारा बड़कागांव मुख्य चौक पर ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया गया। नाली निर्माण कार्य पूजा लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन के संवेदक प्रवीण कुमार द्वारा किया जाएगा। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि बड़कागांव प्रखंड में विकास की असीम संभावनाएं हैं कई रोड पुल पुलिया का निर्माण किया जा रहा है मेरा प्रयास है कि कोई भी रोड जर्जर नहीं रहे। मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ,जिला महासचिव पंकज गुप्ता, पूर्वी जिप सदस्य प्रतिनिधि समाजसेवी दीपक करमाली,सुरेश महतो,पदुम साव, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता,रमेश सिंह भोक्ता,दिनेश्वर पासवान,विजय पासवान के अलावा अन्य लोगों उपस्थित थे।

### बरही में टीएसएस ने चलाया सफाई अभियान

**बरही।** बरही चौक पर गंदगी की स्थिति को देखते हुए तिलेश्वर साहू सेना अध्यक्ष अरुण साहू ने सकारात्मक पहल करते हुए बरही चौक एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में सफाई अभियान प्रारंभ किया। सफाई अभियान में अरुण साहू ने जेसीबी मशीन लगाकर ट्रैक्टर से सड़कों के किनारे पड़े गंदगी को साफ कराया। इस मे अभियान में टीएसएस के दर्जनों सदस्यो ने भाग लेकरकर्यक्रमनको सफल बनाया। सफाई अभियान में मुख्य रूप से टीएसएस के बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, मीडिया प्रभारी बबलू साहू, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, युवाध्यक्ष सन्नी गुप्ता सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### कटकमदाग : पत्रकारों ने की सीओ से मुलाकात



**कटकमदाग।** प्रखंड के पत्रकारों की बैठक बुधवार को बानादाग पहाड़ी स्थित वरिष्ठ पत्रकार के.के. सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक के बाद कटकमदाग अंचल में नव पदस्थापित अंचल अधिकारी प्रशांत कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की गई। सीओ ने सभी पत्रकारों से परिचय प्राप्त की। उन्होंने पत्रकारों से पूर्व में पदस्थापित स्थलों, कार्यो व अनुभवों को साझा किया। कहा कि राजस्व का कार्य थोड़ी जटिल होती है। पर जनता के जो भी सही कार्य होगा उसे तत्काल निष्पादन करने का प्रयास करूंगा। विवादित मामलों के निष्पादन व लायन ऑर्डर दुरुस्त रखने में पत्रकारों से सहयोग की अपेक्षा जताई। पत्रकारों की बैठक में प्रेस भवन का निर्माण कराने, संघ का पुनर्गठन करने, प्रत्येक माह बैठक कर कोष संग्रह करने व समाचार संकलन के लिए समन्वय स्थापित करने पर चर्चा की गई। बैठक में लखन कुमार, अमित सहाय, मो. हासिम, अनिल राम, शशांक शेखर सिंह, भास्कर उपाध्याय, दुर्गेश कुमार सिंह, अनिल कुमार पासवान, अंकज कुमार ठाकुर आदि उपस्थित थे।

25 हैज पी 5 : पत्रकारों से मुलाकात करते सीओ

### आजीविका संकुल की मासिक समीझा बैठक

**कटकमदाग।** प्रखंड के मसरातू में जेएसएलपीएस के कटकमदाग आजीविका संकुल की मासिक समीझा बैठक पूनम देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सितंबर माह में संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। सभी कैडरों को अक्टूबर माह की कार्य योजना बताया गया। सखी मंडल से जुड़ी महिलाओं स्वरोजगार के लिए उपलब्ध कराए गये ऋण का सदुपयोग कर आर्थिक मजबूती पर जोर दिया गया। बैठक की समीक्षा बीपीएम राजकुमार के निर्देशन में सीसी रूपेश कुमार व आईपीआरपी ज्योति देवी ने की। बैठक में संकुल अंतर्गत 16 गावों के एडब्ल्यू, एकेएम, एपीएस, एफएलटी, भीओए, जेआरपी, बीसी, सीआरपी ईपी उपस्थित थे।

### सदर विधायक की पहल पर लगा ट्रांसफॉर्मर



**कटकमसांडी।** प्रखंड के कटकमसांडी के ग्राम पंचायत कटकमसांडी के चट्टी में 100 केवी और पंचायत बाझा के अंतर्गत एदला में 63 केवी का ट्रांसफार्मर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल की पहल पर लगाया गया। ट्रांसफार्मर लग जाने पर कटकमसांडी चट्टी के ग्रामीण और एदला के लोगों ने राहत की सांस ली है। विदित हो कि एक सप्ताह पूर्व शॉर्ट सर्किट से दोनो जगह ट्रांसफॉर्मर जल गया था। ग्रामीणों ने उसकी सूचना विधायक जायसवाल को दी।विधायक ने जानकारी मिलते ही विभागीय अधिकारियों से बातचीत कर तुरंत अपने कार्यालय प्रभारी विशेषांक वर्मा को विद्युत विभाग भेजकर ट्रांसफॉर्मर दिलवाया। मौके पर विधायक कार्यालय से विशेषांक वर्मा, विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा,अनुराग मित्तल उर्फ सीकू, लेखराज यादव,आदि लोग उपस्थित थे।

### प्रखंड में बारिश से गिरे दर्जनों मकान

तीन दिनों से रुक- रुक कर हो रही बरसात से गरीबों के कच्चे आशियाने गिरने लगे हैं। 24 घंटे में प्रखंड में दर्जन से अधिक लोगों के मकान गिर गए हैं। इससे लाखों की गृहस्थी दबकर नष्ट हो गई है। यही नहीं जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण कई लोगों के घरों में पानी भर गया है। ऐसे में उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत बाझा की ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की समस्या हो गई है। सीलन की वजह से मकान गिरने का सिलसिला जारी है। बाझा पंचायत के ग्राम एदला के शांति देवी पति नाम दशरथ राम का कच्चा मकान गिर गया।

### दिल की समस्या अब पुरुषों को ही नहीं महिलाओं को अपने चपेट में ले रही है

# देश में 25 प्रतिशत मौत दिल के रोग के कारण



**यह** एक आम गलतफहमी है कि हृदय रोग एक पुरुषों की समस्या है। अनुसंधान, रोकथाम और उपचार प्रयासों का ध्यान भी मुख्य रूप से पुरुषों पर ही रहा है। हाल के वर्षों के अध्ययनों और आंकड़ों से पता चला है कि भारत में महिलाओं को भी हृदय रोग का काफी खतरा है। यह कई लोगों के लिए आश्चर्य की बात हो सकती है, लेकिन भारत में हृदय रोग महिलाओं में मृत्यु का एक प्रमुख कारण बनता जा रहा है। तो, अब इस मूक खतरे पर प्रकाश डालने का समय आ गया है।

हृदय रोग एक व्यापक शब्द है जिसमें कई स्थितियाँ शामिल हैं। जिन स्थितियों के बारे में ज्यादातर लोग जानते हैं वे हैं कोरोनरी धमनी रोग और दिल का दौरा, जिसमें हृदय की धमनियों में रुकावटें पैदा हो जाती हैं, जिससे हृदय की मांसपेशियों के हिस्से में ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की आपूर्ति कम हो जाती है। अन्य हृदय रोगों में शामिल हैं, हृदय विफलता, जिसमें हृदय की मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं, और अतालता, जो हृदय ताल असामान्यताएं हैं। उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल, धूम्रपान, मोटापा, शारीरिक गतिविधि की कमी, मधुमेह और हृदय रोग का पारिवारिक इतिहास जैसे जोखिम कारक हृदय रोग विकसित होने की संभावना को बढ़ा सकते हैं।

भारत में, लगभग 25% मौतों के लिए हृदय रोग जिम्मेदार है, और इन मौतों में महिलाओं की हिस्सेदारी एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी के अनुसार, भारत में महिलाओं की मृत्यु का प्रमुख कारण हृदय रोग है, जो सभी महिला मृत्यु का लगभग 18% है। चौंकाने वाली बात यह है कि भारतीय महिलाओं में हृदय रोग के कारण मृत्यु दर स्तन कैंसर और अन्य कैंसर से होने वाली मृत्यु दर से अधिक है। अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के जर्नल में प्रकाशित अध्ययनों के अनुसार, भारतीय महिलाओं में कोरोनरी धमनी रोग की व्यापकता आयु वर्ग के आधार पर 3% से 13% तक है, और पिछले दो दशकों में लगभग 300% की वृद्धि हुई है। भारत में महिलाओं में दिल की विफलता की व्यापकता 2000 में 1.1% से दोगुनी होकर 2015 में 2.6% हो गई है। भारतीय महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने की औसत आयु 59 वर्ष है। विकसित देशों में महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने की औसत आयु की तुलना में। ये आंकड़े महिलाओं में हृदय रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें प्रभावित करने वाले अद्वितीय जोखिम कारकों को संबोधित करने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालते हैं।

ऐसे कई कारक हैं जो भारत में महिलाओं में हृदय रोग के बढ़ते जोखिम में योगदान करते हैं। एक प्रमुख कारक महिलाओं में उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल और मधुमेह जैसे जोखिम कारकों का उच्च प्रसार है। विशेष रूप से, अन्य देशों की महिलाओं की तुलना में भारतीय महिलाओं में मधुमेह का प्रसार अधिक प्रतीत होता है (जनसांख्यिकीय और स्वास्थ्य सर्वेक्षण कार्यक्रम और अंतर्राष्ट्रीय मधुमेह महासंघ के अनुसार वैश्विक औसत 9% के मुकाबले लगभग 12%)। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि मधुमेह विभिन्न आनुवंशिक, पर्यावरणीय और जीवनशैली कारकों से प्रभावित एक जटिल स्थिति है। भारतीय महिलाओं को अक्सर शारीरिक गतिविधि की कमी, खराब पोषण और सामाजिक और सांस्कृतिक मानदंडों के कारण बढ़ते तनाव जैसी अनोखी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जो हृदय रोग के जोखिम कारकों के विकास में योगदान कर सकते हैं। रजोनिवृत्ति के बाद महिलाओं में हृदय रोग का खतरा काफी बढ़ जाता है और कम उम्र में रजोनिवृत्ति हृदय रोग के लिए एक अतिरिक्त जोखिम कारक है।

भारत में महिलाओं में हृदय रोग से निपटने में एक और चुनौती इस स्थिति के बारे में जागरूकता और ज्ञान की कमी है। महिलाओं में हृदय रोग के लक्षण पुरुषों से भिन्न हो सकते हैं, और महिलाओं को अक्सर थकान, चक्कर आना, मतली, एसिडिटी, पेट खराब होना या सांस लेने में तकलीफ जैसे सूक्ष्म या असामान्य लक्षणों का अनुभव होता है, जिन्हें आसानी से अनदेखा किया जा सकता है या अन्य कारणों से जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। इससे निदान और उपचार में देरी हो सकती है, जिसके परिणामस्वरूप खराब परिणाम हो सकते हैं। इसके अलावा, सामाजिक मानदंड और सांस्कृतिक मान्यताएं महिलाओं को समय पर चिकित्सा सहायता लेने या अपने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं पर खुलकर चर्चा करने से हतोत्साहित कर सकती हैं, जिससे महिलाओं में हृदय रोग का निदान और उपचार कम हो जाता है। महिलाएं अक्सर अपने परिवार की देखभाल करने वाली होती हैं और दूसरों की देखभाल करने के लिए अपनी स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को नजरअंदाज कर देती हैं।

इसके अलावा, भारत में, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच में महत्वपूर्ण असमानताएं हैं। कई महिलाओं को हृदय संबंधी जांच, निवारक देखभाल और समय पर उपचार सहित गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंचने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच की कमी महिलाओं में हृदय रोग के बोझ को और बढ़ा देती है।

महिलाओं को स्वस्थ जीवन शैली बनाए रखने के महत्व के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए, जिसमें नियमित शारीरिक गतिविधि, स्वस्थ भोजन की आदतें, तंबाकू के उपयोग और धूम्रपान के संपर्क से बचना और तनाव का प्रबंधन शामिल है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में आने वाली बाधाओं को दूर करना भी आवश्यक है। अनुरूप हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

## आहार, व्यायाम और तनाव के बेहतर प्रबंधन से कम हो सकते हैं दिल की विफलता के मामले : डॉ साकेत कुमार

**डॉ साकेत कुमार**

**जब** आपका हृद्य शरीर के दूसरे अंगों तक सही तरीके से रक्त पहुंचाने में विफल होने लगता है तब उस स्थिति को हृदय की विफलता यानि हार्ट फेल्योर कहते हैं। इस स्थिति में हृदय की पंप करने की गति कम होने लगती है। इसके अलावा जब किसी व्यक्ति की मांसपेशियां बहुत सख्त हो जाती हैं, और रक्त का प्रवाह कम होता है, तब भी हृदय की विफलता हो सकती है। देश और दुनिया में हार्ट फेल्योर के बहुत सारे मामले आते रहते हैं, जिनमें कई बार गंभीरता के चलते व्यक्ति की मृत्यु भी हो जाती है। दुनियां भर में हृदय की विफलता से होने वाली मृत्यु दर सर्वाधिक है।

इस बारे में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ साकेत कुमार का कहना है कि दुनिया में बहुत पहले से हार्ट फेल्योर के मामले आते रहे हैं। यह एक गंभीर समस्या है, जिस पर नियंत्रण और प्रबंधन के लिये जीवनशीली में बदलाव पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है, इसलिये इसे महत्व दे। आप इस वक्त जिस दिनचर्चा का पालन कर रहे हैं, उसमें स्वस्थ शरीर निर्माण के लिये बदलावों को शामिल करें, जिसमें आहार, व्यायाम मानसिक स्वास्थ्य और दवा का संयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

डॉ. के अनुसार, कम सोडियम वाले आहार का सेवन करें। अपने खाने में फलों, सब्जियों, लीन प्रोटीन, और साबुत अनाजों को शामिल करें। इसके साथ ही अच्छे कोलेस्ट्रॉल के लिये मेवे, बीज और मछली आदि का सेवन करें। अपने दिल को मजबूत और स्वस्थ रखने के लिये रोजाना व्यायाम करें। अगर आपके चिकित्सक ने आपको किसी खास व्यायाम के बारे में निर्देशित किया है तो उनके सलाह के अनुसार दिनचर्या में शामिल करें।



(लेखक हृदय रोग विशेषज्ञ हैं।)

## इंटरहार्ट अध्ययन में, नौ जोखिम कारक

उच्च रक्तचाप, मधुमेह मेलिटस डिस्लिपिडेमिया, धूम्रपान, मोटापा जैसे पारंपरिक जोखिम कारक भारतीयों में सीएडी के बढ़ते प्रसार से जुड़े हुए हैं। इंटरहार्ट अध्ययन में, नौ सामान्य जोखिम कारकों (जिसमें शारीरिक निष्क्रियता, कम फल और सब्जियों का सेवन और मनोसामाजिक तनाव भी शामिल हैं) ने दक्षिण एशियाई लोगों में 90% से अधिक तीव्र रोधगलन (एएमआई) की व्याख्या की। हालाँकि, ये सभी जोखिम कारक अभी भी भारतीयों में सीएडी की बढ़ती व्यापकता या शुरूआत की कम उम्र को पूरी तरह से स्पष्ट नहीं कर सकते हैं। भारतीय जनसंख्या में पारंपरिक जोखिम कारकों का समग्र बोझ तेजी से बढ़ रहा है।

धूम्रपान 2016 तक, चीन के बाद, भारत तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता था। हालाँकि, जून 2017 में ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे-2 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में वयस्कों (>15 वर्ष) के बीच तंबाकू के उपयोग के प्रसार में 6% की गिरावट आई थी। 3 1995-1996 से 2016-2017 तक पुरुषों में धूम्रपान की दर में लगातार गिरावट आ रही थी और इसी अवधि में महिलाओं में 2.9% से 2% तक गिरावट आई थी। 3 पुरुषों में वर्तमान तम्बाकू धूम्रपान का प्रचलन (23.6%) वैश्विक प्रचलन (22%) से अधिक है। तंबाकू का उपयोग सीवीडी के लिए जिम्मेदार एकमात्र सबसे बड़ा परिवर्तनीय और प्रतिवर्ती जोखिम कारक है।

मधुमेह भारतीयों में 18 वर्ष की आयु के हर दस में से एक व्यक्ति के रक्त में ग्लूकोज का स्तर बढ़ा हुआ है। 2017 में भारत में मधुमेह के 73 मिलियन से अधिक मामले थे जो दुनिया भर के किसी भी देश में सबसे अधिक है। भारत में 20 से 70 वर्ष की आयु वर्ग में 8.8% की व्यापकता के साथ मधुमेह एक चुनौती बन गया है। 4 मधुमेह और अन्य गैर-संचारी रोगों की बढ़ती व्यापकता तेजी से शहरीकरण, वैश्वीकरण के साथ-साथ बढ़ती गतिहीन जीवन शैली, अस्वास्थ्यकर आहार, अधिक वजन और मोटापा, तंबाकू के उपयोग और बढ़ती जीवन प्रत्याशा से जुड़ी हुई है। स्वस्थ संतुलित आहार और नियमित शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा देने वाले व्यवहारिक परिवर्तन लाकर मधुमेह के बोझ को काफी कम किया जा सकता है।

उच्च रक्तचापभारत में 18 वर्ष से अधिक उम्र के हर चार में से एक व्यक्ति का रक्तचाप स्तर बढ़ा हुआ है। भारत में होने वाली कुल मौतों में से 10.8% का कारण उच्च रक्तचाप है। पिछले तीन दशकों में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में इसका प्रचलन तेजी से बढ़ा है। यह बोझ 2000 में 118 मिलियन से दोगुना बढ़कर 2025 तक 213.5 मिलियन हो जाने की उम्मीद है। 5 यह अनुमान लगाया गया था कि सीएडी का 16%, पीवीडी का 21%, एएमआई का 24% और स्ट्रोक के 29% मामले उच्च रक्तचाप के कारण होते हैं।

# भारतीय महिलाओं को अधिक है दिल का खतरा



**अध्ययनों** से पता चला है कि अन्य देशों की महिलाओं की तुलना में, भारतीय महिलाओं में गर्भकालीन मधुमेह (यूनाइटेड स्टेट्स में 17% बनाम 6-9%), प्रीक्लेम्पसिया (6-7% बनाम 4-5%) और गर्भकालीन उच्च रक्तचाप ( 10-11% बनाम 5-6%)। रजोनिवृत्ति के बाद महिलाओं में हृदय रोग का खतरा काफी बढ़ जाता है और कम उम्र में रजोनिवृत्ति हृदय रोग के लिए एक अतिरिक्त जोखिम कारक है। गर्भावस्था के दौरान मधुमेह (गर्भावधि मधुमेह), और गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्तचाप संबंधी विकार (प्रीक्लेम्पसिया और गर्भकालीन उच्च रक्तचाप) जैसी स्थितियाँ हृदय रोग के खतरे को बढ़ा सकती हैं। कई अध्ययनों से पता चला है कि अन्य देशों की महिलाओं की तुलना में, भारतीय महिलाओं में गर्भकालीन मधुमेह (यूनाइटेड स्टेट्स में 17% बनाम 6-9%), प्रीक्लेम्पसिया (6-7% बनाम 4-5%) और गर्भकालीन उच्च रक्तचाप ( 10-11% बनाम 5-6%)। रजोनिवृत्ति के बाद महिलाओं में हृदय रोग का खतरा काफी बढ़ जाता है और कम उम्र में रजोनिवृत्ति हृदय रोग के लिए एक अतिरिक्त जोखिम कारक है। गर्भावस्था के दौरान मधुमेह (गर्भावधि मधुमेह), और गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्तचाप संबंधी विकार (प्रीक्लेम्पसिया और गर्भकालीन उच्च रक्तचाप) जैसी स्थितियाँ हृदय रोग के खतरे को बढ़ा सकती हैं। कई अध्ययनों से पता चला है कि अन्य देशों की महिलाओं की तुलना में, भारतीय महिलाओं में गर्भकालीन मधुमेह (यूनाइटेड स्टेट्स में 17% बनाम 6-9%), प्रीक्लेम्पसिया (6-7% बनाम 4-5%) और गर्भकालीन उच्च रक्तचाप ( 10-11% बनाम 5-6%)। रजोनिवृत्ति के बाद महिलाओं में हृदय रोग का खतरा काफी बढ़ जाता है और कम उम्र में रजोनिवृत्ति हृदय रोग के लिए एक अतिरिक्त जोखिम कारक है। भारतीय महिलाओं में गर्भकालीन मधुमेह (यूनाइटेड स्टेट्स में 17% बनाम 6-9%), प्रीक्लेम्पसिया (6-7% बनाम 4-5%) और गर्भकालीन उच्च रक्तचाप (10-11% बनाम 5-6%) का प्रचलन अधिक है। रजोनिवृत्ति के बाद महिलाओं में हृदय रोग का खतरा काफी बढ़ जाता है और कम उम्र में रजोनिवृत्ति हृदय रोग के लिए एक अतिरिक्त जोखिम कारक है।

इसके अतिरिक्त, गर्भावस्था और रजोनिवृत्ति के दौरान हार्मोनल परिवर्तन भी एक महिला के हृदय स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल सकते हैं। गर्भावस्था के दौरान मधुमेह (गर्भावधि मधुमेह), और गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्तचाप संबंधी विकार (प्रीक्लेम्पसिया और गर्भकालीन उच्च रक्तचाप) जैसी स्थितियाँ हृदय रोग के खतरे को बढ़ा सकती हैं। भारतीय महिलाओं में गर्भकालीन मधुमेह (यूनाइटेड स्टेट्स में 17% बनाम 6-9%), प्रीक्लेम्पसिया (6-7% बनाम 4-5%) और गर्भकालीन उच्च रक्तचाप (10-11% बनाम 5-6%) का प्रचलन अधिक है।

# दिल का ख्याल दिल लगाकर करें, शारीरिक श्रम और खान-पान पर दें ध्यान


**विजय केसरी**

( 29 सितंबर, 'विश्व हृदय दिवस' पर एक शोध परख आलेख )

स्वस्थ रहने के लिए इस स्लोगन को आत्मसात कर लें, आपके जीवन की दिशा और दशा ही बदल जाएगी । दिल का ख्याल रखें,.. ता उम्र दिल आपका ख्याल रखेगा । दिल आपका है।? इसे कभी टूटने ना दीजिए।? नाराज ना होने दीजिए ।?परेशान ना कीजिए। दिल को जो स्वस्थ खुराक चाहिए, वही दें। दिल के अनुकूल कार्य कीजिए। अर्थात दिल का ख्याल दिल से करें।। दिल को स्वस्थ रखने के लिए खानपान की शुद्धता, शारीरिक व्यायाम और सक्रियता बहुत जरूरी है । दिखावे की जिंदगी से दूर रहिए, जो आपके पास है , उसी में संतुष्ट रहने का प्रयास कीजिए। दूसरे के धन को देखकर अकारण परेशान नहीं हों । सहज सरल और मधुर बनने का प्रयास कीजिए । आपकी सहजता और सरलता से आपका दिल मजबूत होगा । विपरीत परिस्थितियों में भी स्वयं को अनुकूल बना कर रखें। इमानदारी पूर्वक जीवन जीएं। नैतिकवान बने। इससे आप तनाव से दूर रहेंगे । आप जितना तनाव से दूर रहेंगे, आपका दिन उतना ही दुरुस्त रहेगा। आज की बदली परिस्थिति और भागम भाग भरी जिंदगी के संदर्भ में कुछ बातें रख रहा हूं। शायद ये बातें आपके मन मस्तिष्क को दिल का ख्याल रखने के लिए कुछ प्रेरित कर सकें।

आज की भागम भाग भरी जिंदगी में जितनी भी कोशिश कर लें, तनाव बन ही जाता है। बाद में यही तलाव कई मानसिक बीमारियों के साथ हृदयाघात जैसी बीमारी के रूप में तब्दील हो जाती है। हम सबों को अपने हृदय के संबंध में जरूर जानना चाहिए। अपने हृदय को विपरीत परिस्थितियों में कैसे बेहतर बनाकर रखें ? हृदय की बीमारियों से कैसे बचें ? यह जानना जरूरी हो जाता है।।

वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि पहले यह बीमारी 50 से 60 वर्ष के लोगों में पाई जाती थी । लेकिन बाद के दिनों में 35 से 40 वर्ष के उम्र के लोगों में भी पाई जाने लगी। अब तो यह बीमारी 30 वर्ष के उम्र के लोगों में भी पाई जा रही है। यह सभी जानते हैं कि कई बार हृदयघात जैसी बीमारी व्यक्ति की जीवन लीला ही समाप्त कर देती है। आज युवाओं को यह बीमारी अपनी चपेट में ले रही है। अचानक हृदयाघात जैसी बीमारी चपेट में ले लेने से संपूर्ण विश्व के सामने एक बड़ी समस्या आ खड़ी हुई है। विश्व भर के विज्ञानिक इसके कारण की खोज और निवारण में लगे हैं। जहां तक मेरी जानकारी है। मैं यह बताना चाहता हूं कि अगर युवाओं को हृदयाघात जैसी बीमारी से बचना है, तो समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराएं। खान पान पर विशेष ध्यान दें। नियमित रूप से व्यायाम करें और टहलें।



आज हर व्यक्ति की जीवन शैली किसी न किसी उलझनो और परेशानियों जुड़ी हुई है । तनाव का होना लाजमी है। यह व्यक्ति की सोच पर निर्भर करता है कि वह तनाव को किस रूप में लेता है ? जहां तक मेरी जानकारी है कि व्यक्ति अपने जीवन शैली में सुधार लाकर हृदयाघात जैसी बीमारी से बस सकता है । नियमित रूप से व्यायाम को अपने जीवन शैली का हिस्सा बनावें। जौकिंग करें। व्यायाम करें। ट्रेडमिल करें । व्यक्ति की शारीरिक गतिविधि 4 किलोमीटर तेज टहलने के बराबर हो । साथ ही खानपान में चार सफेद चीजों से दूरी बनाएं । चीनी, सफेद चावल, आलू और मैदा का उपयोग जितना कम से कम हो करें । अगर डायबिटीज है,तो इन चीजों का बिल्कुल ही प्रयोग ना करें । प्रत्येक दिन केवल 15 मिलीमीटर तेल का ही उपयोग करें । साथ ही यह भी ध्यान रखें कि जमने वाली वसा यानी वनस्पति, घी अथवा मक्खन से जितना हो सके बचने का प्रयास करें। हर 6 महीने में खाने पीने वाला तेल बदलें। पोषक और संतुलित आहार लें। आज लोगों का वजन दिन-ब-दिन बढ़ता चला जा रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण व्यक्ति का खानपान है । अपने खानपान में सुधार रखें । यह ध्यान रखें कि आपका वजन ना बढे। ऐसे व्यक्ति के गलत आदतों के कारण हृदयाघात जैसी बीमारी अपनी गिरफ्त में आई ले लेती है। इसलिए जरूरी है कि धूम्रपान से जितना संभव हो सके बचें। धूम्रपान हृदयाघात जैसी बीमारी का एक बड़ा कारण है। भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा धूम्रपान ना करने की हिदायत बार-बार दी जाती है। इसके बावजूद लोग धूम्रपान करते हैं । मैं धूम्रपान करने वालों से निवेदन करना चाहता हूं कि जितना संभव हो सके धूम्रपान से बचें। अल्कोहल भी आपकी सेहत के लिए अच्छी पेय पदार्थ नहीं है। इससे भी दूरी बनाएं। तंबाकू के सेवन से बचें । ये तीनों ऐसी चीजें हैं, जिनसे आप इतनी दूरी बना कर रखेंगे, आपका हृदय उतना तंदुरुस्त रहेगा।

अगर आपको हृदय संबंधी कोई विकार महसूस होता है तो आप तुरंत किसी हृदय रोग विशेषज्ञ से जांच करवा लें । अन्यथा आपके मन में अकारण डर बना रहेगा। इसलिए समय-समय पर अपने स्वास्थ्य का जांच जरूर कराएं। मैं 'विश्व हृदय दिवस' पर यह कहना चाहता हूं कि हृदयाघात अकस्मात मृत्यु का प्रमुख कारण है। कोरोनरी आर्टरी ( धमनी) में ब्लॉकेज । इसकी वजह से हार्ट अटैक और अकस्मात मृत्यु का खतरा 20 फीसदी होता है । व्यायाम करते समय, ट्रेडमिल पर दौड़ते वक्त अथवा फिर तनाव की स्थिति में भी हृदय घात हो सकता है। कई बार यह भी सुनने को मिला है कि कोई 30 वर्ष का व्यक्ति कसरत कर रहा था और उसकी ट्रेडमिल पर ही मृत्यु हो गई। इसका मतलब है कि उस व्यक्ति को पहले से कोई न कोई परेशानी रही होगी। जिसका उसे पता नहीं चला । कुछ मामलों में ऐसा भी होता है कि व्यक्ति रात को हंसते खेलते सोया और सुबह उठा ही नहीं। यह सब हृदय की बीमारी के कारण होते हैं । इसलिए शरीर में किसी भी तरह की परेशानी हो तो एक बार चिकित्सक से मिलकर अपने शरीर का स्वास्थ्य जांच जरूर करा लें। समय रहते जांच हो जाने और बीमारी का पता चल जाने से इस बीमारी कख इलाज संभव है । कई लोग मेरे पास बीमारी के जन्म लेते ही पहुंच जाते हैं । समय पर उसकी बीमारी का इलाज हो जाता है। वे पूर्ण स्वस्थ हो जाते हैं। इसलिए समय-समय पर जांच आपके स्वास्थ्य की जांच बहुत ही जरूरी है।

मैं यहां यह बताना चाहता हूं कि पश्चिमी देशों की तुलना में भारत में दिल संबंधी बीमारियों अधिक इसलिए है कि हमारी जीवन शैली मैं कहीं ना कहीं कुछ कमी है । भारत में 10 से 12 फीसदी लोग हृदय रोगों से ग्रसित है। जबकि अमेरिका जैसे देशों में यह दर 4 से 5 फीसदी है। अध्ययन बताते हैं कि अमेरिका के मुकाबले हमारे देश में 10 साल कम उम्र में ही हृदय रोग हो जाता है । यह अच्छा संकेत नहीं है । लेकिन इससे बिल्कुल भी घबराने की जरूरत नहीं है। समय पर जांच और जीवनशैली में सुधार कर इन तमाम बीमारियों से बचा जा सकता है। 'विश्व हृदय दिवस' पर मैं विशेष रूप से यह कहना चाहता हूं कि अगर हृदयाघात या उससे जुड़ी साइलेंट बीमारियों से बचना चाहते हैं ? तो इसके लिए एक एकजेक्टिव हेल्थ चेक की प्रक्रिया होती है । हम यही सुझाव देते हैं कि 30 वर्ष की उम्र में यह टेस्ट करवा लेना चाहिए । यह एक कंप्लीट का कांप्रिहेंसिव चेकअप होता है । ?जिससे रिस्क फैक्टर्स का पता चल जाता हैं। कोलस्ट्रोल हाई तो नहीं है, रक्त में चर्बी का क्या स्तर है, थायराइड या उच्च रक्तचाप तो नहीं है ? अगर परिवार में किसी को हृदय रोग है तो यह जांच 25 वर्ष की उम्र में ही करवा लेनी चाहिए । अगर टेस्ट में सब कुछ ठीक है तो 5 साल बाद फिर से जांच करवाने की सलाह दी जाती है।

हृदय रोग की भी दवा है । हृदय रोग होने पर बिल्कुल घबराए नहीं बल्कि समय पर डॉक्टर के पास जाएं । उनसे परामर्श लें।

स्पीड न्यूज

## बोकारो : चंदनकियारी के नयावन में मिट्टी संग्रह



**बोकारो/ तालगड़िया।** चंदनकियारी प्रखंड के नयावन पंचायत भवन में मुखिया रीता देवी के नेतृत्व में मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत पंचायत मे मिट्टी संग्रह किया गया। पंचायत भवन से कुलटांड़ नयावन डिबरदा माचाटांड़ होते हुए बाबूग्राम तक मिट्टी संग्रह किया गया। मौके पर पंसस बिनोद बिहारी महतो रोजगार सेवक अरूण कुमार रूपेश शेखर निमाई रवानी शत्रुघ्न महतो सोमा मंडल संजीव सिंह पंचायत सेवक शोभा कुमारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## चिरकुंडा फिल्टर प्लांट में बिजली की गड़बड़ी से जलापूर्ति ठप

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा शहरी जलापूर्ति योजना के मैथन स्थित फिल्टर प्लांट में बिजली की गड़बड़ी हो जाने के कारन चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में गुरुवार को पानी की सप्लाई नहीं होने के कारन क्षेत्र के लोग परेशान रहे। पानी नही चलने के कारन क्षेत्र के 50000 घरों में जलापूर्ति नहीं हो पाई। इसकि जानकारी देते हुए नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान व सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने बताया कि मैथन स्थित वाटर सप्लाई ट्रीटमेंट प्लांट में बिजली की आपूर्ति नहीं हो पाने की वजह से तथा तकनीकि समस्या उत्पन्न हो जाने के कारन यह स्थिति उत्पन्न हुई है वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में आई तकनीकि समस्या को तकनिशियनो द्वारा ठिक किया जा रहा है शुक्रवार के सुबह तक जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

## बाबूलाल मरांडी से मिले टीएमसी नेता मुख्तार

**धनबाद।** टीएमसी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद ने गुरुवार को झारखंड हज कमिटी के पूर्व चेयरमैन रिजवान खान के न्योता पर झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से सर्किट हाउस में मुलाकात की। इस दौरान धनबाद के कई ज्वलंत मुद्दों को लेकर भी चर्चा हुई। श्री मरांडी ने उन्हें रांची आने का भी न्योता दिया। इसके पूर्व मुख्तार अहमद ने श्री मरांडी को पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर शादाब आलम, मनोउवर अख्तर, नुमान खान समेत अन्य मौजूद थे।

## हेमंत सरकार में महिलाएं हो रहीं स्वावलंबी : बेबी देवी

**बेरमो।** पेटरवार मे ग्रामीण पोल्ट्री स्वावलंबी सहकारी समिति आमसभा का आयोजन किया गया जिसमें राज्य के मंत्री बेबी देवी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के नेतृत्व में सरकार बेहतर काम कर रही हैण महिलाएं स्वावलंबी हो रही हैंण वे घर पर ही समूह के माध्यम से स्वरोजगार योजना से जुड़कर अच्छी आमदनी कर रही हैंण बेबी देवी 27 सितंबर को पेटरवार प्रखंड के अरारी फुटबॉल मैदान में पेटरवार ग्रामीण पोल्ट्री स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा में मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थींण कार्यक्रम में पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद मौजूद थे।

## शिव मंदिर प्रांगण में भाजपा की बैठक

**टुंडी।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक भाजपा प्रखंड अध्यक्ष समीर साव की अध्यक्षता में लटानी बाजार स्थित शिव शक्ति मंदिर प्रांगण में बैठक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठनात्मक एवं बूथ सशक्तिकरण अभियान विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने एवं सरकार की योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाने को लेकर बातें रखी गई। लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुणः प्रधानमंत्री बनाने को लेकर सभी कार्यकताओं को बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर बात की गई।

# भद्रकाली मंदिर समिति भंग करने के खिलाफ हाइकोर्ट में याचिका दायर

## न्यास का आदेश रद्द करने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटखोरी।** मां भद्रकाली मंदिर समिति को भंग किए जाने के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। भद्रकाली मंदिर प्रबंधन समिति ने याचिका दायर कर झारखंड हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के कमेटी भंग करने के आदेश को रद्द करने का आग्रह अदालत से किया है। याचिकाकर्ता योगेंद्र सिंह ने बताया है कि राज्य धार्मिक न्यास पर्षद ने न्यास पर्षद के नियमों को ताक पर रखकर इटखोरी के मां भद्रकाली मंदिर के लिए कमेटी का गठन किया है। न्यास पर्षद के इस फैसले के विरोध में झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई है। दूसरी ओर मां भद्रकाली मंदिर प्रबंधन समिति की आजीवन सदस्य व पूर्व प्रमुख ऋषिबाला ने चतरा के उपायुक्त को एक आवेदन देकर उच्च न्यायालय का निर्णय आने तक भद्रकाली मंदिर का संचालन जिला प्रशासन के माध्यम से करवाने की मांग की है। अपने आवेदन में उन्होंने कहा है कि मां भद्रकाली मंदिर प्रबंधन समिति के द्वारा झारखंड राज्य हिन्दु धार्मिक न्यास पर्षद के पत्रांक 1212/2023 दिनांक 13/09/2023 के विरोध में हाईकोर्ट में याचिका दायर (5449/2023 उंरी ल्लङ्क.) किया गया है। मां भद्रकाली मंदिर तथा म्यूजियम में बेशकिमती व बहुमूल्य मुर्तियां स्थापित है। मंदिर परिसर के मंदिरों में दानपेटी रखा हुआ है। मंदिर के कार्यालय में समिति के महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं। उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया है कि उच्च न्यायालय का निर्णय आने तक मां भद्रकाली मंदिर प्रबंधन समिति का बैंक अकाउंट, कैशबूक, चेकबूक, बैंक लाकर की चाभी, मां भद्रकाली की मूर्ति को किए गए श्रृंगार का जेवर (सोना एवं चांदी) तथा मंदिर प्रांगण की विधिव्यवस्था की देखरेख जिला प्रशासन अपने पास रखें।

साथ ही प्रशासन के द्वारा मंदिर में परंपरा से चली आ रही सारी सांस्कृतिक परंपराओ का निर्वहन सुचारू रूप से जिला प्रशासन के द्वारा किया जाय। मालूम हो कि भद्रकाली मंदिर प्रबंध समिति जिसे वर्तमान में भंग कर दिया गया है, उसमें चतरा जिला के एसडीएम ही अध्यक्ष और स्थानीय सीओ सचिव रहते थे। ऐसा समिति के बायोलॉज में ही लिखा हुआ है। सनातन धर्म में आस्था रखने वाले दर्जनों प्रबंधन समिति में सेवक के रूप में थे, जिसे भंग कर नई समिति बनाई गई है।

# चोरी की घटना का उद्भेदन दो आरोपी को भेजा गया जेल

## कोडरमा पुलिस को मिली बड़ी सफलता

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत अड्डीबंग्ला में किराए के घर में रह रहे डोमचांच बेहराडीह निवासी राजेश कुमार मेहता के घर हुई चोरी की घटना का एसपी अनुदीप सिंह ने उद्भेदन कर लिया है। उन्होंने प्रेस वार्ता कर बताया कि बेहराडीह थाना डोमचांच, वर्तमान में अड्डीबंगला महेश्वरी भवन के सामने वाला गली में रहने वाले राजेश कुमार मेहता पिता श्यामसुन्दर मेहता जो विजय साव के मकान में किरायेदार हैं। उनके द्वारा तिलैया थाना में लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात अभियुक्त के विरूद्ध बंद घर से ताला काट कर सोने का जेवरात एवं पैसे की चोरी करने के आरोप में आवेदन दिया था। इस मामले को लेकर एसपी ने उक्त कांड उद्भेदन के लिए तिलैया थाना प्रभारी एवं अनुसंधानकर्ता मुकेश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित किया था। टीम द्वारा गुप्ता सूचना के आधार पर संदिग्ध 21 वर्षीय चन्दन कुमार पिता दिलीप साव अड्डीबंगला निवासी को पूछ-ताछ के लिए थाना लाकर जब सख्ती से पूछा किया गया तो इसके द्वारा अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया गया कि 17 सितंबर 2023 को इसको पता चला कि किरायेदार राजेश कुमार मेहता एवं उनका पूरा परिवार राजेश कुमार मेहता के भाई के घायल हो जाने व उसके पिता के बीमार हो जाने के कारण गांव चला गया है।

जिसके बाद रात्रि को करीब 11 बजे एक हेक्सो ब्लेड लेकर ताला को काट दिया और घर में रखे गोदरेज से दो सोने का चेन, दो जोड़ा सोने का झुमका, एक जोड़ा सोने का टॉप्स, एक सोने का अंगूठी एवं बत्तीस हजार पांच सौ रूपये की चोरी कर वहां से फरार हो गया और जाने के क्रम में हेक्सो ब्लेड एवं काटा हुआ ताला को लेकर कुछ दूर आगे झाड़ी में फेंक दिया था। जिसके बाद 18 सितंबर 2023 को चोरी की जेवर में से एक जोड़ा सोने का टप्स, एक सोने का चेन एवं एक सोने का अंगूठी को लेकर जानकी ज्वेलर्स राजगढ़िया रोड के पास गया, जहां जानकी ज्वेलर्स के दुकानदार 25 वर्षीय अभिमन्यु प्रसाद वर्मा पिता अर्जुन साव बेलगढा बेकोबार निवासी को 57 हजार 5 सौ रूपये में बेच दिया।

## सहायक अध्यापकों ने दो को रांची में प्रदर्शन करने का निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर(पलामू)।** सहायक अध्यापकों की सर्वदलीय बैठक कचहरी परिसर में गुरुवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अर्जुन मेहता तथा संचालन मनोज पटेल ने किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 2 अक्टूबर 2023 को रांची के मोराबादी स्थित गांधीजी के प्रतिमा के समक्ष सफेद वस्त्र में मुंह पर पट्टी बांध कर शांति पूर्वक धरना दिया जायेगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी का अनुकंपा को लेकर जारी पत्र सरासर गलत है। इस पत्र से सहायक अध्यापकों में आक्रोश है। सरकार अध्यापकों को अनुकंपा का लाभ नहीं देना चाहती है। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप पांडे ने कहा की वेतनमान का वादा सरकार ने किया था जिसे सहायक अध्यापकों ने काफी इंतजार किया अब सब्र का बांध टूट रहा है। श्री पांडे ने यह भी कहा अब सहायक अध्यापक सरकार से आर पार की लड़ाई के मूड में हैं। अविलंब वेतनमान दें अन्यथा रघुवर सरकार के कार्यकाल को याद कर सबक ले। मीडिया प्रभारी विनीत कुमार दुबे ने कहा कि सर्टिफिकेट जांच के नाम पर वंचित सहायक अध्यापक जो आकलन परीक्षा नहीं दे सके हैं। सरकार जल्द ही आकलन परीक्षा आयोजित करे। बैठक मे 2020 से मृत और सेवानिवृत सहायक अध्यापक को अविलंब पांच लाख रुपए मिले तथा राज्य से बायोमेट्रिक में आ रही परेशानी के चलते रुके मानदेय का भुगतान हो।

# सांसद सुदर्शन भगत ने सेन्हा में तीन सड़कों का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत द्वारा सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का शिलान्यास किया गया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जिला अध्यक्ष मनीर उराँव, पूर्व विधायक रमेश उरांव, ओमप्रकाश सिंह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, श्रीचंद प्रजापति पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष सहित अन्य शामिल थे। सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पीएमजीएसवाई-3 , बैच -2 मद से स्वीकृत पाठ जोगना मोड़ से गगेया तक पथ की लंबाई (8.05 किलोमीटर), सेरंगहातु से पीडब्ल्यूडी रोड बक्सीडिपा तक पथ (लम्बाई-5ः 20किमी), और स्वीकृत पथ पीडब्ल्यूडी रोड बरही से कोराम्बे भाया जामुनडिपा, गगेया,घाटा तक पथ की लम्बाई 13.00 किमी सड़क का शिलान्यास किया गया है। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान सांसद ने संबोधन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना का उद्देश्य गरीबों के उत्थान, पहुंच ,कृषक के उपज को उचित स्थल तक पहुंचाने के लिए किया था।आज देश के प्रधानमंत्री मोदीजी लगातार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए तत्तपरता से योजनाओं में दुगनी तिगनी राशि बढ़ोतरी कर नवनिर्माण और सुदृढ़ीकरण कर रहे है। हमारे क्षेत्रों में लगातार पीएमजीएसवाई सड़कें बन रही है बहुत से और भी सड़कें जिसका राशि राज्य को मिल गया है।वह तकनीकी कारणों से राज्य में फसा है।सरकार से भी आग्रह की प्राथमिकता से और भी सड़कें जिनकी प्रक्रिया अधूरी पूरी कर ग्रामीणों की मांग को पूरा कर हम सहयोग करें।

एक नजर में

## डीपीएस बोकारो के 555 विद्यार्थी सम्मानित



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में शैक्षणिक सत्र 2022.23 में प्राथमिक कक्षाओं के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हासिल करने वाले 555 विद्यार्थी पुरस्कृत किए गए। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि डीआईजी ;कोयला क्षेत्रद्ध कार्यालय के डीएसपी ;प्रशासनद्ध पवन कुमार ने पुरस्कृत विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा निखारने का उत्तरदायित्व शिक्षकों पर ही है। शिक्षकों का योगदान समाज .निर्माण में सबसे बड़ा है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने सम्मानित होने वाले छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार पुरस्कृत करने से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और उनकी प्रतिभा में निखार आता है। इसके पूर्व विशिष्ट अतिथि एवं प्राचार्य ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने स्वागत गान विद्यालय गीत व नृत्य प्रस्तुतियों से सबकी भरपूर सराहना बटोरी।

## बोकारो में संकल्प यात्रा, पुजारी सम्मानित



**बोकारो।** पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा की संकल्प यात्रा के तहत बोकारो विधायक कार्यालय में विभिन्न मंदिरों के 75 पुजारियों को सम्मानित किया गया। 29 की जनसभा में शंखनाद से बाबूलाल मरांडी का अभिनदंन किया जाएगा। बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने सभी पुजारियों को अंग वस्त्र दिया। विधायक ने 29 सितंबर को बोकारो विधानसभा क्षेत्र में संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में सभी नौ मंडलों के कार्यकताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने का आह्वान किया।

## प्रोजेक्ट प्रबंधन में दक्षता विषय पर सेमिनार

**बोकारो।** बोकारो निवास में प्रोजेक्ट प्रबंधन में दक्षता विषय पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें सेल इकाइयों से परियोजना विभाग के प्रमुख जगदीश अरोड़ा ईडी प्रभारी ;सीईटीद्ध डीवी जगन्नाथ ईडी ;प्रोजेक्ट्स सीओद्ध पी मुरुगेसन ईडी ;प्रोजेक्ट्स डीएसपीद्ध पी के साहू ईडी ;प्रोजेक्ट्स आरएसपीद्ध एस मुखोपाध्याय ईडी ;प्रोजेक्ट्स बीएसपीद्ध सुवाजीत मिश्रा ईडी ;प्रोजेक्ट्स आईएसपीद्ध एस के वर्मा ईडी ;सीईटीद्ध सहित बीएसएल के ईडी ;संकार्यद्ध बीके तिवारी आदि शामिल हुए।

## पोषण माह कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड कार्यालय के सभागार में बाल विकास परियोजना कसमार प्रखंड कार्यालय की ओर से आयोजित पोषण माह कार्यक्रम में प्रखंड के सभी 15 पंचायतों के 124 आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं महिला सुपरवाइजर एवं लाभुकों की उपस्थिति में प्रखंड मुख्यालय से धधकिया मोड़ तक जागरूकता रैली निकालकर पोषण के बारे लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका और प्रखंड समन्वयक के द्वारा पोषण माह से जुड़ी और भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयी। मौके पर पोषणयुक्त आहार की प्रदर्शनी तथा पोषण जागरूकता रैली के आयोजन के साथ जागरूकता को लेकर सामूहिक शपथ भी करवाया गया। लाभुकों को पोषण से संबंधित साग सब्जी दलिया व अन्य सामग्री दी गयी। मौके पर सुपरवाइजर आरजू परवीन संयुक्ता कुमारी सेविका पुष्पा मीना रेणु रेखा हिना दुलाली दीपबाला पैरो रसना रानू सबिता कौशल्या प्रभा किरण पप्पी कुंती रीना सबाना रंजीता शकुंतला रेशमी करुणा अजमेरी मौजूद थीं।

## साड़म में चल रहे सात दिवसीय श्री श्रीगणेश महोत्सव का समापन

**बेरमो/ललपनिया।** बोकारो जिला अन्तर्गत गोमिया प्रखण्ड केसाड़म संतोषी मंदिर स्थित मैदान में साड़म.होसिर प्रबंध समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय गणेश महोत्सव सह मेला समापन हो गया। साड़म होसिर मंदिर प्रबन्ध समिति अध्यक्ष सह संस्थापक सह राज्य पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह के देख रेख में सात दिवसीय गणेशपूजा उत्सव आयोजित था। समापन पर समिति द्वारा भगवान गणपति की प्रतिमा विधि विधान के साथ तेनुघाट दामोदर नदी में विसर्जन कर दिया गया।मालूम हो कि भगवान श्रीगणेश उत्सव पर वीते 16 वर्षो से होता आ रहा है। समापन बाद यहां आयोजकों के द्वारा धार्मिक रीति रिवाज के मुताबिक बुधवार को बाल भोज प्रसाद का वितरण किया गया। यहां पूजा पंडाल में हवन पूजन एवं मंत्रोच्चारण साथ विराजे गए भगवान श्री गणपति की पूजा कार्यक्रम में सात दिनों तक निरंतर क्षेत्र के श्रद्धालुओं का भीड़ लगा रहाए महिलाओं और बच्चों में खासा उत्साह देखा गया।

## वेदांता ईएसएल में आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह उत्सव संपन्न

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल की एक प्रमुख परियोजना नंदघर में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और स्टार्टअप इंडिया जैसे प्रधानमंत्री की प्रेरणा से संचालित इस योजनाओं के तहत एक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में चास प्रखंड की सीडीपीओ रीना गुप्ता शबनम खातून ;पंचायत मुखिया चंदाहाद्ध दीपिका कुमारी ;सीएचओद्ध ईएसएल सीएसआर टीम से प्रभाती और महिला पर्यवेक्षक मौजूद रहीं। दीपिका कुमारी ने एनीमिया पर अहम जानकारी दी। ज्ञातव्य है कि नंदघर महत्वपूर्ण संसाधन प्रदान करके समुदायों में ऐसी क्रांति ला रहा है जो जीवन को नया आकार देने में सहायक है।

## राम सेना के हनुमान लक्ष्मण का निधन



**सिंदरी।** सिंदरी में दशहरा पर्व पर राम सेना में हनुमान का किरदार निभाने वाले पूर्व पीडीआइएल कर्मी लक्ष्मण शर्मा (80) ने गुरुवार को अपने सिंदरी स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। वह इस पात्र को विगत कई घंटों तक मुंह फुलाकर कई वर्षों से निरंतर निभाते आ रहे थे। उनका अंतिम संस्कार सिंदरी के दामोदर नदी घाट पर शुक्रवार को किया जाएगा। लक्ष्मण शर्मा उर्फ हनुमानजी को शायद ही सिंदरी का कोई ऐसा व्यक्ति हो, जो नहीं जानता था। काफी लंबे समय से कैंसर रोग से ग्रसित थे। हंसमुख लक्ष्मण शर्मा अपने जीवनकाल में पांच सौ से ज्यादा अंत्येष्टि कार्यक्रम में शामिल हुए थे। कई लावारिस शवों को मुखाग्नि तथा अंतिम संस्कार करने का उन्हें गौरव प्राप्त हुआ था। शिव मंदिर धर्मशाला सहित विश्वकर्मा मंदिर निर्माण में भूमिका निभाई थी। सिंदरी के पत्रकार बर्मेश्वर शर्मा के पांच भाईयों में लक्ष्मण दूसरे स्थान पर थे। उनकी पत्नी का निधन पाँच वर्ष पूर्व हो चुका है।

## इस्पात उद्योग की अस्थिरता का सामना करने में सेल सक्षम : अमरेंदु



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कंपनी मुख्यालय में 51वीं वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों को वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि वे कंपनी के बारे में बहुत आश्वस्त और उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि सेल की अंतर्निहित ताकत इस्पात उद्योग की अनिश्चितता और अस्थिरता का सामना कर सकता है। कंपनी के प्रदर्शन को संक्षेप में बताते हुए उन्होंने बताया कि सेल ने 19०4 एमटी हॉट मेटल और 18०3 एमटी क्रूड स्टील का उत्पादन करके रिकॉर्ड वार्षिक उत्पादन हासिल किया। उन्होंने कहा कि बाजार में अस्थिरता से उत्पन्न होने वाले जोखिमों को कम करने में मदद परिचालन प्रथाओं में सुधार पर ध्यान केंद्रित करने और प्रोडक्ट मिक्स को ऑप्टिमाइज करने के लिए ग्राहकों की मांग को री अलाइन करने से मिली। क्षमता का अधिकतम उपयोग करना और सेल के ग्राहकों को सर्वोत्तम मूल्य प्रदान करना कंपनी के इन दो फोकस क्षेत्रों पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इनके लिए रणनीतिक हस्तक्षेप आवश्यक है जिसमे उत्पादन में तेजी लाने कच्चे माल को सुरक्षित करने इनपुट की गुणवत्ता में सुधार करने संसाधन जुटाने में दीर्घावधि में व्यावसायिक जोखिमों को कम करने ग्राहक अनुभव बेहतर करने डीकाबोर्नाइजेशन और सस्टेनेबिलिटी इनिशि टिव्स पर ध्यान केंद्रित करना आदि शामिल है।

# शहीद भगत सिंह का संघर्ष, बलिदान आज भी प्रासंगिक : पवन

● शहीद भगत सिंह की जयंती पर विचार गोष्ठी

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** गुरुवार 28 सितंबर को शहीद भगत सिंह की जयंती पर मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने मासस केंद्रीय कार्यालय टेंपल रोड, पुराना बाजार में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया।इसके पूर्व मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने शहीद भगत सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो एंव संचालन जिला सचिव राणा चटराज ने की। मौके पर जिला अध्यक्ष पवन महतो ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश की सरकार भगत सिंह को शहीद नहीं मानती है जबकि आजादी के लिए अपनी जान न्योछावर करने वाले भगत सिंह हर हिंदुस्तानी के दिल में बसते हैं।शहीद भगत सिंह का जन्म 28 सितंबर 1907 को लायलपुर जिले के बंगा में हुआ था जो अब पाकिस्तान में है।उस समय उनके चाचा अजीत सिंह और स्वान सिंह भारत की आजादी में अपना सहयोग दे रहे थे।ये दोनों करतार सिंह सराभा द्वारा संचालित गदर पार्टी के सदस्य थे। भगत सिंह पर इन दोनों का गहरा प्रभाव पड़ा था। इसलिए ये बचपन से ही अंग्रेजी सरकार से घृणा करने लगे थे। भगत सिंह करतार सिंह सराभा और लाला लाजपत राय से अत्यधिक प्रभावित थे। 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग हत्याकांड ने भगत सिंह के बाल मन पर बड़ा गहरा प्रभाव डाला। लाहौर के नेशनल कॉलेज की पढ़ाई छोड़कर भगत सिंह ने 1920 में महात्मा गांधी द्वारा चलाए जा रहे हैं अहिंसा आंदोलन में भाग लेने लगे हैं ' जिसमें गांधी जी विदेशी सामानों का बहिष्कार कर रहे थे, 14 वर्ष की आयु में ही भगत सिंह ने सरकारी स्कूलों की पुस्तके और कपड़े जला दिए।इसके बाद इनके पोस्टर गांव में छपने लगे।भगत सिंह पहले महात्मा गांधी द्वारा चलाए जा रहे हैं आंदोलन और भारतीय नेशनल कांफ्रेंस के सदस्य थे, 1921 में जब चौरा - चौरा हत्याकांड के बाद गांधी जी ने किसानों का साथ नहीं दिया तो भगत सिंह पर इसका गहरा प्रभाव पड़ा। उसके बाद चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में गठित गदर दल का हिस्सा बन गए। उन्होंने चंद्रशेखर आजाद के साथ मिलकर अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया।

**गोष्ठी में थे शामिल**

गोष्ठी में मुख्य रूप से विश्वजीत राय, रामलाल दा, जिला उपाध्यक्ष सुजीत चंद्रा, संतोष रवानी, सुरेश दास, अरधेंदु दत्ता,गुड्डू रजक, श्याम शर्मा,सुरेश रवानी,अनीश रवानी,शंकर महतो, राजेश बाउरी, मिथलेश कुम्हार, चन्दन सिंह,प्रकाश भुईया आदि शामिल थे।

# भारत ने जारी किया विश्व कप के लिए अपना फाइनल स्क्वाड, अक्षर पटेल हुए बाहर, अश्विन को मिली जगह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आइसीसी वनडे विश्व कप 2023 के भारतीय क्रिकेट टीम ने अपनी 15 सदस्यीय फाइनल स्क्वाड की घोषणा कर दी है। विश्व कप के लिए बीसीसीआई ने 5 सितंबर को ही 15 खिलाड़ियों के नाम की घोषणा की थी। वहीं आज, 28 सितंबर को इस टीम में बदलाव की करने की अंतिम तारीख थी। भारतीय टीम में एकमात्र बदलाव किया गया है। यह बदलाव अक्षर पटेल के रूप में हुआ है। अक्षर पटेल की जगह टीम इंडिया ने रविचंद्रन अश्विन को शामिल किया गया है। अश्विन को एशिया कप के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में चोट लगी थी। इस कारण वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में भी नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह टीम में रविचंद्रन अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर को शामिल किया गया था। हालांकि विश्व कप की टीम में अंतिम रूप से मुहर अब अश्विन पर लग चुकी है। विश्व कप की तैयारी के लिए टीम इंडिया गुवाहाटी पहुंच चुकी है। गुवाहाटी में भारतीय टीम 30 सितंबर को इंग्लैंड के साथ प्रैक्टिस मैच खेलेगी। वहीं टीम इंडिया का दूसरा प्रैक्टिस मैच 3 अक्टूबर को नीदरलैंड्स के खिलाफ त्रिवेंद्रम में है। आइसीसी वनडे विश्व कप 2023 की शुरूआत 5 अक्टूबर को इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले से हो रही है। दोनों टीमों के बीच टूनार्मेंट का यह पहला मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके अलावा भारतीय क्रिकेट टीम अपने अभियान की शुरूआत 8 अक्टूबर से करेगी। विश्व कप में टीम इंडिया का पहला मैच ऑस्ट्रेलिया के साथ है। दोनों ही टीमें इस मैच के लिए चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में भिड़ने वाली है।




## अपने फेवरेट एथलीट नीरज सिंह से मिले रिंकू




**नयी दिल्ली।** क्रिकेटर रिंकू सिंह ने एशियन गेम्स के लिए हांगझू की यात्रा की। इस दौरान एयरपोर्ट पर उन्होंने अपने फेवरेट एथलीट नीरज चोपड़ा से मुलाकात की। रिंकू पहले दिए एक इंटरव्यू में रिंकू से मिलने की बेताबी जाहिर कर चुके थे। रिंकू एशियाई गेम्स में कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की अध्यक्षता में गई टीम इंडिया के सदस्य हैं। इस दौरान एयरपोर्ट पर पूरी टीम इंडिया ने नीरज चोपड़ा के साथ मुलाकात की और यादगारी फोटोज शेयर कीं। नीरज अपने गोल्ड का बचाव करने के लिए हांगझू पहुंचे हैं।

## रुतुराज के नेतृत्व वाली भारतीय क्रिकेट टीम चीन रवाना

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम अपने बहुप्रतीक्षित एशियाई खेलों के लिए गुरुवार को भारत से चीन के लिए रवाना हो गई है। भारतीय टीम 3 अक्टूबर को अपना अभियान शुरू करेगी। भारतीय खेल प्राधिकरण ने टीम इंडिया की मुंबई एयरपोर्ट से चीन के लिए उड़ान भरने की तस्वीरें साझा कीं। साई मीडिया ने एक्स पर लिखा, 'पुरुष क्रिकेट टीम एशियन खेलों के लिए पूरी तरह से तैयार है! टीम इंडिया ने एशियन खेलों में अपने बहुप्रतीक्षित अभियान के लिए मुंबई हवाई अड्डे से हांगझू के लिए उड़ान भरी है। हम उनके प्रदर्शन के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।' भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान आइसीसी टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पांच स्थान वाली टीमें हैं, इसलिए इन्हें सीधे क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश दिया गया है। रुतुराज गायकवाड़ को एशियाई खेलों में भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। यशस्वी जयसवाल को भी टीम में जगह मिली है। शिवम दुबे जो आइपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स के मध्य क्रम की बल्लेबाजी (सीएसके) की रीढ़ थे, उन्हें एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में वापस बुलाया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2023 में दमदार प्रदर्शन के बाद रिंकू सिंह को भी भारतीय टीम में शामिल किया गया है। अपने शानदार आइपीएल प्रदर्शन के दम पर विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा और प्रभसिमरन सिंह ने भी टीम में जगह बनाई है।

**एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, राहुल त्रिपाठी, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, शिवम मावी, शिवम दुबे और प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर)। **खिलाड़ियों की स्टैंडबाय सूची:** यश ठाकुर, साई किशोर, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुडा और साई सुदर्शन।

## तिरूपति मंदिर पहुंचे गंभीर, बोले- 140 करोड़ भारतीयों की प्रार्थना से खिताब जीतेगा भारत



**तिरूपति।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश के तिरुमाला में भगवान बालाजी मंदिर में पूजा की और उम्मीद जताई कि 140 करोड़ भारतीयों की प्रार्थनाओं से मेन इन ब्लू उभरेगा। आगामी आइसीस वनडे विश्व कप 2023 में विजयी टीम के रूप में। गंभीर गुरुवार तड़के अपने परिवार के साथ तिरुमाला पहुंचे और मंदिर के अधिकारियों ने उन्हें 'श्रीवारी प्रसादम' दिया। पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा कि भारत के पास 2023 क्रिकेट विश्व कप में ट्रॉफी घर ले जाने का अच्छा मौका है। उनका यह भी मानना है कि 140 करोड़ भारतीयों की प्रार्थनाओं से मेन इन ब्लू विश्व कप जीतेगा। गंभीर ने अपने दौरे के बाद कहा कि हम सभी भारत को शुभकामनाएं देते हैं। मुझे यकीन है कि 140 करोड़ भारतीय टीम के लिए प्रार्थना कर रहे हैं, वे निश्चित रूप से बहुत अच्छा काम करेंगे।

## पाकिस्तान से छीनी ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर की मेजबानी, अब ओमान में होगा टूनार्मेंट

एजेंसी

**लुसाने।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ और देश के खेल बोर्ड के बीच अंतर्कलह के कारण अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने पुरूष हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी पाकिस्तान से छीनकर ओमान को दे दी। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने घोषणा की कि टूनार्मेंट अगले साल 15 से 21 जनवरी के बीच मस्कट में होगा। तीन अन्य एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर चीन (महिला क्वालीफायर 15 से 24 जनवरी 2024) और स्पेन (महिला और पुरूष 13 से 21 जनवरी) में होंगे। एफआईएच ने एक बयान में कहा, ह्यपाकिस्तान हॉकी महासंघ प्रशासन के ताजा हालात को देखते हुए एफआईएच ने पुरूष ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर की मेजबानी पाकिस्तान से वापस लेने का फैसला किया था। अब यह टूनार्मेंट ओमान में खेला जाएगा।' ओलंपिक क्वालीफायर से छह महिला और छह पुरूष टीमें पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करेंगी। आस्ट्रेलिया और नीदरलेंड की टीमें ओशियाना कप और यूरो हॉकी चैम्पियनशिप जीतकर पहले ही पेरिस ओलंपिक में जगह बना चुकी हैं। चीन में खेले जा रहे एशियाई खेलों, पैन अमेरिकी खेलों और अफ्रीकी हॉकी रोड टू पेरिस टूनार्मेंट से स्वतः क्वालीफाई करने वाली बाकी टीमों का निर्धारण होगा। पेरिस ओलंपिक में हॉकी स्पर्धा 27 जुलाई से नौ अगस्त तक चलेगी।




## रामकुमार-साकेत की जोड़ी ने जगायी स्वर्णिम आस, अंतिम एशियाड खेल रहे रोहन बोपन्ना का भी पदक तय

**हांगझोउ।** भारतीय टेनिस के लिए बृहस्पतिवार का दिन अच्छा साबित हुआ जिसमें रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी ने एशियाई खेलों की पुरुष युगल वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि रोहन बोपन्ना और रूतुजा भोसले की मिश्रित जोड़ी ने भी सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया। माइनेनी और रामकुमार की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने सेमीफाइनल में कोरिया के सियोंगचान होंग और सूनवू क्वोन की जोड़ी को 6-1, 6-7, 10-0 से हराकर स्वर्ण पदक मुकाबले में जगह बनाई। अब भारतीय टीम का सामना शुक्रवार को फाइनल में चीनी ताइपे की जोड़ी से होगा जिसने थाईलैंड को हराया। माइनेनी का यह दूसरा एशियाड पदक होगा। उन्होंने 2014 में सानिया मिर्जा के साथ मिलकर मिश्रित युगल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। 2018 के स्क्वॉड में उन्हें शामिल नहीं किया गया था। वहीं रामकुमार के लिए यह पहला एशियाड पदक होगा। भारत ने पिछले पांच एशियाई खेलों में से चार में पुरुष युगल में स्वर्ण जीता है। रामनाथन और माइनेनी के पास इसे पांच करने का मौका होगा। भारत ने पिछली बार जकार्ता में भी पुरुष युगल खिताब जीता था जब रोहन बोपन्ना और दिविज शरण की जोड़ी ने फाइनल में जीत दर्ज की थी। इस बार बोपन्ना और युकी भांबरी की जोड़ी बाहर हो गई लेकिन बोपन्ना और भोसले ने मिश्रित युगल के क्वार्टरफाइनल में कजाखस्तान के झिबेक और लोमाकिन को 7-5, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## तमीम सिर्फ अपने बारे में सोचते हैं: शाकिब

**ढाका।** पीठ दर्द की समस्या के कारण विश्वकप के लिये बांग्लादेश की टीम से दरकिनार किये गये तमीम इकबाल द्वारा क्रिकेट बोर्ड को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की कप्तान शाकिब अल हसन ने आलोचना की है। शाकिब ने आरोप लगाया कि तमीम टीम के बारे में न सोच कर अपने व्यक्तिगत लाभ पर ध्यान दे रहे हैं जो उन जैसे खिलाड़ी के लिये सही नहीं है। तमीम इकबाल को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने पीठ दर्द की समस्या का हवाला देते हुये विश्व कप के दल में शामिल नहीं किया था जिस पर बुधवार को तमीम ने एक फेसबुक पोस्ट में आरोप लगाते हुये कहा था कि वह विश्व कप के लिए फिट थे लेकिन बीसीबी जानबूझकर उनके रास्ते में अड़चन डाल रहा है। उन्होंने एक वरिष्ठ बोर्ड अधिकारी का नाम लिया था जिन्होंने उनको बल्लेबाजी क्रम में नीचे खेलने की सलाह दी थी।

## होंडा बना मोहन बागान का एसोसियेट प्रायोजक

**नयी दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआइ) ने गुरुवीर को इंडियन सुपर लीग के लिए मोहन बागान सुपर जाइंट (एमबीएसजी) के एसोसिएट प्रायोजक के रूप में अपने सहयोग की घोषणा की। आइएसएल 2023-24 के दौरान, होंडा डियो खिलाड़ियों की जर्सी पर प्रमुखता से दिखाई देगा। जर्सी ब्रांडिंग के अलावा, अपने ब्रांड डियो के लिए एमबीएसजी के साथ एचएमएसआई का सहयोग आइएसएल के भीतर अन्य रणनीतिक ब्रांडिंग अवसरों का विस्तार करेगा।

## यौन उत्पीड़न के आरोप से गुनातिलका बरी

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया में सिडनी की एक अदालत ने श्रीलंका के बल्लेबाज दनुष्का गुनातिलका यौन उत्पीड़न के मामले में निर्दोष मान कर बरी कर दिया है। सिडनी के डाउनिंग सेंटर डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में गुरुवार को जज सारा हगेट ने 32 वर्षीय गुनातिलका को बरी कर दिया है। जज ने कहा, साक्ष्य यह स्थापित करते हैं कि आरोपी के पास संभोग के दौरान कंडोम हटाने का कोई मौका नहीं था क्योंकि वह संभोग लगातार चल रहा था।

## नसीम की कमी पाकिस्तान को अखरेगी: वकार

**मुबंई।** पाकिस्तान के पूर्व गेंदबाज और टीवी कमेंटेटर वकार युनूस का मानना है कि बाबर आजम की टीम को विश्व कप में नसीम शाह की कमी अखरेगी। वकार ने कहा अगर मैं पाकिस्तान के बारे में बात करता हूं, तो वे इस बार मिस और हिट हैं। नसीम शाह के न होने से टीम को बड़ा नुकसान होगा क्योंकि नसीम और शाहीन नई गेंद से एक-दूसरे के पूरक बनते थे। नई गेंद न केवल इस विश्व कप के लिए हमारे लिए हमेशा महत्वपूर्ण रही है। जब हम नई गेंद से स्ट्राइक करते थे और विकेट लेते थे, तो हमें खेल में बेहतर स्थिति में रहने के लिए कुछ गति मिलती थी।

## मालदीव ने मंगोलिया को नौ विकेट से हराया

**हांगझोउ।** एशियाई खेलों के पुरुष क्रिकेट मुकाबले में गुरुवार खेले गये टी 20 मैच में मालदीव ने मंगोलिया को नौ विकेट से हराया। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में मालदीव ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया और मंगोलिया को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। मंगोलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट के नुकसान पर 60 रन बनाये। मंगोलिया की ओर से डवासुरेन जमयनसुरेन ने 39 गेंदों पर सर्वाधिक 15 रन बनाये। उन्हें हुसैन सादिन ने बोल्ड आउट किया। इसके अलावा उनका कोई भी बल्लेबाज दहाई के अंक पर नहीं पहुंच पाया। तुर एरदेने सुमिया नौ रन बनाकर नाबाद रहे। इसके अलावा मुनगुन अल्तानखुयाग ने आठ रन बनाये और उन्हें इस्माइल अली और हुसैन सादिन ने रन आउट किया। मंगोलियाई टीम को सर्वाधिक 16 रन अतिरिक्त के रूप में मिले। मंगोलियाई की पूरी टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 60 रन ढह गयी।

## विश्व कप के अभ्यास मैचों में नहीं खेलेंगे बावुमा

**तिरुवनंतपुरम।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप अभ्यास मैचों में नहीं खेलेंगे। बावुमा पारिवारिक कारणों से स्वदेश लौट रहे हैं और दक्षिण अफ्रीका के दो महत्वपूर्ण अभ्यास मैचों में नहीं खेल पाएंगे। बावुमा की अनुपस्थिति में टी-20 कप्तान एडेन मार्कराम विश्व कप अभ्यास मैचों में दक्षिण अफ्रीका टीम की कप्तानी करेंगे।

## विश्व कप के लिए न्यूजीलैंड की टीम हैदराबाद पहुंची

हैदराबाद। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम 5 अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच होने वाले आइसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए भारत पहुंच चुकी है। कीवी टीम बुधवार रात हैदराबाद हवाई अड्डे पर पहुंची। न्यूजीलैंड शुक्रवार को पाकिस्तान के खिलाफ अभ्यास मैच के साथ अपने विश्व कप अभियान की शुरूआत करेगा। इस प्रतिष्ठित आयोजन के 13वें संस्करण में कुल 10 टीमें प्रतिष्ठित विश्व कप ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

# एशियाई खेल : भारत ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में जीता स्वर्ण



एजेंसी

**हांगझोउ।** एशियाई खेलों में भारतीय निशानेबाजों का स्वर्णिम प्रदर्शन जारी है। गुरुवार को भारत ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक पर निशाना साधा। सरबजोत सिंह, शिव नरवाल और अर्जुन सिंह चीमा की भारतीय तिकड़ी ने कुल 1734 के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। भारत के सरबजोत सिंह, शिव नरवाल और अर्जुन सिंह चीमा की तिकड़ी ने पुरूष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने निशानेबाजी स्पर्धा में गुरुवार को चौथा पदक जीता। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत ने अब तक चार स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत के पदकों की संख्या 13 हो गई है। इससे पहले 2006 में दोहा में भारत के निशानेबाजों ने तीन स्वर्ण पदक सहित कुल 14 पदक अपने नाम किए थे। सरबजोत सिंह ने क्वालीफाइंग राउंड में 580 के साथ भारत के लिए सर्वोच्च स्कोर बनाया। अर्जुन सिंह चीमा 578 के स्कोर के साथ आठवें स्थान पर रहे जबकि शिवा नरवाल 576 के स्कोर के साथ 56 निशानेबाजों के बीच 14वें स्थान पर रहे। व्यक्तिगत स्पर्धा में सिर्फ शीर्ष आठ निशानेबाज ही फाइनल में जगह बनाते हैं। हालांकि, तीनों भारतीय निशानेबाजों के 1734 के संयुक्त स्कोर के साथ स्वर्ण पदक दिलाया। वही चीन को (1733) स्कोर के साथ रजत जबकि वियतनाम (1730) ने कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत फाइनल में, सरबजोत सिंह ने चौथे स्थान के लिए 199 का स्कोर बनाया और पदक की दौड़ से बाहर हो गए। अर्जुन सिंह चीमा 113.3 अंकों के साथ आठवें स्थान पर पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी थे। 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत फाइनल में वियतनाम के क्वांग हुई फाम ने (240.5) के साथ स्वर्ण, दक्षिण कोरिया के वोन्हो ली ने रजत (239.4) और उज्बेकिस्तान के व्लादिमीर स्वेचनिकोव ने (219.9) कांस्य हासिल किया।

## भारत ने जापान के खिलाफ 4-2 से जीत दर्ज की

**हांगझोउ।** युवा स्ट्राइकर अभिषेक के 2 गोल की मदद से भारत ने गत चैंपियन जापान को 4-2 से हराकर अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की। एशियाई खेलों की पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का सेमीफाइनल गुरुवार को यहां खेला जाएगा। भारत के लिए अभिषेक (13वें, 48वें मिनट) ने दो फील्ड गोल किए, जबकि मंदीप सिंह (24वें) और अमित रोहिदास (34वें) ने भी गोल किए। जापान ने चौथे और अंतिम क्वार्टर के अंतिम पांच मिनट में वापसी की और जेनकी मितानी (57वें) और रयोसी काटो (60) के माध्यम से दो त्वरित गोल करके हार का अंतर कम कर दिया। भारत शनिवार को अपने अगले पूल ए मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से खेलेगा। दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय टीम ने मैच के अधिकांश समय में अपना दबदबा बनाए रखा और गेंद पर कब्जा बनाए रखा। भारतीय टीम को पांचवें मिनट में ही पहला पेनल्टी कॉर्नर मिल गया था लेकिन कप्तान हरमनप्रीत सिंह की फ्लिक बाहर चली गई। जापान को 12वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक ने बचा लिया। इसके बाद अभिषेक ने रिवर्स स्टिक से गोल करके भारत को बढ़त दिला दी। भारत ने 24वें मिनट में मनदीप की मदद से अपनी बढ़त दोगुनी कर दी, जिन्होंने नीलकांता के पास को सफलतापूर्वक गोल में धकेल दिया। भारत को जल्द ही बैक-टू-बैक पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से दूसरे में रोहिदास ने एक शक्तिशाली ड्रैग-फ्लिक के साथ गोल दाग दिया। तीसरा क्वार्टर समाप्त होने तक भारत खतरनाक दिख रहा था और अधिक गोल की तलाश में जापानी डिफेंस पर लगातार दबाव बना रहा था। अंतिम क्वार्टर के तीन मिनट में भारत ने स्कोर 4-0 कर दिया जब अभिषेक ने मंदीप के साथ मिलकर दिन का अपना दूसरा गोल किया। जापान ने खेल के आखिरी पांच मिनट में 2 तेज गोल दागे लेकिन तब तक देरी हो गई थी।









## अनुश अग्रवाल ने घुड़सवारी में पहला व्यक्तिगत पदक जीता

भारत के अनुश अग्रवाल ने गुरुवार को एशियाई खेलों में घुड़सवारी स्पर्धा में एक और पदक हासिल किया। उन्होंने ड्रेसेज इंडिविजुअल इंटरमीडिएट क फ्रीस्टाइल में 73.030 अंक हासिल कर कांस्य पदक जीता। यह घुड़सवारी में भारत का पहला व्यक्तिगत पदक भी है।

## स्क्वैश में भारत के दो पदक तय

**हांगझोउ।** भारतीय महिला और पुरुष टीमों ने गुरुवार को एशियन गेम्स 2023 में अपनी-अपनी स्क्वैश स्पधाओं के सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ पदक पक्का कर लिया है। भारतीय महिला स्क्वैश टीम अंतिम ग्रुप मैच में मलेशिया से 3-0 से हार गई, लेकिन पूल बी स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर रहने के बाद टीम नॉकआउट में जगह बनाने में कामयाब रही। पूल ए और पूल बी से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचती हैं। मुकाबले की शुरूआत में अनुभवी जोशना चिनप्पा पहले मैच में सुब्रमण्यम शिवसांगारी से 3-0 (11-6, 11-2, 11-8) से हार गईं। अगले मैच में तन्वी खन्ना ने आइफा बिनती आजमान को कड़ी टक्कर जरूर दी लेकिन भारतीय खिलाड़ी को आखिर में 3-2 (9-11, 11-1, 7-11, 13-11, 11-5) से हार मिली और भारत 2-0 से पीछे हो गया।



## मलेशिया से भिड़ंत को तैयार भारत की बेटियां

सिंगापुर को एकतरफा मुकाबले में 13-0 से रौंदने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम 19वें एशियाई खेल में शुक्रवार को अपने दूसरे पूल ए मैच में मलेशिया से भिड़ने के लिए तैयार है। दोनो टीमों के बीच कल शाम चार बजे से मैच खेला जायेगा। भारतीय टीम ने सिंगापुर के खिलाफ 13-0 से जीत दर्ज करते हुए अपने अभियान की शानदार शुरूआत की वहीं मलेशिया ने एशियाई क्षेत्र हॉकी में प्रतिस्पर्धी ताकत के रूप में अपनी साख को जताते हुये हांगकांग चीन पर 8-0 से जीत हासिल की।

## टेबल टेनिस में मनिका बत्रा ने जीता एकल मुकाबला

भारत की शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने गुरुवार को महिला एकल राउंड ऑफ 32 मैच में नेपाल की नबीता श्रेष्ठ के खिलाफ 11-5, 11-4, 11-3, 11-2 से जीत दर्ज की। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज यहां पहले मिश्रित युगल में हार के बावजूद मनिका बत्रा ने नेपाल की नबीता श्रेष्ठ के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए और कल से शुरू होने वाले एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

## साइकिलिंग: डेविड बेकहम फाइनल रेपेचेज में हारे

भारत के साइकिल चालक डेविड बेकहम एल्काटोहचूंगो गुरुवार को पुरुषों की स्प्रिंट 1/16 फाइनल रेपेचेज रेस में हार गए।

## मुक्केबाज जैस्मिन ने मुकाबला जीता

भारतीय मुक्केबाज जैस्मिन लंबोरिया ने महिलाओं 60 किलोग्राम वर्ग में आज खेले गए मुकाबले में सउदी अरब की अशौर हदील एकतरफा अंदाज में 5-0 से हरा कर अपना मुकाबला जीत लिया है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में 60 किलोग्राम मुक्केबाजी मुकाबले के पहले पहले राउंड में ही जैस्मिन ने विपक्षी खिलाड़ी पर मुक्कों की बरसात दी और दूसरे राउंड में भी वह लगातार हदील अशौर पर हमले करती रहीं। रेफरी ने बीच में ही मुकाबले को रोकना पड़ा। जैस्मिन को विजेता घोषित कर दिया गया। उन्होंने अशौर को 5-0 से हराया।

## पुरुषों की 4 गुणा100 मीटर फ्री स्टाइल टीम ने बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड, फाइनल में पहुंची

हांगझोउ 25 सितंबर (वार्ता) तनिष जॉर्ज मैथ्यू, विशाल ग्रेवाल, आनंद एएस और श्रीहरि नटराज की तैराकी टीम गुरुवार को एशियाई खेलों में पुरुषों की 4 गुणा 100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले के फाइनल में पहुंच गयी हैं। भारतीय पुरूष तैराक तनिष जॉर्ज मैथ्यू, विशाल ग्रेवाल, आनंद एएस और श्रीहरि नटराज की टीम ने 4 गुणा 100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले हीट में 3:21.22 का समय दर्ज किया, जो कि एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय है और इसी के साथ टीम ने फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय टीम आज शाम रिले फाइनल में पदक के लिए स्पर्धा करेगी।

स्पीड न्यूज

## तालाब में स्नान करने गया युवक डूबा

**गोड्डा।** आज करीब 9 बजे सुबह अपने साथियों के साथ देवेंद्र उम्र लगभग 18/19 जो साहिबगंज जिला के मनिहारी गांव का निवासी था। गोड्डा के भटडीहा पंचायत के सिमर पोखर में अपने दोस्तों के साथ स्नान करने गया और नहाने के क्रम में वो डूब गया। इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी गई। लेकिन न्यूज लिखने तक युवक की तलाश जारी है। प्रशासनिक अधिकारी के साथ पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई है तालाब में उतर कर युवक की तलाश जारी है।

## भगत सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**गोड्डा।** आज भगत सिंह स्मारक स्थल पर भगत सिंह के प्रतिमा पर उपस्थित सभी लोगों ने माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की। मंच सचिव राजेश झा के द्वारा ये कार्यक्रम आयोजित की गई थी। स्थानीय लोगों ने भी इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर फूल मालाएं चढ़ा कर उन्हें नमन किया।

## लागातार बारिश से मुख्य सड़क हुई जर्जर

**साहिबगंज।** जिले में मुख्य सड़क जर्जर होने की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाईपास रोड करम पहाड़ और कस्तूरबा स्कूल के बीच ग्रिड के सामने करीब 60 फीट पक्की सड़क इन दिनों खराब हो गई है। पिछले दिनों भारी बारिश की वजह से पहाड़ का पानी तेज धार से उतरने से सड़क जर्जर हो गई। बारिश बंद होने के बाद भी पहाड़ का पानी उतरकर सड़क से गुजर रहा है। जिससे दलदल जैसी स्थिति हो गई है। इससे लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है।

## सड़क दुर्घटना में पति की मौत, पत्नी गंभीर

**देवघर।** जसीडीह के माधोपुर पार्क के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने सड़क पर चल रहे बाईक चालक का धक्का मार दिया। जिससे बाइक पर सवार पति- पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर वार्ड में भर्ती कर लिया। तीन घंटे बाद घायल बाईक चालक विष्णु दास उम्र 25 वर्ष की मौत हो गई।


### AFFIDAVIT

I, Pushpa Kumari Upadhyay wife of Vinay Kumar Upadhyay, by faith Hindu, resident of D-16, A/Block, Khutadih, Sonari, P.O. & P.S. Sonari, Jamshedpur-831011, Dist. East Singhbhum, Jharkhand, do here by solemnly affirm and declare as follows:-
1. That I am an Indian Citizen by birth and residing at the above mentioned address.
2. That my marriage solemnised on 14.02.2001
3. That before marriage my name is Pushpa Kumari
4. That after marriage my name has been changed as Pushpa Kumari Upadhyay.
5. That Pushpa Kumari Upadhyay and Pushpa Kumari both names are same and one person i.e. myself.
6. That I swear this affidavit to confirm the above facts very truly henoe this affidavit.

### शपथ-पत्र

मैं आकाश कुमार सिंह, पिता स्व० मदन सिंह, उम्र करीब 18 वर्ष, धर्म- हिन्दू, राष्ट्रीयता – भारतीय, साकिन ग्राम- दरगाह मुहल्ला, मरकच्चो, पोस्ट व थाना- मरकच्चो, जिला- कोडरमा (झारखण्ड), शपथ पूर्वक ब्यान करता हूं :
1. यह कि मैं उपरोक्त वर्णित पता का स्थायी निवासी हूं ।
2. यह कि मेरा सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम **आकाश कुमार सिंह** है, जो सही है।
3. यह कि मेरा **आधार कार्ड संख्या- 3454 49220789** में मेरा नाम छोटी कुमार दर्ज है, जो गलत है।
4. यह कि **आकाश कुमार सिंह** उर्फ **छोटी कुमार** दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है।
5. यह कि उक्त आधार कार्ड में मैं अपना नाम छोटी कुमार के स्थान पर आकाश कुमार सिंह दर्ज करवाने हेतु यह शपथ-पत्र बनाया।
6. यह कि कंडिका 01 से लेकर कंडिका 05 तक की सारी बातें वो विवरणी बिल्कुल सत्य वो सही है, कोई भी अंश गलत वो झुठा पाये जाने पर मुझ पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।


### सुसराल वालों के द्वारा दो लाख रुपये की मांग की गई

# दहेज की सूली पर चढ़ी एक और विवाहिता

एजेंसी



**बांका।** बिहार के बांका में विवाहिता की हत्या का मामला सामने आया है। देर रात एक विवाहिता की हत्या करने को लेकर मृतका के परिजनों ने सुसराल वालों के खिलाफ बांका थाना में लिखित आवेदन दिया है। जिसमें दो लाख दहेज मांगने को लेकर आरोप लगाया है। परिजन ने बताया कि ससुराल वाले उनकी बेटी के साथ मारपीट करते थे और पैसे का डिमांड कर रहे थे। महिला की तीन साल पहले बड़ी ढाका गांव में शादी हुई थी। विवाहिता की हत्या करने के बाद ससुराल के सभी लोग घर से फरार हो गए। मृतका के परिजनों ने सुसराल वालों पर हत्या कर फरार होने का आरोप लगाया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद महिला के परिजन बड़ी ढाका गांव पहुंचे और सदर बांका थाना पुलिस को इसकी जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। मृतका की पहचान बड़ी ढाका गांव प्रिंस पासवान की पत्नी पिंकी देवी की रूप में हुई। मृतका की मां ने बताया कि उनकी पुत्री की तीन साल पहले बड़ी ढाका गांव निवासी प्रिंस पासवान के साथ शादी हुई थी। शादी के समय 50 हजार दहेज दिया गया था। जिसके बाद से सुसराल वालों के द्वारा दो लाख रुपये की मांग की जा रही थी। शादी को तीन साल हुआ था और ससुराल वालों ने कहा था कि पैसे नहीं दिए तो बेटी को मार देंगे। उन्होंने मेरी बेटी की हत्या कर दी और फरार हो गए। परिजनों ने कहा कि दहेज को लेकर उनकी बेटी के साथ अक्सर मारपीट की जाती थी। दो दिन पहले फोन पर बेटी से बात हुई थी, जिसके बाद बेटी ने बताया कि दो लाख रुपये मांग रहे हैं और मारपीट भी सुसराल वालों के द्वारा की जा रही है। जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिली की उनकी बेटी की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही परिजन गांव पहुंच गए। बांका थानाध्यक्ष शम्भू यादव ने बताया की लड़की के परिजन के द्वारा आवेदन दिया गया है। मृतका के परिजनों ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है। जिसमें लड़का पक्ष के सभी लोगों का नाम दर्ज किया गया है।

## सीएम नीतीश कुमार से मिलने पहुंचे लालू यादव, क्या बिहार में होने वाला है कुछ नया

एजेंसी



**पटना।** लालू यादव और नीतीश कुमार की मुलाकात से बिहार में राजनीतिक हलचलें तेज हो गई हैं। सुबह-सुबह लालू यादव अचानक सीएम आवास पहुंच गए और मुख्यमंत्री से उन्होंने मुलाकात की। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या बिहार में कुछ बड़ा होने वाला है वहीं लालू प्रसाद यादव के मुख्यमंत्री आवास से निकलने के बाद बिजेंद्र यादव को भी मुख्यमंत्री आवास बुलाया गया है। पिछले एक सप्ताह के अंदर लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार के बीच यह दूसरी मुलाकात है। दो दिन पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राबड़ी आवास पर जाकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की थी। सूत्रों के अनुसार नीतीश और लालू के बीच कई मुद्दों को लेकर चर्चा हुई है। लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग का पेंच फंसा है। वहीं इंडिया गठबंधन के संयोजक को लेकर भी असमंजस की स्थिति है। कयास लगाए जा रहे हैं कि दोनों की मुलाकात में इन तमाम मुद्दों पर चर्चा हुई है। बिहार में महागठबंधन की सरकार चल रही है। हाल ही में सीताराम येचुरी भी नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव से मुलाकात कर चुके हैं और डी राजा भी लालू प्रसाद यादव से मिले थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चाहते हैं कि जल्द से जल्द सीट शेयरिंग का मामला सुलझ जाए। बिहार में भी कांग्रेस और वामपंथी दलों की ओर से अधिक सीटों की मांग हो रही है। ऐसे में सीटों को लेकर पेंच फंसने की आशंका है क्योंकि नीतीश कुमार को अपनी सीटिंग सीट में से कुछ छोड़ना पड़ सकता है। वहीं कुछ लोकसभा सीटों को बदलने के लिए भी तैयार होना पड़ेगा। सूत्रों के अनुसार नीतीश कुमार कई मुद्दों को लेकर नाराज चल रहे हैं। इनमें सबसे बड़ा मुद्दा विपक्षी गठबंधन इंडिया में सीट शेयरिंग और अहम जिम्मेदारी देने को लेकर है। साथ ही बिहार में कई बड़े निर्णय अटके हैं। उनमें से एक बिहार के नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा देना है। वहीं महिला आरक्षण बिल भी एक अहम मुद्दा है।

## पाटलिपुत्र और गया के बीच पितृपक्ष मेला स्पेशल ट्रेन

एजेंसी




**पटना।** गया में आज से पितृपक्ष मेला की शुरूआत हो गई है। पितृपक्ष के मौके पर देश के विभिन्न राज्यों से लोग गयाजी में पहुंचकर अपने पूर्वजों का श्राद्ध कर्म करते हैं। बिहार के भी लोग कोने-कोने से गया में पहुंचकर कर्मकांड पिंडदान करते हैं। लोगों को गया पहुंचने में असुविधा न हो इसको ध्यान में रखते हुए पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन की तरफ से अलग-अलग रूटों पर स्पेशल ट्रेन चलने का निर्णय लिया गया है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि गया में लगने वाले पितृपक्ष मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए पाटलिपुत्र और गया के बीच गाड़ी संख्या 05553, 05554 पाटलिपुत्र-गया-पाटलिपुत्र पितृपक्ष मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। इस स्पेशल ट्रेन का परिचालन 29 सितंबर से 14 अक्टूबर तक प्रतिदिन होगा। उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 05553 पाटलिपुत्र-गया पितृपक्ष मेला स्पेशल ट्रेन पाटलिपुत्र से रोज सुबह साढ़े दस बजे रवाना होगी जो दोपहर दो बजे गया स्टेशन पहुंचेगी। वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 05554 गया-पाटलिपुत्र स्पेशल ट्रेन भी 14 अक्टूबर तक रवाना होगी। यह ट्रेन गया से रोज दोपहर में 14.45 बजे रवाना होगी जो संध्या 18.25 बजे पाटलिपुत्र पहुंचेगी।

▶▶ पितृपक्ष मेला स्पेशल ट्रेन यहां होगा स्टॉपेज : अप एवं डाउन दिशा में यह स्पेशल ट्रेन पाटलिपुत्र और गया के बीच फुलवारीशरीफ, पटना, पुनपुन, पोठही, तारेगना, जहानाबाद, मखदुमपुर, गया और बेला स्टेशनों पर रूकेगी।

## क्षेत्रीय गठबंधन दलों को सूचना नही मिलने से नाराज — संजय यादव पूर्व विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** कल झारखंड राज्य सरकार के मंत्री और इण्डिया गठबंधन के कांग्रेस नेता और मंत्री आलमगीर आलम अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गोड्डा पहुंचे और जनसुनवाई अभियान कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए गोड्डा क्षेत्र की जनता की समस्याएं को सुनकर उनका आवेदन भी लिया। जन समस्याओं के समाधान हेतु उन्होंने बताया कि करीब अभी तक 90 जन समस्याएं आई हैं जिनपर हमलोग डीसी से बात कर इन समस्याओं का निदान करेंगे। इस कार्यक्रम को कांग्रेस पार्टी के निजी कार्यक्रम के तौर करने से अन्य इंडिया गठबंधन की मुख्य पार्टी जेएमएम और आरजेडी को नही सूचना देने से गठबंधन कमजोर होगा जबकि ये लोक सभा के चुनाव को लेकर तैयारी थी उनके साथ महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह भी कार्यक्रम में उपस्थित थी। लेकिन पोडैया हाट विधायक प्रदीप यादव की अनुपस्थिति भी बहुत शंकाओं को जन्म देती है जबकि कांग्रेस के दिग्गज नेता इस क्षेत्र के हैं। आ.एन.डी.आई.ए गठबंधन के अन्य राजनीतिक क्षेत्रीय दलों जिनमे, राजद के क्षेत्रीय नेताओं को जिले में इस कार्यक्रम में आमंत्रण या सूचना नही दे गई जिस पर राजद नेता पूर्व गोड्डा विधायक संजय यादव ने एक प्रेस से वार्ता करते हुए कहा ये दुर्भाग्य है कि कांग्रेस के मंत्री का गोड्डा आकर कार्यक्रम में भाग लेते हैं लेकिन जेएमएम और आरजेडी के कार्यकताओं को न सूचना देते हैं न आमंत्रण। जबकि गठबंधन धर्म का पालन हर पार्टी को करना चाहिए था लोक सभा चुनाव क्या अकेले कांग्रेस लड़ेगी। इस संबंध में कांग्रेस के राज्यस्तरीय शीर्ष नेतृत्व से भी बात होगी और समाचार माध्यमों के द्वारा भी आप लोग इसे वहां तक पहुंचाए।

## मंडल रेल प्रबंधक कोल एवं पत्थर लोडिंग सीडिंग का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाकुड़।** नव पदस्थापित मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने अपने प्रथम निरीक्षण के क्रम में स्पेशल ट्रेन से पाकुड़ आए और पाकुड़ कोल साइडिंग पत्थर लोडिंग स्लाइडिंग का एवं तय सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस क्रम में उनके साथ वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक राजीव रंजन, वरिष्ठ मंडलीय अभियंता राजीव कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुजीत कुमार सिन्हा, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता एस चंद्रा, यातायात निरीक्षक ज्योतिर्मयी साहा, स्टेशन प्रबंधक लखीराम हेम्ब्रम सहित कनिय पदाधिकारी भी मौजूद रहे। पाकुड़ यार्ड एवं सिख लाइन शेड का निरीक्षण करते हुए सभी कर्मचारियों से भी मिले एवं उनकी समस्याओं को सुना इसके बाद क्रु लॉबी का निरीक्षण किया। जिसमें सभी प्रकार की जांच करते हुए मुख्य लोको पर्यवेक्षक को सुरक्षा के साथ परिचालन के लिए सख्त निर्देश दिए। इसके उपरांत मंडल रेल प्रबंधक हावड़ा ने विशिष्ट अतिथि कक्ष में पत्थर व्यवसायियों, कोल कंपनी के पदाधिकारी के साथ मुलाकात कर बैठक किया एवं उनकी समस्याओं को गंभीरता के साथ सुना और समाधान का भरोसा दिया। इसके उपरांत ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हिसाबी राय एवं सचिव राणा शुक्ला ने शिष्टाचार मुलाकात की एवं यात्री सुविधाओं के संबंध में चर्चा किया। मंडल रेल प्रबंधक हावड़ा ने हावड़ा आने का आग्रह किया ताकि पूर्व में सौपें गए मांगों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया जा सके। मंडल रेल प्रबंधक हावड़ा ने पत्रकार वार्ता के क्रम में पत्रकारों के प्रश्न के उत्तर देते हुए कहा कि आपके द्वारा उठाए गए प्रश्नों में से जो कुछ भी मेरे अधिकार क्षेत्र में है उस पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के अध्यक्ष अखिलेश कुमार चौबे एवं सचिव संजय कुमार ओझा एवं ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने मिलकर रेल कर्मियों की समस्याओं को भी रखा जिस पर उन्होंने समाधान का भरोसा दिया।

### उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया ईद-मिलाद-उन-नबी

# पैगंबर साहब की जयंती पर पाकुड़ में निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाकुड़।** पाकुड़ में इस्लाम धर्म के प्रवर्तक पैगंबर मोहम्मद साहब की जयंती को ईद ए मिलाद उन नबी के रूप में मनाया गया। गुरुवार को पाकुड़ जिले भर में पैगंबर की याद में जुलूस निकाला गया।इस दौरान सरकार की आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा जैसे गगनभेदी नारे से सड़के गूंज उठी। पाकुड़ शहर सहित जिले भर में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा जुलूस निकाला गया। जगह-जगह सिरनी का वितरण किया गया। अनेक जगहों पर जुलूस पर फूल बरसा कर स्वागत किया गया। पाकुड़ शहर के विभिन्न मोहल्लों में चहल-पहल देखी गई।लोग एक दूसरे को बधाई देते दिखे। हाजी तनवीर आलम ने बताया पैगम्बर हजरत मोहम्मद पूरी दुनिया के रहनुमा बनकर आए थे। उन्होंने समस्त मानव जाति को अच्छाई के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया था। कहा कि मोहम्मद साहब ने दुनिया के इंसानों को मोहब्बत और अमन का पैगाम दिया। उनका जीवन सभी के लिए आदर्श है। अपने कार्य एवं व्यवहार से पैगंबर ने गैरों को भी अपना बना लिया।इस अवसर पर लोग आपस में भाईचारे के साथ पैगम्बर मुहम्मद की जन्मदिन मनाते हैं। पैगंबर साहब के जन्मदिन पर विश्व समुदाय के सलामती की दुआ मांगी गई है व कुरान की तिलावत की गई। पैगंबर मोहम्मद के उदघोष के साथ जुलूस निकाला गया। लोग हुजूर की आमद मरहबा, देखो मेरे नबी की शान। सहित अन्य उद्घोष लगाते साथ चले। इस दौरान तिरंगा और परचम भी लहराए। इस दौरान वैन में मक्का मदीना की झांकी भी साथ चली। वहीं जुलूस में मक्का-मदीना की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। नगर एवं ग्रामीण अंचलों में जश्न-ए-ईद-मिलादुन्नबी पर मस्जिदें रोशनी में नहा गयीं। वहीं शहर में निकाला गया जुलूस विभिन्न मार्गो पर होता हुआ अपने गंतव्य पर जाकर समाप्त हो गया। पुलिस प्रशासन के ओर से जुलूस को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने हर एंगल से नजर रखी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल, इंस्पेक्टर सह नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार एवं एसआई संतोष कुमार ने घूम घूम कर जुलूस के साथ सुरक्षा व्यवस्था को कायम रखा।

## मिट्टी का मकान धसने से एक ही परिवार के तीन सदस्य घायल

**मसलिया।** दुमका जिले के मसलिया थाना क्षेत्र के खुटोजोरी पंचायत अंतर्गत पाटनपुर गांव में गुरुवार देर शाम को मिट्टी का मकान धंसने से एक ही घर के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार परमेशोल टुडु का कच्चा मकान विगत दिनों के बारिश से दीवाल में नमी हो जाने के कारण अचानक धंस गया। जिसमें परमेशोल टुडु, पत्नी सुरुजमनी मरांडी व पुत्रवधु फुलमनी हेम्ब्रम दब गई। वहीं तीनों बच्चे बाल बाल बच गए। इस घटना में गृहस्वामी परमेशोल का माथा में गम्भीर चोट लगने से लहूलुहान हो गया। सुरुजमनी का दाहिना पैर पूरी तरह से चूरा गया है वहीं पुत्रवधु बेहोश हो गई है। ग्रामीणों को सूचना मिलते ही आनन फानन में मलबा को हटाकर तीनो को बाहर निकाला गया। वहीं 108 एम्बुलेंस को फोन लगाया लेकिन कोई जबाब नहीं मिला। खबर लिखे जाने तक घायलों को अस्पताल तक पहुंचाने की कोई सरकारी व्यवस्था नहीं हो पाई थी। परमेशोल ने बताया कि बेटा कालीश्वर टुडु घर पर नहीं है वह काम की तलाश में मुंबई गया हुआ है। पीड़ित परिवार पीएम आवास योजना से अबतक वंचित हैं।

## अज्ञात वाहन के ठोकर से महिला जख्मी, सड़क जाम

**दुमका।** जिले के जामा थाना क्षेत्र के दुमका भागलपुर मुख्यमार्ग पर मुसवाचक गांव के पास गुरुवार की शाम अज्ञात वाहन के ठोकर से एक महिला जख्मी हो गयी है। दुर्घटनाग्रस्त महिला को परिजनों ने उठाकर तुरंत फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां जख्मी महिला का इलाज जारी है। दूसरी तरफ दुर्घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने लगभग डेढ़ घंटे तक दुमका भागलपुर मार्ग पर आवागमन को बाधित किये रखा। सड़क जाम की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उत्तम कुमार पासवान, एसआई रविशंकर सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और लोगों को समझा बुझाकर जाम हटवाया। ग्रामीण सड़क पर ब्रेकर की मांग कर रहे थे। साथ ही जख्मी महिला बिटिया टुडु उम्र 60 वर्ष के इलाज के लिये सहायता राशि की मांग कर रहे थे। थाना प्रभारी द्वारा दिये आश्वासन के बाद जाम को हटाया जा सका। उक्त महिला बारापलासी के पास स्थित भौरा गांव की रहनेवाली बतायी जाती है। उधर सड़क जाम से सड़क के दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतार देखी गयी।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वृद्ध समेत दो की मौत

**दुमका।** जिले के जामा थाना क्षेत्र के पांदनपहाड़ी गांव के समीप बुधवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार 25 वर्षीय सुनील हेम्ब्रम की मौत हो गई। वही उसका साथी विशाल मरांडी गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि सोमवार की शाम लखीकुंडी के पास कार की टक्कर से घायल 75 वर्षीय नूर मोहम्मद शेख की बुधवार की रात वर्धमान से कोलकाता ले जाने के क्रम में मौत हो गई। गुरुवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दोनों शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजन के सुपुर्द कर दिया गया। दुधानी कुरुवा निवासी सुनील धनबाद में रहकर बीए तृतीय की पढ़ाई कर रहा था। कल शाम को वह लकड़जोरिया गांव के विशाल मरांडी के साथ घूमने के लिए चूटो नाथ की तरफ गया था। लौटने के क्रम में पांदन पहाड़ी के पास अज्ञात वाहन बाइक में ठोकर मारकर चला गया। जिसमें गंभीर रूप से घायल सुनील की मौके पर ही मौत हो गई।

## स्वदेशी जागरण मंच ने डीसी को किया सम्मानित

**देवघर।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में बुधवार को आर्ट ऑफ लिविंग एवं स्वदेशी जागरण मंच का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल देवघर उपायुक्त विशाल सागर से मुलाकात कर उन्हें संयुक्त रूप से राधा कृष्ण की तस्वीर एवं भागवत गीता की पुस्तक देकर सम्मानित किया। इस मुलाकात के दौरान सदस्यों ने अपने-अपने संगठनों द्वारा समाज हित में चलाए जा रहे सामाजिक गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी उनसे साझा की। मौके पर डीसी विशाल सागर भी उपस्थित सदस्यों से मिलकर खुश नजर आए। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को सामाज हित में हर संभव सहयोग करने का वचन दिया।

## पेज एक का शेष

### चाईबासा में धमाका ...

इसी टोंटो थाना क्षेत्र में पिछले अगस्त माह में नक्सलियों ने घात लगाकर हमला किया था, जिसमें एक सब इंस्पेक्टर और झारखंड जगुआर का एक जवान शहीद हो गया था। धमाके के बाद बड़ी संक्या में सुरक्षा बल के जवान पहुंचे और घायल जवानों को वहां से निकाला। प्राथमिक उपचार के बाद हेलीकॉप्टर से बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया। घोर नक्सल प्रभावित तुम्बाहाका सहित आसपास के क्षेत्रों में नक्सलियों ने आइइडी व स्पाइक होल बिछाकर रखा है। सर्च अभियान के दौरान अब तक सौ से ज्यादा आइइडी बम के अलावा स्पाइक होल को नष्ट किया जा चुका है। सुरक्षाबल लगातार अलाके में सर्च अभियान चला रहे हैं। इसी अभियान के दौरान गुरुवार को यह धमाका हुआ।

### कई जिलों में भारी...

मौसम विभाग ने भारी बारिश के असर के बारे में बताया है। साथ ही उसके प्रभाव को कम करने के लिए कुछ परामर्श भी जारी किए हैं।
**एक इन जिलों में होगी भारी वर्षा :** मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी करके कहा है कि गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ जिले में एक अक्टूबर को भारी वर्षा होने की संभावना है।
**तापमान में दर्ज की गयी गिरावट :** राज्य में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। तापमान 1.4 डिग्री सेल्सियस गिरा है। रांची का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। राज्य में सबसे अधिक तापमान पाकुड़ में दर्ज किया गया है जहां तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

### शहरी कचरे से...

की दिशा में काम कर रहा है। **वैकल्पिक जैव ईंधन पर भी काम :** उन्होंने कहा कि देश में वैकल्पिक जैव ईंधन क्षेत्र में एथनाल को महत्वपूर्ण भूमिका में लाने के लिए काम कर रहे हैं। देश में एथनॉल अर्थव्यवस्था को संचालित करना चाहते हैं। एथनॉल के इस्तेमाल से कृषि कार्यक्रम को बढ़ावा मिलेगा और एथनॉल की अर्थव्यवस्था से कृषि विकास को 6 प्रतिशत तक बढ़ावा मिलेगा। श्री गडकरी ने कहा कि भारत में दूरसंचार क्षेत्र लगभग 6 लाख मोबाइल टावरों का संचालन होता है और एक टावर सालाना लगभग 8,000 लीटर डीजल की खपत करता है। इस तरह से इन टावरों पर 250 करोड़ लीटर डीजल की खपत होती है जिस पर करीब 25,000 करोड़ रुपए हर साल खर्च होते हैं। एथनॉल से संचालित अब एक जनरेटर सेट विकसित कर लिया गया है और विश्वास किया जा सकता है कि आने वाले समय में जेनसेट उद्योग को केवल एथनॉल आधारित जनरेटर होंगे।

### मणिपुर हिंसा से...

परिजनों की हमेशा चिंता रही : रोशिबिना ने कहा, मेरे परिवार का कोई सदस्य या रिश्तेदार हिंसा से प्रभावित नहीं है लेकिन मेरा गांव पिछले लगभग पांच महीने से उबल रहा है। मणिपुर मई से मुश्किल में है। कभी भी कुछ भी हो सकता है। इसलिए मैं अपने माता-पिता और भाई-बहनों को लेकर चिंतित हूं। चार महीने से अधिक समय से रोशिबिना के आसपास के लोग उन्हें हिंसाग्रस्त मणिपुर में उस संघर्ष से बचाने की कोशिश कर रहे हैं जिसका सामना उनके परिवार को करना पड़ रहा है जिससे कि वह अपने खेल पर ध्यान केंद्रित कर सकें। यह रणनीति काम कर गयी जब उन्होंने वुशु की सांडा 60 किग्रा स्पर्धा में रजत पदक जीता।
मणिपुर में तीन मई से शुरू हुई जातीय हिंसा में 180 से अधिक लोगों की मौत हो चुक है जबकि कई सौ लोग घायल हुए हैं। राज्य में अधिक जनसंख्या वाले मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग के खिलाफ निकाले गए ह्यआदिवासी एकता मार्च' के बाद हिंसा शुरू हुई। मैतेई समुदाय से ताल्लुक रखने वाली रोशिबिना ने कहा, हिंसा नहीं रुकी है, यह सिर्फ बढ़ ही रही है। इसे रोकना बहुत जरूरी है।

